संसेक्स 73,903.91 ▲ -110.64
डॉलर 83.413 ▼ +0.040

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 36.0 | 21.0 | 32.0 |
| धनबाद | 38.0 | 22.0 | 35.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 23.0 | 39.0 |
| पलामू | 38.0 | 20.0 | 34.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 9, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 03 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 165, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत ... 8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
बीजेपी-जेडीएस एकजुट होकर ...12 देश/विदेश




## देश के वीर सपूत बिपिन रावत का अपमान करने वाली कांग्रेस से नहीं की जा सकती देशभक्ति की अपेक्षा

# भारत को अराजकता में झोंकना चाहती है कांग्रेस, घुसपैठियों को दे रही बढ़ावा : मोदी

**देहरादून (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती है। कांग्रेस ने देश के वीर सपूत स्व. बिपिन रावत तक का अपमान किया था। ऐसी कांग्रेस से देशभक्ति की अपेक्षा नहीं की जा सकती। देवभूमि पर रुद्रपुर में मंगलवार को आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। जब भाजपा सीएए के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग भी जानते हैं कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से जो शरणार्थी



आए हैं, उनमें से अधिकतर दलित परिवार हैं, सिख परिवार हैं, बंगाली परिवार हैं, लेकिन कांग्रेस इन लोगों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

**कांग्रेस कमजोरी न दिखाती तो भारत की सीमाओं पर नजर डालने की किसी की हिम्मत न होती :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की धरती का संबंध गुरु नानक देव, गुरु गोविंद सिंह और उदासी संत गुरु रामराय से है। कांग्रेस ने देश का ऐसा बंटवारा किया कि गुरु नानक की जन्मस्थली भी हमसे छिन गई। जबकि भाजपा सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनाकर लोगों की जिंदगी आसान की है। कांग्रेस कमजोरी न दिखाती तो भारत की सीमाओं पर नजर डालने की किसी की हिम्मत न होती।

**देश के सीमावर्ती गांव कांग्रेस के लिए आखिरी गांव, लेकिन भाजपा के लिए प्रथम गांव :** कांग्रेस ने कैसे अपने हाथों से मां भारती के टुकड़े किए, इसका एक और ताजा उदाहरण देश के सामने आया है। तमिलनाडु के पास एक कच्चाथीवू द्वीप है। वो द्वीप भारत का हिस्सा था, लेकिन कांग्रेस ने उसको श्रीलंका को दे दिया। अब इस द्वीप के आसपास भी कोई भारतीय मछुआरा गलती से चला जाता है तो उसे शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा कार्यकर्ता 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस : नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 06 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाने की अपील की है। मोदी मंगलवार को नमो ऐप के माध्यम से बिहार के भाजपा कार्यकताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं और सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। उन्होंने कहा कि 06 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है। इस अवसर आप अपने बूथ पर एक सम्मेलन करें। पुराने लोगों से बात करें और जंगलराज के समय का उनसे उनका अनभुव पूछें कि क्या दिक्कतें होती थीं और अब जो एनडीए सरकार में विकास हुए हैं इस बारे में भी उनसे बात करें और उनको विकास योजनाओं के बारे में बताएं। बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए शेष पृष्ठ 11 पर

## गढ़वा डीसी कार्यालय के किचन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

# फ्रीज और सोफा क्षतिग्रस्त





**गढ़वा।** मंगलवार की दोपहर करीब पौने चार बजे समाहरणालय स्थित उपायुक्त शेखर जमुआर के कार्यालय के किचन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें एक फ्रीज जल गया। वहीं सोफा का कुछ भाग जल गया है। आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है। जिस समय आगजनी की घटना घटी। उस समय डीसी लंच पर अपने आवास गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी समाहरणालय के कार्यालय कर्मियों ने बताया कि डीसी लंच के लिए आवास निकले थे। कार्यालय कर्मी कार्यालय व आसपास ही थे। इसी दौरान डीसी के चेंबर के अंदर स्थित किचन (छोटा कमरा) से अचानक धुआं निकलने लगा। कार्यालय कर्मी दौड़ कर अंदर प्रवेश किए तो देखा कि आग लगी हुई है। बिना देरी किए कार्यालय में लगे अग्निशामक यंत्र से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान दमकल को भी सूचना दी गई। पंद्रह मिनट के अंदर दमकल भी कार्यालय में पहुंची जिसके बाद आग को पूरी तरह से बुझाया गया। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि चेंबर के अंदर छोटे से कमरा में चाय बनाने की व्यवस्था रखी गई है। उसी कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग पकड़ लिया। कर्मियों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। एक फ्रीज जल गया है। वहीं सोफा के कुछ भाग भी जला है। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है और ना ही किसी प्रकार के कागजात को क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि रात में आग लगी होती तो बड़ी घटना घट सकती थी। हालांकि आगजनी के दौरान समाहरणालय परिसर में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 68,620
चांदी (किलो) 76,850

## एक नजर

### केन्द्रीय चुनाव आयोग ने देवघर एसपी को हटाया

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पर कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार से इन्हें हटाने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग के द्वारा यह निर्णय गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा की गई लिखित शिकायत के बाद की गई है। देवघर एसपी को हटाए जाने का आदेश सरकार को भेज दिया गया है। साथ ही नये एसपी के लिए राज्य सरकार से पैनल मांगा है। नये एसपी पर निर्वाचन आयोग ही मुहर लगायेगा।

# झारखंड में अवैध या काले धन का प्रवाह-प्रसार रोकने के लिए आयकर विभाग ने बनाई रणनीति

- **लोग कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18003455018 और व्हाट्सएप नंबर 9693510277 पर अवैध या काला धन के संबंध में सूचना**
- **चुनाव में अवैध रकम के इस्तेमाल के खिलाफ झारखंड में अभियान, एक हफ्ते में 43 लाख से ज्यादा जब्त**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में अवैध रकम के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे छापामारी अभियान में बीते 24 घंटे के भीतर गिरिडीह और जमशेदपुर में अलग-अलग स्थानों से करीब 15 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। एक हफ्ते के अंदर राज्य के अलग-अलग इलाकों में वाहनों की चेकिंग में करीब 43 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। सभी मामलों में आयकर विभाग की ओर से जांच शुरू की गई है। गिरिडीह में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गठित टीम और सरिया थाने की पुलिस ने मंगलवार को सरिया बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक की डिक्की से चार लाख 45 हजार रुपए बरामद किए। बाइक मालिक सरिया निवासी झरी मंडल ने कहा कि वह बैंक में रुपए जमा करने जा रहा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। उधर जमशेदपुर में बीती रात पटमदा प्रखंड में एक चेक प्वाइंट पर एक गाड़ी से पांच लाख 51 हजार जब्त किए गए। इसके पहले इसी जिले के धालभूमगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में 4 लाख 61 हजार रुपए बरामद किए गए। बता दे कि बीते 29 मार्च को लातेहार में पुलिस ने एक कार से 22 लाख रुपये जब्त किए थे। इसी तरह 27 मार्च को दुमका में एक कार से 11 लाख 28 हजार नगद बरामद किए गए। लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में अवैध या काले धन का प्रवाह-प्रसार रोकने के लिए आयकर विभाग ने खास रणनीति तैयार की है। पुलिस भी इसे लेकर लगातार अभियान चला रहा है। आयकर विभाग ने अवैध तरीके से नगदी इधर-उधर ले जाने की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दस्ते बनाए हैं। रांची स्थित मुख्यालय में 24 घंटे कार्य करने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है। लोग कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18003455018 और व्हाट्सएप नंबर 9693510277 पर अवैध या काला धन के संबंध में सूचना दे सकते हैं।

# नशे के कारोबार पर झारखंड हाई कोर्ट सख्त

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं उन्हें चिन्हित किया जाये और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। कोर्ट ने कहा कि रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? शहर के कई शैक्षणिक संस्थान के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नशे का प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कोर्ट के संज्ञान में यह बात आयी कि रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर और गांजा आदि का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते 16 मार्च, 19 मार्च और 21 मार्च को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर और गांजा आदि की बिक्री करने वालों की गिरफ्तारी की गयी। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में शेष पृष्ठ 11 पर

## कोर्ट ने निगम के जवाब पर असंतुष्टि जाहिर की, ट्रैफिक एसपी से कल तक मांगा जवाब



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में सड़क जाम और ट्रैफिक के खराब सिस्टम पर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को एक पीआईएल पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस और रांची नगर निगम की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं और इस मामले में जवाब देने के लिए रांची के ट्रैफिक एसपी को बुधवार को सशरीर उपस्थित होने को कहा है। अदालत ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा कि शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है? ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों हैं? मेन रोड, कोकर एवं अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गई? ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस क्यों नहीं सस्पेंड किए जाते हैं? इसपर रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि पहले की तुलना शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच




समय : 03 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : विशाखापटनम

## आजकल




## 16 साल से फरार वांटेड हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू गिरफ्तार

**गिरिडीह।** पुलिस 16 साल से फरार वांटेड हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को गांडेय थाना अंतर्गत ओझाडीह गांव से मंगलवार की सुबह दबोचने में सफल रही। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को यह सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सनातन टुडू अपने गांव आया हुआ है। इसी एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौसर अली के नेतृत्व में पीरटांड़ थाना प्रभारी ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर नक्सली सनातन टुडू को दबोच लिया। सनातन पिछले 16 साल से फरार था। इसके खिलाफ पीरटांड़ में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज है।



रामनवमी का निकाला गया पहला मंगलवारी जुलूस, जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा पलामू।

## गिरिडीह पुलिस ने 24 घंटों में जब्त किए 15 लाख नकदी

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह जिले की पांच थानों की पुलिस ने पिछले 24 घंटों में एसपी के निर्देश पर 15 लाख से अधिक नकदी बरामद की है। सरिया थाना पुलिस ने मंगलवार 04 लाख 45 हजार नकद रुपये बरामद किया। इसके कुछ देर बाद सरिया थाना पुलिस ने दो लाख रुपये बरामद किए। इससे पहले सोमवार को गिरिडीह की मुफ्फसिल थाना पुलिस ने भी एक गाड़ी से ढाई लाख नकद बरामद किया। जिले के देवरी थाना पुलिस को भी गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती इलाके से 01 लाख 75 हजार नकद रुपये बरामद करने में सफलता मिली है।

# पूर्व मंत्री और भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह राजद में शामिल



**रांची।** पूर्व मंत्री और भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह फिर से राजद में शामिल हो गए हैं। बिहार प्रदेश राजद कार्यालय पटना में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने गिरिनाथ सिंह को राजद की सदस्यता देकर घर वापसी करवाया। झारखंड प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि गिरिनाथ सिंह संयुक्त बिहार में मंत्री और झारखंड प्रदेश राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। गिरिनाथ सिंह की घर वापसी हुई है। इनके राजद में पुनः वापस आने से पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल और मजबूत होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार सहित अन्य कई नेताओं ने गिरिनाथ को बधाई दी।

## इंडिया

# ग्लैमर की राजनीति में उत्तर फ्लॉप दक्षिण हिट को बदलेंगी कंगना ?



सुनील बादल

**भारत** में धर्म, जाति के बाद जो हिट फॉर्मूला सर पर चढ़कर बोलता है वह है ग्लैमर या फिल्मों का। इसीलिए पारंपरिक वोट बैंक से विकास की राजनीति के सहारे सत्ता पाने का प्रयास कर रही पार्टियां तक अंत पंत फिल्मी सितारों के सहारे भीड़ बढ़ाती हैं ।राजनीति की शून्य समझ रखने वाले हिंदी फि ल्म/टीवी जगत के आकर्षक अभिनेता,अभिनेत्री कई बार जीतकर भी कुछ नहीं कर पाते जैसे गोविंदा,सनी देओल या धर्मेंद्र,और मनोज तिवारी या टिकट ठुकराने वाले पवन सिंह कई बार जगहंसाई के पात्र बनते हैं पर दक्षिण के फिल्मी सितारों का जादू सर पर चढ़कर बोलता है जयललिता,रजनीकांत,एनटी रामाराव से लेकर चिरंजीवी तक । पर अभी हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है। बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने करियर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे ।कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चितताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की



उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें अन्यथा उनका भी हाल दूसरे सितारों जैसा होगा। राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है। यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली। खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।' वैसे कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्विटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा, जो एक सफल राजनीतिज्ञ बनने के लिए अनिवार्य है ।सबसे बड़ी बात राजनीति में लिखे हुए डायलॉग नहीं होते अपना व्यक्तित्व होना चाहिए जिसमें कंगना दक्ष तो नहीं पर सक्षम जरुर हैं । उनकी सफलता से एक नई शुरूआत भी होगी क्योंकि वे स्मृति ईरानी की तरह वाकपटु भी हैं।

## राहुल गांधी आज वायनाड से करेंगे नामांकन



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं। राज्य भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस नेता पर निर्वाचन क्षेत्र शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### हाइवा के धक्के से युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य रोड के पटेल चौक के समीप हाइवा के धक्के से गुड्डु साव नामक 40 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चउआ चट्टान गांव निवासी शंकर साव का पुत्र है। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता हैं कि वह पैदल सड़क पार कर रहा था, उसी क्रम में हाइवा से धक्का लग गया। चिकित्सक के अनुसार उसके पैर की हड्डी टूट गई हैं। घटना के बाद हाइवा को छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है।

### हरिहरगंज में रामनवमी पूजा की तैयारी शुरू

**हरिहरगंज।** शहर में रामनवमी पूजा की तैयारी मंगलवार से प्रारंभ हो गई है। पूजा समिति के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर महावीरी झंडे लगाए जा रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं से धन संग्रह का कार्य भी शुरू कर दिया है। आयोजकों ने बताया कि बिहार सीमा से लेकर शहर से गुजरने वाली एनएच 98 के दोनों ओर हर दुकान व घर पर महावीरी झंडे लगाए जाएंगे। वहीं रामनवमी पूजा समिति के सदस्य समारोह की तैयारी में जुट गए हैं। समिति द्वारा शहर को झंडों से पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर सन्नी गुप्ता, चंदन जायसवाल, पवन कुमार, साकेत कुमार, अमीत कुमार, करन राजीवर, बब्लू सहित समिति से जुड़े युवा काफी उत्साह के साथ कार्य में लगे हुए हैं।

### फाइनल प्रकाशन के बिना ही जबरन काम करने को तैयार है प्रशासन

# रैयत का विरोध, बिना मुआवजा नहीं होगा काम

#### भू अर्जन प्रक्रिया में लेट होता है : अंचल अधिकारी


सीओ से बात करते उप प्रमुख धर्मवीर सिंह मुखिया प्रतिनिधी महाराणा प्रताप सिंह व रैयत कुश सिंह सुनील सिंह रविन्द्र सिंह व ग्रामीण।

नवीन मेल संवाददाता

**पड़वा।** जिस जमीन का 3ए में प्रकाशन ही नहीं हुआ और ना रैयत को नोटिस मिला है। बावजूद फॉर लेन बना रही कंपनी, पुलिस और प्रशासन के बल पर जबरजस्ती काम करने देने का दबाव दिया जा रहा। घटना मंगल वाला की है। कजरी गांव के खाता नंबर 115 प्लॉट नंबर 628 कुल रकबा 66 डीसमिल सरधन के नाम से रैयती जमीन है। सरधन के वंशज कुश सिंह का कहना है कि इनके जमीन का 3ए प्रकाशन नहीं हुआ है ना इन्हे भू अर्जन विभाग से नोटिस प्राप्त हुआ है। इस परिस्थिति में वे अपने जमीन पर कार्य नहीं होने देंगे। बताया कि यह प्लॉट शुरू फॉर लेन के लिए सर्वे हो रहा था छूट गया। जिस कारण 3जी नहीं हुआ और ना ही इन्हें भू-अर्जन से नोटिस मिला। इनका कहना है कि काम के शुरूआत में ही इन्होंने काम नहीं करने के लिए विरोध किया था। तब काम करा रही भारत वाणिज्य के अधिकारी और अंचल के अधिकारीगण ने कहा की अभी शुरूआती काम होने दीजिए जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक कालीकरण नहीं किया जाएगा। इसके बाद 6 महीना बीत जाने के बाद भी रैयतो को ना तो मुवावजा मिला ना ही नोटिस। इसी बीच मंगलवार को दर्जनों पुलिस बल के साथ अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी और फॉर लेन कार्य कर रही कंपनी के अधिकारी आदित्य कुमार और शर्मा जी कालिकरण करने के लिए मशीन के साथ प्लॉट पर पहुंच गए। जिसे लेकर ये लोग काम को रोक दिया। रैयत रविन्द्र सिंह का कहना है कि अभी तक उन्हें नोटिस नही मिला है। अंचल प्रशासन द्वारा बार-बार बताया जाता है कि 3जी के लिए भू-अर्जन विभाग को भेजा गया है। इनका कहना है कि जो सरकार द्वारा मुआवजा निर्धारित किया गया है उसका भुगतान कर दिया जाय। उसके बाद काम करें। इन्हे फिर इस जमीन से कोई मतलब नहीं रहेगा। इधर फॉर लेन कार्य कर रही कंपनी के कल-छल और बल से रैयत परेशान हैं। समाचार लिखे जाने तक जबरन कार्य करने के लिए पुलिस प्रशासन और कंपनी की मशीन स्थल पर मौजूद थे।

#### क्या कहते हैं अंचल अधिकारी

पड़वा अंचल अधिकारी हलधर सेठी ने बताया कि शुरूआती जब 3जी हो रहा था तब इनका प्लॉट छूट गया है। बाद में 3ए प्रकाशन के लिए विभाग को भेजा गया है। सरकारी प्रक्रिया में समय लगता है। रैयतों द्वारा विरोध को लेकर बताया कि जैसा ऊपर अधिकारी से निर्देश प्राप्त होगा वो किया जाएगा।

### हुसैनाबाद प्रखंड के कई पंचायतों में लाभुकों ने

## अबुआ आवास योजना में नाम हटाने का किया विरोध



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के प्रखंड में अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों का नाम हटाने का विरोध तेज होने लगा है। इस संबंध में मंगलवार को पोलडीह पंचायत के अलीनगर गांव समेत कई गांव के दर्जनों महिलाओं ने प्रखंड प्रमुख व बीडीओ को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि अबुआ आवास के चयन सूची में मेरा नाम था जिओ टैग भी हुआ था, लेकिन अंतिम सूची में पंचायत सेवक द्वारा मेरा नाम हटाकर दूसरे का नाम जोड़ दिया गया है। जबकि अबुआ आवास के सभी अहर्ता को मैं पूरा करता हूं। दिए गए आवेदन में मामले की जांच कर उचित पहल करने की मांग की गई है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अबुआ आवास में धांधली बरतते हुए सूची से योग्य लाभुक का नाम हटाकर दूसरे लाभार्थी का नाम जोड़ने के कई मामले सामने आ रहे हैं। इस मामले को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। आवेदन देने वालों मे मीना देवी,सुनैना कुंवर, लालमती कुंवर,नीलम देवी, सामरिया देवी,सकुंती देवी,शर्मिला देवी,भगिया देवी,रीता देवी, मालती देवी,सोना देवी आदि का नाम शामिल हैं। इसकी प्रतिलिपि पलामू उपायुक्त और हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी को भी दी गयी है।

### हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में तीन दिनों में छह घंटे भी नहीं मिली बिजली

# विभागीय उदासीनता से उपभोक्ताओं की उड़ी नींद



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के क्षेत्रों में गत शनिवार की शाम अचानक आई तेज आंधी के बाद बिजली का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। इन क्षेत्रों में तीन दिनों में छह घंटे भी बिजली नहीं मिलने से रात में चैन की नींद भी छीन गई है। इस स्थिति में गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। ताइद संघ के उपाध्यक्ष संजय कुमार, गुरुप्रताप साहिदेव, संतन चौधरी, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, अनूप कुमार सिंह, ज्ञानी कुमार, कनिष्क कुमार, राजेश्वर मेहता सहित कई उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली से पंखा, कूलर, इनवर्टर सब फेल हो चुके हैं। गर्मी के प्रारंभ में ही बिजली की मगजमारी भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या के प्रति विभिन्न दलों के राजनीतिज्ञों के मुंह बंद है। उन्होंने कहा कि इसके लिये आंदोलन करने, जाति व पार्टी के नाम पर वोट मांगने व कन्नी काटने वाली जनता भी दोषी हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो 132 केवीए मेन लाइन का तीन टावर आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे जपला के पचंबा ग्रिड को बिजली कम मिल रही है। इसे लेकर जेवीएनएल के अधिकारियों से रांची में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बात कर अविलंब बिजली व्यवस्था में सुधार लाने को कहा तो अधिकारियों ने उन्हें बताया कि ध्वस्त टावर खड़ा होने तक यह समस्या रहेगी। टावर गिरने की वजह हुसैनाबाद समेत पलामू गढ़वा के कई हिस्सों में बिजली का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। फिर भी वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार रात से इसमें कुछ सुधार होने की संभावना है।

## शहर के वैद्य बिगहा मुहल्ला में चल रहे महुआ शराब भट्ठी को पुलिस ने ध्वस्त किया



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के वैद्य बिगहा मुहल्ला में अवैध शराब के तीन कारोबारियों के घर पर छापामारी की गई। जहां से जमीन में गाड़ कर रखा हुआ करीब एक सौ लीटर महुआ शराब तथा पांच क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया। पुलिस ने शराब, जावा महुआ तथा शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि वैद्य बिगहा मुहल्ला में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब कारोबारी अपने घरों को बंद कर भाग गए थे। चहारदीवारी फांद कर घर के अंदर जाने पर पक्की जमीन में प्लास्टिक ड्रम गाड़ कर उसमें रखा गया महुआ शराब तथा जावा महुआ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गृह स्वामी की पहचान कर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। साथ ही अवैद्य शराब निर्माण तथा व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। छापामारी में एस आई डी के गोप, एएसआई मनोज दास तथा पुलिस बल शामिल थे।

## अगलगी पीड़ित परिवार से मिले पांकी विधायक, दी सांत्वना



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने अगलगी पीड़ित परिवार से उनके घर जाकर मिले और सांत्वना दिए। विधायक श्री मेहता ने पांकी सीओ को फोन कर पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर से मिलने वाले मुआवजे की राशि दिलाने को लेकर निर्देशित किया। बता दें कि पांकी थाना क्षेत्र के होईयो गांव में राजकुमार सिंह खरवार के घर में आग लग गयी थी और उनको काफी नुकसान हुआ था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद वो उनसे मिलने पहुंचे थे। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, कमेश यादव, सुदेश यादव, योगेन्द्र उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## गर्मी के दिन शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्र में पानी की संकट

#### श्री महाबीर मंडल के पुनर्गठन में अभिराज बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** श्रीराम मंदिर हैदरनगर में पारंपरिक रामनवमी पूजा पूरे उमंग के साथ मनाने के लिये श्री महावीर मंडल, बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के युवा सदस्यों की संयुक्त बैठक में मंडल समिति का पुनर्गठन कर कई नये युवा सदस्यों को शामिल कर सूची जारी कर दी गई है। इसमें अभिराज गुप्ता अध्यक्ष, राहुल सिंह उपाध्यक्ष, विवेक कुमार अग्रवाल सचिव, सोनल सिंह उपसचिव, विरेन्द्र सोनी कोषाध्यक्ष, लड्डू गुप्ता उपकोषाध्यक्ष, पवन जयसवाल संयोजक, मुकेश कुमार मेहता उप संयोजक, गौरव सोनी व सचिन मोदनवाल सूचना मंत्री व मीडिया प्रभारी उत्तम दास मनोनीत किये गये हैं। जबकि संरक्षक पद पर पूर्ववत संतोष कुमार सिंह बने रहेंगे। इसके अलावे वरीय सक्रिय कार्यकारणी सदस्यों में सोनू व मिंटू सोनी, अंशु व सुदर्शन अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, मनीष ठाकुर, वल्लू, किशन, धिरज, टुनटुन, विष्णु, गोलू, राजू, दीपक व संतोष गुप्ता, बिट्टू व पिंटू जयसवाल, मोनू कश्यप, सुदर्शन लाल को शामिल किया गया है। अध्यक्ष अभिराज ने बताया कि श्री रामनवमी पूजा महोत्सव चौक बाजार हरिनगर की ओर से पूरे उत्साह व पारंपरिक प्रभात फेरी, दुगोला चैता कार्यक्रम, बाइक जुलूस व नगर भ्रमण सहित विभिन्न झांकियों के प्रदर्शन के साथ भव्य विसर्जन जुलूस संपन्न कराया जायेगा। बैठक में शामिल डॉ. अजय जयसवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, संतन चौधरी, भारद्वाज दास ने समिति के लिये गये प्रस्ताव का समर्थन किया।

## पाण्डेयपुरा गांव में गर्मी शुरू होते ही जल संकट, ग्रामीण परेशान



#### मुखिया और पंचायत सेवक दिखावा कर 15वीं वित्त का मेंटेनेंस खर्चा का दोहन

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** गर्मी का मौसम का शुरूआत हो चुका है। बढ़ती हुई गर्मी में लोग पानी की समस्या से जूझते रहते हैं। ऐसे में एक पाटन प्रखंड के राजहारा पंचायत के पाण्डेयपुरा गांव में 6 महीना से 3 लाख की लागत से लगा जलमीनार खराब पड़ा हुआ है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। पूर्व मुखिया ने यह जलमीनार 15वीं वित्त की योजना से निर्माण कराया था। जो की इस जल मीनार का मेंटेनेंस 15वीं वित से दो बार कराया गया, लेकिन अभी तक ठीक ढंग से जल मीनार से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। चापाकल से कनेक्ट किया हुआ जल मीनार, जो की सिर्फ दिखावा के लिए ही लगाया गया है। इस जल मीनार से 20 घरों के लोग पानी से लाभान्वित होते थे जो कि पानी से वंचित रह जा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बार-बार जल मीनार को ठीक करवाने के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन मुखिया के द्वारा सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहता है। राजहारा पंचायत के कई जगहों पर चापानल व जल मीनार ग्रामीण अपने से पैसा जमा कर सरकारी योजनाओं पर खर्च कर बनवाते हैं, जिसकी वाह-वाही पंचायत के प्रतिनिधि लूटते हैं। इस संबंध में कोई भी पीएचडी के अधिकारी मरम्मत या देखभाल को नहीं आते है। जलमीनार में लगे कनेक्शन की वजह से चापाकल भी खराब हो गया है। ग्रामीण दूर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाते हैं।

## शांति निकेतन के कई बच्चे नवोदय विद्यालय के लिए चयनित, अभिभावकों व शिक्षकों में हर्ष



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्थानीय एसपी कोठी रोड स्थित शांति निकेतन रेजिडेंशियल स्कूल के कुछ बच्चों ने चयनित होने में सफलता प्राप्त की है। इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों के साथ अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है। स्कूल के निदेशक सुमंत सिंह ने प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के अभय कुमार, अभिषेक कुमार, अमृता कुमारी, आयुष रंजन, रितिक टोप्पो, शिवम प्रजापति और शुभम कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय छात्रों के अथक परिश्रम व अध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि इनकी सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने सफल छात्रों का उत्साहवर्द्धन करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री सिंह ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक बच्चों का नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल व नेतरहाट विद्यालय में प्रवेश हो सके।

## विद्यालय बना गौशाला, भवन अधूरा बच्चों की उपस्थिति सिर्फ कागजों पर

**नौडीहा बाजार।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के पंचायत हुटूकदाग के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टुकवाटाड़ के मात्र एक विद्यालय है जो 2008-09 में विद्यालय निर्माण के लिए स्वीकृति दी, तब से सरकार के द्वारा भवन निर्माण, शौचालय, किचन अन्य निर्माण के लिए लाखों रुपए मिले, लेकिन विद्यालय सचिव प्रदीप कुमार पाठक के द्वारा जैसे तैसे अधूरा निर्माण कर लाखों रुपए गबन किया गया। दुर्भाग्य है कि विद्यालय में आज भी बच्चों की उपस्थिति सिर्फ कागजों पर है। विद्यालय में पशु बंधे हुआ मिले। मेनू चार्ट के तहत ना भोजन बनता है और नहीं विद्यालय विकास फेड की राशि खर्च की गई है। विद्यालय खंडहर में तब्दील हो गया है। शौचालय जर्जर होने के साथ - साथ गंदगी से भरा हुआ है। विद्यालय के बच्चों उमेश कुमार, मालती कुमारी और अभिभावकों, रामराज कुमार, सबिता देवी, कोशल्या देवी से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि विद्यालय हमेशा बंद रहता है, शिक्षक आते नहीं है, महीने में एक सप्ताह खुला रहता है और बाकी दिन बंद रहता है। बच्चों का ड्रेस, किताब, बैग विद्यालय में नहीं मिलता, पढ़ाई नहीं होती है। अभिभावक अपने बच्चों को दूसरे विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजते हैं। सहायक शिक्षक से जब सभी बातों की पूछताछ की तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कौशल्या देवी ने बताया कि विद्यालय की शिकायत के बाद जांच करने के लिए पदाधिकारी आते हैं , लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण अब तक विद्यालय में सुधार नहीं हुआ है।

## बीडीओ ने बूथ का किया निरीक्षण प्रधानाध्यापक को दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंगलवार को नावाबाजार बीडीओ सह सीओ विजय प्रसाद मरांडी ने बसना पंचायत के बूथों का निरीक्षण किया। जहां बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा की समुचित जानकारी ली। वहीं लोकसभा चुनाव में बूथ पर मतदान कर्मी व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, व्यवस्था को लेकर प्रधानाध्यापक को कई निर्देश भी दिया। प्रखंड के बूथ संख्या 357 मध्य विद्यालय चेचरिया के निरीक्षण को पहुंचे बीडीओ सह सीओ विजय प्रसाद मरांडी ने कहा कि चुनाव पूर्व बूथ का निरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। जो मतदान कर्मी व मतदाताओं की सुविधा को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए किया जाता है। ताकि कमियां पाए जाने की स्थिति में समय रहते उसे दूर किया जा सके। वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शिव प्रसाद यादव ने प्रधानाध्यापक जैनेन्द्र कुमार पांडेय से जानकारी प्राप्त की।

आस्था

## 45वां श्री सीताराम विवाहोत्सव भक्तिमय माहौल में संपन्न

# सनातनी रीति-रिवाज को बनाये रखने की जरूरत : महाराज

#### प्रभु के दरबार में याचना, 56 प्रकार का भोग समेत कई प्रक्रिया की गयी




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिहार सीमा के कररबार नदी तट स्थित गजनाधाम परिसर में चल रहे 45वां श्री सीताराम विवाह उत्सव भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। अयोध्या विवहुति भवन के श्रीश्री 1008 बैकुंठ शरण जी महाराज व गजनाधाम के महंत श्रीश्री 108 अवध बिहारी दास जी महाराज के नेतृत्व में पांच दिवसीय अनुष्ठान भक्ति वातावरण में संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रभु के दरबार में याचना, 56 प्रकार का भोग समेत कई प्रक्रिया की गयी। महाप्रसाद वितरण में समीपवर्ती पोलडीह, करमा, जगरनाथपुर, गजना, बरौली, मांडर, निमहत, सिंदुरिया, बहेरा, सरहु, मरहा, कोशी, नोनियाडीह, मूंगिया आदि दर्जनों गांवों के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके पूर्व कई गांवों में गुरु पूजा की प्रक्रिया पूरी की गयी। ततपश्चात मंगलाचरण व मधुर गीतों के बीच वैवाहिक प्रक्रिया की रस्म पूरी की गयी। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए महाराज जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खुशहाली आती है। हम सबों को अपनी सनातनी रीति-रिवाज को बनाये रखने की जरूरत है। अनुष्ठान के समापन पर अयोध्या से पधारे संतो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुप्तेश्वर सिंह, सत्यनारायण सिंह, शैलेंद्र सिंह, चन्द्र कला शरण, भृगुनाथ सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविन्द्र सिंह, पूर्व मुखिया अभय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विंध्याचल सिंह, राजेन्द्र सिंह, जयराम सिंह, अरबिंद सिंह, ओम शरण, सुरेंद्र सिंह, भोलू सिंह, भोला शरण, बिनोद शरण, विनय सिंह, अजय सिंह, दिलीप ठाकुर, उदित कुमार, अरुण सिंह जितेंद्र सिन्हा, सुनील कुमार, अनिल सिंह, अमित सिंह, योगेंद्र कुमार समेत समिति के कई लोग मौजूद थे।

## हरिहरगंज में सीएस ने की कई निजी क्लिनिको की जांच, होगी कार्रवाई



**हरिहरगंज।** सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने मंगलवार को कई निधि क्लिनिको की जांच की। जांच शुरू होते ही निजी क्लीनिक के संचालकों में हड़कंप सा मच गया। एक दो क्लीनिकों की जांच करते-करते अन्य क्लिनिक संचालक क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। सिविल सर्जन ने बताया कि ऐसे सभी निजी क्लिनिको की फोटोग्राफी व वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई है। उन्होंने बताया कि दो दिनों के अंदर इन क्लिनिक संचालकों को नोटिस भेज दी जाएगी। जांचों उपरांत इन क्लीनिक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार।

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में यह संकल्प लें कि पहले मतदान करेंगे, तब जलपान करेंगे। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

युवा समाजसेवी
लालबाबू सिंह हरिहरगंज, पलामू।


## सी.बी.एस.ई की 12वीं की परीक्षा समाप्त




**मेदिनीनगर।** सी.बी.एस.ई द्वारा संचालित 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा संपन्न हो गई। छात्र परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते हुए निश्चिंत दिखाई दिए। मौके पर सिटी कोऑर्डिनेटर ने कहा कि छात्र आज परीक्षा के तनाव से मुक्ति का एहसास कर रहे होंगे।, किंतु उन्हें अपना अध्ययन जारी रखना चाहिए।

# टेम्पो स्टैंड में दो हैंडपंप खराब, यात्रियों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है पेयजल की समस्या गहराने लगी है। छह मुहान के समीप टेंपो स्टैंड के पास सरकारी हैंडपंप वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में यहां प्रतिदिन आने जाने वाले हजारो यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पीएचडी विभाग के द्वारा जहां एकओर नये चापाकल गाड़े जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रख-रखाव एवं मरम्मत के अभाव में कुछ ही दिनों के बाद चापाकल खराब हो रहा है । वहां के आसपास के दुकानदारों



ने बताया कि यहां पर दो हैंड पंप है दोनों खराब पड़े हैं। इसकी वजह से दुकानदारों के साथ साथ राहगीरों को पानी के लिए काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों में कोई पैसे वाला होता है जो पानी का बोतल खरीद कर अपने प्यास को बुझाता है। वहीं, गरीब व्यक्ति पानी का बोतल खरीद कर पानी नही पी सकता है, उसे प्यास बुझाने के लिए मात्र एक सहारा हैंडपंप होता हैं। ऐसे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ वर्ष पहले टेंपो स्टैंड के हैंडपंप की मरम्मत भी कराई गई थी, लेकिन 10 दिन के अन्दर में ही हैंडपंप खराब हो गये और उसके बाद से किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। दुकानदारों ने कहा कि यदि दोनों हैंडपंपों की मरम्मत हो जाती है तो राहगीरों व यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। विभाग के कर्मियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सूचना देता है तो उस सूचना के आधार पर हैंडपंप की मरम्मत की जाती है, परंतु यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग के कर्मियों को सूचना देने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं करते हैं।

# सीआरपीएफ 112 बटालियन में 34वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी में 112 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 34वाँ स्थापना दिवस वाहिनी परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट 112 बटालियन द्वारा सर्वप्रथम वाहिनी कैम्प स्थित मंदिर में खुशहाली के लिए पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद क्वार्टर गार्ड में शहीद स्मारक पर राजपत्रित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्ड पर विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गय। साथ ही बटालियन के इतिहास के बारे में अवगत कराया गया। इसी कम मे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट 112 बटालियन द्वारा संध्याकाल मे फीता काटकर



आयोजित मेला का शुभारंभ किया गया। इस भव्य मेले में अनेक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमे सभी अधिकारियों, जवानों और उनके परिवार के सदस्यों ने भरपूर आनन्द उठाया। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, मुख्य अतिथि पंकज कुमार उप महानिरीक्षक केरिपुबल रेंज पलामू एवं प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट 112 बटालियन की अगुवाई में केरिपुबल के अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। रंगा-रग कार्यक्रम में जवानों के साथ-साथ स्थानीय स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर, जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार एवं हेरीटेज, इंटरनेशनल स्कूल डाल्टनगंज के विद्यार्थियों तथा ताक डांस ट्रेनिंग सेन्टर डाल्टनगंज के कलाकारों ने समा बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि पंकज कुमार उप महानिरीक्षक, केरिपुबल रेंज पलामू एवं प्रमोद कुमार साहू कमाण्डेन्ट 112 बटालियन द्वारा सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और कलाकारों को इनाम देकर उत्साहवर्धन किया। साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद प्रकट किया गया।

## एक नजर

### सोना महल दुकान के ऊपरी तल्ले में लगी आग

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर सोना महल दुकान के उपरी तल्ला में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग लगने के बाद आसपास के दुकानदारों में अफरा तफरी माहौल उत्पन्न हो गया। इसके बाद स्थानीय दुकानदारों के द्वारा आग लगने की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की वाहन घटनास्थल पर पहुंचे और शहर थाना के पुलिस कर्मियों के सहयोग से आग को बुझाया गया। इस घटना में सोना दुकान के उपर तल्ले पर रखे कई सामान जल कर राख हो गए हैं। वहीं आग लगने का मुख्य कारण बताया जाता है कि बाजार क्षेत्र के बिजली के पोल पर मकड़ी के जाल की तरह बिजली के तार लटके हुए है, जिसकी वजह से आए दिन बाजार क्षेत्र में अगलगी की घटना होती रहती है।

### अवैध कनेक्शन धारकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा: सिटी मैनेजर

# पानी की चोरी रोकने के लिए काटे गए अवैध कनेक्शन, आठ मोटर भी जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

पेयजल संकट

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार की सुबह शहर के बेलवाटीकर मुहल्ले में अभियान चला कर लोगो के घरों में लगे पानी के अवैध कनेक्शन को काटते हुए लोगो के घरों में लगे आठ पानी का मोटर को जब्त किया है। नगर निगम के कर्मियों ने बताया कि पानी की चोरी होने की वजह से अन्य लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जिन लोगों के पानी के कनेक्शन काटे गए हैं,उन्हें वैध तरीके से कनेक्शन लेने की सलाह दी गई है। उसके बाद उनके कनेक्शनों को फिर से जोड़ दिया जाएगा। छह महीने से ज्यादा बकाया वालों का




भी कनेक्शन काट दिया गया है। सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने कहा कि शहर में पेयजल समस्या को सुचारू रूप से करने के लिए निगम के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है और अब लगातार पानी के अवैध कनेक्शन वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा, ताकि लोगों को सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति होने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो । वही मौके पर उपस्थित सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने बताया कि नगर निगम शहरी क्षेत्र में हजार से अधिक पेयजल कनेक्शन हैं। वहीं कई घरों के लोगों ने मनमाने तरीके से मुख्य आपूर्ति लाइन में अपना पाइप जोड़ लिया है। इन अवैध कनेक्शनों की जांच कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम बेलवाटीकर मोहल्ला पहुंची । यहां अवैध रूप से लगे आठ कनेक्शन को काटा गया और उनके मोटर भी जब्त किए गए। इस मोहल्ले में जैसे ही लोगों को पानी कनेक्शन काटे जाने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौके पर पहुंच गए । मौके पर उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने कहा कि पेयजल आपूर्ति सुव्यवस्थित करने के लिए ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि पेयजल के अवैध कनेक्शन धारकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनन विभाग ने राजस्व वसूली में किया इजाफा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खनन विभाग 2023-24 में राजस्व की वसूली पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना 53 करोड़ से भी अधिक की है। पांच वर्ष के दौरान सबसे अधिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोयला एवं पत्थर में राजस्व की प्राप्ति की हुई है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 212 करोड़ 78 लाख राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित था जिसमें 160 करोड़ 47 लाख राजस्व वसूली हुई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 305 करोड़ 34 लाख राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित था जिसमें 213 करोड़ 65 लाख राजस्व वसूली की गयी। उन्होंने बताया कि कोयला में 2022-23 में 61 करोड़ 42 लाख 49 हजार की राजस्व प्राप्ति हुई थी,जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 93 करोड़ 97 लाख 46 हजार हो गयी, जो पिछले वर्ष की तुलना 32 करोड़ अधिक है, जबकि पत्थर में वर्ष 2023-24 में कुल 86 करोड़,84 लाख 77 हजार की वसूली की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 108 करोड़ 32 लाख,98 हजार हो गयी जो पिछले वर्ष की तूलना 22 करोड़ अधिक है। उन्होंने बताया कि अन्य खजिन संपदा में भी पिछले वर्ष की तूलना 53 करोड़ अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।

# सिविल सर्जन और चाय बेचने वाले व्यक्ति ने पांच टीबी मरीजों को लिया गोद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के टीबी वार्ड में भर्ती पांच टीबी मरीजों को सिविल सर्जन और चाय बेचने वाले व्यक्ति रंजीत प्रसाद गुप्ता ने गोद लिया है। इनके द्वारा इन टीबी मरीजों को प्रति माह राशन किट मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इच्छुक लोगों के आवेदन पर मरीज को गोद दिया जाएगा। वे लोग मरीजों को नियमित दवा लेने और सेहत का विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करेंगे। जब मरीज की सेहत बेहतर हो जाएगी तो गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, टीबी रोगी को बीमारी से मुक्त कराने के लिए कोई भी नागरिक उसे गोद ले सकता है। इसमें संबंधित व्यक्ति को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर या पेशा के बारे में ब्यौरा देना होगा। इसके बाद विभाग की ओर से मरीज को गोद दिया जाएगा। गोद लेने वाले व्यक्ति को मरीज के बारे में और उसका नाम किसी को शेयर नहीं करना होगा। वह उसकी देखभाल के साथ ही मदद भी कर सकता है। इसके लिए टीबी के मरीजों से भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सहमति पत्र लिया जा रहा है कि वे किसी से मदद लेना चाहते हैं या नहीं। कई मरीजों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए सहमति भी जाहिर की है। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन ने टीवी मरीज को गोद लेने पर चाय बेचने वाले व्यक्ति को शॉल ओढ़ाकर उसे सम्मानित किया। मौके पर डॉक्टर विजय सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में भरती टीबी मरीज को फ्री में दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है : सिविल सर्जन

पलामू के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो भी व्यक्ति अपने इच्छा पूर्वक टीबी मरीज को गोद लेते है,उस व्यक्ति के द्वारा टीवी मरीज को केवल भोजन किट की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति टीवी मरीज को गोद ले सकता है। गोद लेने वाले व्यक्ति को मरीज के बारे में और उसका नाम किसी को भी शेयर नहीं करना होगा। उन्होंने बताया कि जो भी टीवी मरीज सदर अस्पताल में भरती रहते हैं । उन्हें सरकार द्वारा फ्री में दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा टीवी मरीज का कार्ड भी बनता है, जिसके माध्यम से उसे महीने में सरकार के द्वारा राहत सामग्री के 500 रुपए दिए जाते हैं।




### ईश्वर को प्राप्त करना ही जीवन का मुख्य उद्देश्य : श्री दुबे

**मेदिनीनगर।** विहंगम योग संस्थान का विशेष सत्संग गोष्ठी स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन में हुआ।संस्थान के राष्ट्रीय प्रचारक विंदेश्वरी दूबे ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का उद्घाटन किया। मौके पर कई भक्तों ने भेदिक भजन प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय प्रचारक श्री दुबे ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से दुर्लभ मानव जीवन मिला है। ईश्वर को प्राप्त करना ही जीवन का मुख्य उद्देश्य है। जीवन समय को व्यर्थ गंवाने के बजाय समरथ सदगुरु की शरण में रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर प्राप्ति का सहज मार्ग विहंगम योग है।

### मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने की बैठक

# मतदान केंद्र की ओर जाने वाले रास्तों को अबीर-गुलाल से सजायें : नोडल पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो,इसे सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने जेएसएलपीएस के डीपीएम, बीपीएम व सभी सामुदायिक समन्वयक संग बैठक कर जिले में स्वीप कार्यक्रम के गतिविधियों पर चर्चा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने सभी से अपने-अपने क्रिएटिव आईडियाज से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। बैठक में उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम को अगले एक माह का शेड्यूल तैयार करने व उसके अनुरूप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में जहां 50 प्रतिशत से कम वोटिंग हुई है, वहां विशेष रूप से मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने कहा




कि जेएसएलपीएस का जहां भी प्रोडक्शन यूनिट है, वहां प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों के बीच वोटिंग करने का संदेश दिया जाए। इसके साथ ही मतदान के एक दिन पूर्व मतदान केंद्र की ओर जाने वाले रास्तों को अबीर -गुलाल से सजायें,ताकि अगले दिन मतदान के दिन मतदाता को सुखद एहसास हो। उन्होंने कहा कि एसएचजी की दीदी लोग महिलाओं का चौपाल लगायें व उन्हें भी मतदान हेतु जागरूक करें। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मंगलवार को बस ऑनर एसोसिएशन व ऑटो ऑनर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों संग भी बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों ही वाहनों के जरिए सैकड़ो लोग रोजाना आवागमन करते हैं ऐसे में यह मतदाता जागरूकता का बेहतर प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि आप लोगों को प्रचार सामग्री उपलब्ध करवा दी जाएगी। ऐसे में आप सभी से अनुरोध है कि आप लोग सभी वाहनों पर जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मौके पर उपरोक्त के अलावे अन्य उपस्थित रहे।

# श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की बैठक में धूमधाम से रामनवमी मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के शिव मंदिर में श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल की बैठक सम्पन्न हुई। श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार रामनवमी पूजा बड़े ही धूम धाम से मनाई जाएगी । आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए राम नवमी पर्व मनाई जायेगी। इस बार की पूजा में अखाड़ा मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बनेगा, क्योंकि पुरानी परम्परा के तहत इस बार लाठी -डंडे, तलवार, भाला-गड़ासा से लोग अखाड़ा में भाग लेंगे। समय पर शोभा यात्रा निकाली जायेगी ताकि माताएं बहने भी झांकियों का आनन्द के सके । साथ ही पंकज जयसवाल ने कहा कि नगर निगम से अपील करते हैं कि शहर में झुके हुए बिजली के तारों और धंसी हुई सड़को को दुरुस्त किया जाए , ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घटे वही पूजा के दौरान धर्म प्रेमी डीजे भी बजा सकेंगे। लगभग 1000 झंडा और 40 रथ शहर के विभिन्न इलाको से निकाली जाएगी। पूरे शहर के विभिन्न इलाकों को झंडा और झालर- बत्तियों से सजाया जाएगा। मौके पर अविनाश राजा, ज्योति पांडेय, शशिकांत , राकेश तिवारी , बिट्टू वर्मा,अमित तिवारी ,राजन समेत कमिटी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संत मरियम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को संत मरियम स्कूल के कजरी परिसर में कजरी और नावाहता प्रांगण का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । छात्रों का बेहतर परिणाम ही अभिभावकों की कुल जमा पूंजी होती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिससे कि बच्चे एवं अभिभावक काफी उत्साहित नजर आए । विदित है कि जिस तरह विभिन्न आयु वर्ग व धर्म के लोग अपना नव वर्ष का उत्सव अलग-अलग समय पर मनाते हैं, उसी प्रकार विद्यालय परिवार व विद्यालय में अध्यनरत बच्चे नव वर्ष का उत्सव तब मनाते हैं, जब वह वार्षिक परीक्षा का परिणाम पत्र प्राप्त कर नए सत्र में नई ऊर्जा व उत्साह के साथ नए सिरे से शिक्षा ग्रहण करने की शुरूआत करते हैं।

### आंधी-तूफान से प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने की पहल करे प्रशासन : रेणु देवी

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार प्रखण्ड के प्रथम प्रमुख व झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय सचिव रेणु देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नावाबाजार प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में पिछले दिनों भीषण आंधी-तूफान व वर्षा से प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने के लिए पहल करने की मांग प्रखण्ड प्रशासन से की है। गौरतलब है कि पिछले दिनों आई भीषण आंधी-तूफान की वजह से प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांवों में गरीबों के बहुत से कच्चे घर धराशायी हो गए हैं। ईंटे व करकट से अर्धनिर्मित घरों पर पेड़ गिरने की वजह से आशियाना ध्वस्त हो गया। ज्ञातव्य है कि नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा गांव के लकड़मुड़ी टोला स्थित चरखू राम के घर पर पीपल का पेड़ गिर गया था ,लेकिन उनका परिवार बाल-बाल बच गया। चरखू राम किसी तरह झोपड़ी बनाकर रह रहें है। जब इस हादसे के बाद पेड़ काटकर हटाने के लिए लोग जूटे तो वनपाल ने पेड़ की गिरी बड़ी डालियों को काटने से मना कर दिया।

# थोक व्यवसायियों को बाजार समिति में व्यवस्थित करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सब्जी फल तोक व्यवसाय महासंघ के केंद्रीय संयोजक राकेश कुमार सिंह ने पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित सब्जी फल थोक व्यवसाईयों के हित में प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद रांची के कार्यालय में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में राकेश सिंह ने कहा कि मेदनीनगर स्थित सरकारी बस डिपो में अव्यवस्थित तौर पर संबंधित प्रशासन द्वारा सब्जी एवं शहर के व्यस्ततम सड़कों पर फल के थोक व्यवसायियों को व्यवस्थित किया गया है,कारण आए दिन यातायात जाम आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है। अव्यवस्थित सरकारी बस डिपो में सब्जी थोक विक्रेताओं के वहां आ जाने पर उसे उतारने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, इसको लेकर आपस में ही आए दिन झड़प होते रहती है। वहीं, पलामू जिला प्रशासन द्वारा प्रातः आठ बजे तक ही बस डिपो में व्यापार करने का अनुमति दी गई है। जिस कारण व्यवसायियों को खुलकर व्यापार करने में काफी दिक्कत है। वहीं माल बच जाने पर उसे कचरा में फेंकना पड़ता है।इस संबंध में व्यसायियों द्वारा सचिव बाजार समिति मेदिनीनगर एवं उपायुक्त पलामू को आवेदन एवं मांग पत्र सौंपा है, परंतु आज तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इसलिए संघ ने मांग की है कि थोक व्यवसायियों को बाजार समिति मेदिनीनगर में व्यवस्थित करने की कृपा की जाए।

## कार्यक्रम

### श्री रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 35वें अधिवेशन का शुभांरभ

# यज्ञ से शांति और समृद्धि बनी रहती है: भोला पांडे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत के दोकरा ग्राम में हो रहे श्री राम चरित्र मानस नवाहन परायण महायज्ञ के 35 वें अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। श्री राम विवाह के अवसर पर सांसद विष्णु दयाल राम के सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, जिला पार्षद प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे,आनंद सिंह ने पहुंच कर यज्ञ समिति के लोगों को एवं क्षेत्र के जनता को शुभकामना एवं बधाई दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि इस प्रकार का यज्ञ होने से क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि बनी रहती है। इस यज्ञ को प्रारंभ कराने वाले नरेंद्र चौबे हम सभी के बीच में नहीं रहे,



पर उनका स्नेह और प्यार इस क्षेत्र के जनता के दिलों में सदा याद रहेगी। जिला पार्षद प्रमोद सिंह ने कहा कि यज्ञ होना बहुत ही शुभ संकेत है। क्षेत्र के लिए तथा इस बार और दोगुनी खुशी है। क्षेत्र में 500 सालों के बाद रामलला अपने स्थान अयोध्या में विराजमान हो चुके हैं। मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे ने कहा कि भक्ति से शक्ति मिलती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा देश की जनता के सहयोग से रामलला अपने स्थान पर विराजमान हो चुके हैं। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष बृजभूषण चौबे, सचिन चंदन तिवारी ,महामंत्री राज किशोर ठाकुर, उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी, राजकुमार वर्मा, जितेंद्र राम ,विजय सिंह, अविनाश उपाध्याय, प्रफुल्ल उपाध्याय, राकेश ठाकुर, अश्वनी उपाध्याय, दिलीप ठाकुर, राहुल, ईश्वरी, सतीश, जगदीश एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### पौधरोपण कर नये सत्र की हुई शुरूआत

मेदिनीनगर। शाहपुर न्यू सिटी स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार से नये सत्र की शुरूआत हुई। प्राचार्य डा एके सिंह ने शिक्षकों के साथ दीप प्रज्जवलित करने के बाद पौधारोपण किया। प्राचार्य ने कहा कि अनुशासित जीवन वैदिक काल से ही समाज का मूल आधार रहा है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बेहतर शैक्षिक वातावरण का पूर्ण प्रयास किया गया है। अभिभावक व शिक्षक के प्रति आदरभाव से सहज रूप से आपके प्रति भी सामाजिक आदरभाव व्याप्त हो जायेगा। विद्यालय के चेयरमैन सह पांकी के विधायक डॉ. एसबीपी मेहता के नये सत्र की शुभकामनाओं का वाचन भी किया गया।

## एक नजर

### दावत ए इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार हुए शामिल

श्री बंशीधर नगर । प्रखंड के बम्बा ग्राम निवासी ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। दावत ए इफ्तार में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। दावते ए इफ्तार पार्टी के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर देश और दुनिया में अमनचैन व खुशहाली की दुआ मांगी। ग्रामीण पुलिस कलाम अंसारी ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बहुत ही नेक काम है । सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है।मौके पर हाजी जमाल साहब,हाफिज अब्दुल हकीम,सदर मुश्ताक अहमद शेख,शमीम अख्तर,डॉ रिजवान अहमद,मकबूल अहमद,रउफ अंसारी,तौहिद आलम,हाफिज ,डॉ साहिद अंसारी,साबिद अंसारी,गुलाम हुसैन,उमर फारूख,इम्तियाज अंसारी,इंतजार, असलम,मोबिन, सहित बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

### क्रेशर से लोहे के सामान की चोरी

**डंडाई ।** थाना क्षेत्र के डंडाई गांव में बीती रात्रि चोरों के द्वारा एक बड़ी घटना का अंजाम दिया गया है । पिकअप वाहन पर लोड कर चोरी किए सामग्रियों को उनके द्वारा लेकर भाग जाया गया है । मामला डंडाई निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद से जुड़ा है । गुप्तेश्वर प्रसाद क्रेशर मिशन के मालिक हैं । वर्षों से उक्त स्थल पर उनका क्रेशर मशीन का संचालन होता आया है । बताया जाता है कि गुप्तेश्वर प्रसाद के क्रेशर स्थल से चोरों के द्वारा दो मोटर, दो बड़ा आकार का बैटरा, चाहर दिवारी का कांटा युक्त वायर,अनगिनत रिंच पत्थर के साथ-साथ घर में रखे गए बना बनाया हजारों से भी अधिक पीस लोहे का रिंग और वर्षों से घर में रखा हुआ टन से भी अधिक की वजन में कबाड़ की सामग्रियों को चुराकर ले जाया गया है ।

### रामनवमी पर निकलेगी राम दरबार की भव्य झांकी

# रामनवमी पर्व पर कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन : अनन्त प्रताप

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर शहर के बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सोमवार की शाम श्रीराम सेना कमेटी के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी पूजा को लेकर चर्चा किया गया बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। इस बार पूजा को यादगार बनाने के लिए उपस्थित लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिये बैठक में विगत वर्ष का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से श्रीराम सेना कमिटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू को लगातार छठी बार अध्यक्ष बनाया गया,सचिव ऋतुराज जायसवाल,उपाध्यक्ष नित्यानंद कुमार को तथा कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता को बनाया गया। मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को बनाया गया, जबकि संरक्षक डॉ



धर्मचंद्र लाल अग्रवाल,भारत भूषण प्रसाद,अशोक जायसवाल, धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, कामेश्वर प्रसाद, राकेश जायसवाल बबलू, पूर्व मुखिया अजय प्रसाद, चैंबर अध्यक्ष शंभुनाथ सौदागर, गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रताप जयसवाल, आशीष लाल अग्रवाल,संजय कांस्यकर, कमलेश मेहता, आनंद लाल अग्रवाल, रूपेश कुमार पप्पू, बिरेन्द्र अग्रहरि, संजीत कुमार छोटू,आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डु, अनूप निराला,नीरज जायसवाल, रवि प्रकाश बबलू, मिक्की जायसवाल, विकास कुमार शालू, विनोद कांस्यकर,मिंटू कुमार, उमेश कुमार चाहत, सदस्य शिवम कुमार, सूरज कुमार, अनिल मेहता, अनीश कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, बंटी केशरी, आशीष कुमार, उज्ज्वल रंजन सहित अन्य का नाम शामिल है। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिये संगठन के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई।बैठक में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि श्री बंशीधर नगर क्षेत्र में प्रतिवर्ष रामनवमी पर्व का भव्य आयोजन होता है,इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर विशेष आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि 500 वर्षो के संघर्ष के उपरांत राम मंदिर बना है,प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार रामनवमी है,इसलिये जनमानस में उत्साह का वातावरण है.पूर्व विधायक ने अनुमंडलवासियों से आगामी चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का ख्याल रखते हुए आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने का आग्रह किया। श्री राम सेना के छठी बार अध्यक्ष बने रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने कहा कि लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है. प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं में श्रद्धा साफ देखी जा सकती है। इस वर्ष रामनवमी पर्व पर श्री बंशीधर नगर को राममय कर दिया जायेगा।रामनवमी को लेकर गोसाईबाग स्थित लाला बागी हनुमान मंदिर से लेकर भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान चौक तक भगवा ध्वज एवं लाइट,झालर बत्ती लगाकर सजाया जायेगा। पूरे शहर को भगवा ध्वज से पाट दिया जायेगा । रामनवमी को लेकर शहर को आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा।उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन ढोल, नगाड़ा, साउंड सिस्टम एवं तीन रथ के साथ राम दरबार, भगवान शंकर और माता पार्वती, भूत-प्रेत, श्री कृष्ण राधा, ग्वाला, बांदरी सेना के साथ सुसज्जित तरीके से झांकी निकाली जायेगी एवं महा भंडारा,भव्य भक्ति जागरण एवं बाहर से आये कलाकर द्वारा झाकी कराया जायेगा उन्होंने कहा कि नवमी के दिन पारंपरिक झांकी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आये झांकी मंडली के लिये महा भंडारा का आयोजन किया गया है।जुलूस समाप्ति के बाद सभी मुख्य अतिथियों को लाठी,झांकी एवं तलवारबाजी करनेवाले को सम्मानित किया जायेगा उन्होंने बताया कि रामनवमी से पूर्व भव्य मोटरसाइकिल जुलूस निकाली जायेगी।बैठक की अध्यक्षता श्रीराम सेना के संरक्षक सह पूर्व प्राचार्य डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने किया ,जबकि संचालन चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर व धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो नारे के साथ महिलाओं ने निकाली रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर ।** जेएसएलपीएस चितविश्राम व नरही क्लस्टर मगरदह ग्राम स्थित ग्राम संगठन कार्यालय में बदलाव मंच मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीसीआरपी अस्तरुन निशा के द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को अपना मतदान देने पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।उन्होंने कहा कि हम सभी भारत के नागरिक है और वोट हमारा अधिकार है अपनी सरकार खुद चयन कर बनाने का हमे अधिकार है । बदलाव मंच मीटिंग के समापन के बाद महिला स्वयं सहायता समूह महिलाओं द्वारा रैली निकाला गया । ग्राम संगठन कार्यालय से निकलकर आंगनबाड़ी केंद्र, मेन रोड होते हुए पुनः ग्राम संगठन कार्यालय आकर समाप्त किया गया। रैली में शामिल महिलायें- घर-घर में संदेश दो- वोट दो वोट दो, सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो,बनो देश के भाग्य विधाता -अब जागो प्यारे मतदाता, न दारू से न नोट से जिंदगी बदलेंगी वोट से सहित अन्य नारे लगा रहे थे।मौके पर ममता देवी,गीता देवी,आरती सिंह,रूबी देवी,सुमन देवी,किरण देवी,दुर्गावती देवी,राधिका देवी,रंभा देवी,मनीता देवी,मीना देवी सहित अन्य महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण



**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार में मंगलवार को बलिगढ़. पंचायत के किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया।इसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी और बीटीएम राकेश कुमार ने किया?। बीटीएम राकेश कुमार ने कहा की बलिगढ़, परसोडीह और लोहरगाडा. पंचायत के किसानों के बीच वितरण करने के लिए 87 क्विंटल मूंग बीज वितरण करना है। बलिगढ़. पंचायत के 400 किसानों के बीच प्रति किसान चार किलो मूंगा बीज और नैनो यूरिया वितरण किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा की केतार प्रखंड कृषि आधारित क्षेत्र है। इसलिए हमलोगों का प्रयास है की सरकार द्वारा मिलने वाली सभी प्रकार की अनुदानित बीज, खाद समाग्री किसानों को ससमय उपलब्ध कराया जा सके ताकि किसानों को खेती करने में सहुलियत मिले।इस मौके पर किसान सीताराम जयसवाल, मिथलेश यादव, रंजन साह,बुधू साह,दिनेश सिंह,लाल बिहारी साह,बुचु साह,दिलेश गुप्ता, गुलाबचंद साह, एस कुमार ,राम भजन ठाकुर, श्रवण साह गुलबासी देवी, धनमानी कुंवर,मुलुकराज देवी सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**कांडी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय राणाडीह में सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार द्विवेदी को भावभीनी विदाई दी गई। उन्होंने वर्ष 1994 में प्राथमिक विद्यालय चचना खरौंधी में बतौर शिक्षक योगदान दिया था। एक मई 2017 को मध्य विद्यालय राणाडीह में योगदान दिया था। वर्तमान विद्यालय में सात साल तक सेवा देकर 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। अखिल राज्य झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य आलोक कुमार, जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे, संगठन सचिव दिलिप श्रीवास्तव, प्रवीण दुबे, अंजनी पांडेय सहित अन्य शिक्षकों, ग्रामीणों व विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र, बुके व विभिन्न प्रकार का भेंट देकर सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित किया। मौके पर बीपीओ विरेंद्र प्रसाद ने शिक्षक की उज्वल भविष्य की कामना की। अखिल राज्य झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनिल दुबे ने कहा कि वह जहां भी रहे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहे। शिक्षक अनिल द्विवेदी ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है। लोगों का जो स्नेह व साथ मिला उसके लिए उन्होंने सबों का आभार जताया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित ने किया। कार्यक्रम का संचालन बुनियादी विद्यालय सेमौरा के प्रधानाध्यापक पुरूषोत्तम कुमार दुबे ने किया।

## कंप्रेसर वाहन की टक्कर से नगर परिषद कर्मी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा । मंगलवार की दोपहर नगर परिषद में कार्य कर रहे एक कर्मी की कंप्रेसर वाहन ने दबने से उसकी मौत हो गई है। मृतक गिरिडीह जिला के राजधनवार थाना क्षेत्र के दासियाडी गांव निवासी सदानंद चौधरी का पुत्र विकास चौधरी 43 वर्ष बताया गया है। घटना के बाद आस पास के लोगो के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ में सुपरवाइजर था। पिछले 5 वर्षो से कचड़ा प्रबंधन कार्य कराता था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर परिषद की ओर से कचरा निस्तारण के लिए हाइड्रोलिक कंप्रेसर का एक नया मशीन मंगाया गया था। जिसका आज प्रशिक्षण देने दिल्ली से एक प्रशिक्षक आया था। सुपरवाइजर विकास चौधरी खड़ा होकर देख रहा था। इसी बीच वह कंप्रेसर मशीन की चपेट में आ गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में नगर परिषद के कर्मियों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि विकास पिछले 5 वर्षों से आकांक्षा इंटरप्राइजेज नामक एनजीओ की ओर से गढ़वा शहर से कचरा उठाव का कार्य करता था। मंगलवार की दोपहर में कचरा निस्तारण कंप्रेसर मशीन का प्रशिक्षण हो रहा था। जिसमें वह दब गया। नगर परिषद की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों का आने का इंतजार किया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से विभिन्न तरह के मुआवजा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उधर घटना के कुछ लोगों ने मृतक विकास चौधरी का गले में चैन और अंगूठी की चोरी भी कर लिया। वह पिछले दिनों ही घर में होली विताकर अपने पत्नी छोटे बच्चों के साथ गढ़वा लौटा था।

## अस्पताल में महिला का पर्स और मोबाइल चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** सदर अस्पताल में इलाज के लिए आई महिला का शातिर चोर ने मोबाइल और पर्स चोरी कर ली। सदर अस्पताल के गार्ड को सूचना दी गई। लेकिन गार्ड के नाकामी से शातिर चोर मौके से फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई।महिला ने सदर अस्पताल के सुरक्षा कर्मी पर आरोप लगाया कि अस्पताल कर्मी की मिलीभगत से शातिर चोर पर्स और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया।



इन दिनों सदर अस्पताल में लगातार चोरी की घटना घट रही है। जहां ग्रामीण और शहरी इलाके से बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए आते है। सदर अस्पताल में गार्ड की सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। इसके बाद भी चोर अस्पताल के सुरक्षाकर्मी की आंखों में धूल झोंककर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे।गार्ड से की थी शिकायत झलुआ गांव निवासी गीता देवी ने बताया कि सदर अस्पताल में इलाज के लिए आए थे। पर्ची कटने के बाद महिला चिकित्सक से 9 नंबर रूम में दिखाया। जिसके बाद उसे चिकित्सक के द्वारा कुछ जांच लिखा गया उसे कराने के लिए 4 नंबर रूम में गई। उसके बाद जैसे ही महिला बाहर आई तो देखा कि उसके थैले में ब्लेड मारा हुआ है। और उसमे से एंड्रॉयड मोबाइल व पर्स नहीं है। इससे पूर्व भी सदर अस्पताल के कैम्पस से कुछ माह पहले लगातार बाइक की चोरी की घटना हो रहा था। लेकिन अब बाइक चोरी की घटना थम गई तो पैसा व मोबाइल चोरी की घटना बढ़ गई है। ऐसे में मरीज के परिजन में खौफ का माहौल बना रहता है।

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि कुछ सीसीटीवी खराब हो गया था। जिसे अविलंब अस्पताल के मैनेजर को ठीक करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज और उनके परिजन की भी लापरवाही है। वैसे में चोर अपना हाथ सफाई कर वहां से भागने में सफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी तरह की प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

## बीडीओ ने मतदाताओं को मतदान के नियमों के बारे में बताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो द्वारा मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता जागरूकता समूह के लोगों को मतदान के नियमों तथा मतदाताओं को कैसे जागरूक करना है, इसके बारे में जानकारी दी गई। मंगलवार को श्री महतो ने मेराल के मतदान केंद्र संख्या 62 56 तथा 57 पहुंच मतदाता जागरूकता समूह के सदस्यों एवं समूह की दीदी को मतदान के बारे में अवगत कराते हुए सीयूबीयू, भीभी पैट, मतदान का समय इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी अवगत कराते हुए बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं को भी इन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराएं। चुनाव के दिन हर मतदाता मतदान केंद्र पर जाकर मताधिकार का प्रयोग कर अपने पसंद की उम्मीदवारों को चुने इसके लिए नियमित अभियान चलाने के लिए भी कहा गया। इस अवसर पर बीपीआरओ बसंत पांडे पंचायत सचिव परमानंद पाठक मुखिया राम सागर महतो जेई आनंद कृष्ण, रोजगार सेवक निभा तिवारी रामकुमार महतो वार्ड सदस्य रहमुद्दीन अंसारी वीरेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के दौरे को लेकर तैयारी में जुटे भाजपाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा) :** मंगलवार को भाजपा मंडल कार्यालय पर आगामी 5 अप्रैल को रमना में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने तथा शामिल होने लेकर मंडल कमिटी की बैठक आयोजित की गई। भाजपा नेता रामकृपा द्विवेदी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का रमना स्टेडियम में 5 अप्रैल को आगमन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में खरौंधी से भी भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को शामिल होने को लेकर बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में भाजपा मंडल ने भी क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया है। साथ ही बताया कि खरौंधी प्रखंड से लगभग 500 कार्यकर्ता भाग लेंगे। वही प्रदेश के उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर विधान के विधायक भानू प्रताप शाही को प्रदेश संगठन ने पूरे प्रदेश के युवा मोर्चा का कमान सौंपा है। जिसके लिए खरौंधी मंडल ने विधायक भानू प्रताप शाही को बधाई दिया है। साथ ही बताया भविष्य में विधायक भानू प्रताप शाही को भाजपा संगठन में इससे बड़ी जिम्मेदारी देगी।

साथ ही बताया प्रखंड के कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव में एक जुट होकर उम्मीदवार तथा संगठन के लिए कार्य करने को संकल्प लिया। क्या पलामू लोकसभा क्षेत्र से इस बार भी बीड़ी राम को उम्मीदवार बनाए जाने पर खरौंधी मंडल के लोगों में नाराजगी है। इस पर भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी ने बताया शिकवा और शिकायत पार्टी संगठन में होते रहता है। सभी शिकवा शिकायत दूर कर लिया गया है। सभी एकजुट होकर चुनाव कार्य में लग चुके हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, संयोजक विनोद कुमार सिंह, महामंत्री इग्नासियुस बाड़ा, सुनील कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, बुधनाथ गुप्ता, राजेश गुप्ता, उपेंद्र भारती, विवेकानंद यादव, क्लामुद्दीन अंसारी, आनंद चौधरी, बैजू गुप्ता, डॉ विके सिंह, धर्मेंद्र यादव, सुनील कुमार यादव, प्रेमचंद गुप्ता, कृष्णा यादव, सुनील कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## प्रथम से सातवीं कक्षा के छात्रों का योग्यात्मक मूल्यांकन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** दप्रखंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 का कक्षा 1 से 7 के विद्यार्थियों का वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन एस ए 2 परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.30 बजे से - 2.30 बजे तक ली गई।बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया की सभी विद्यालयों में कक्षा प्रथम से सातवीं के बच्चों का एसए 2 की परीक्षा हो रही है।. कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी.कक्षा 2 की परीक्षा मौखिक तथा लिखित ली जायेगी।कक्षा 3 से 7 के विद्यार्थियों के लिये प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय, तथा दीर्घ उत्तरीय होंगे. कक्षा 1 से 5 तक के प्रत्येक विषय के लिए 60 अंक निर्धारित हैं.कक्षा 6 से 7 तक के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक विषय के लिए 60 अंक निर्धारित है, लेकिन समाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान के लिए 50 अंक का ही लिखित परीक्षा ली जायेगी. 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए होंगे।40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दिया जायेगा।इस प्रकार दोनों को मिलाकर कुल 100 अंक होंगे। प्रोजेक्ट रेल के तहत दिसम्बर 2023 से मार्च 2024 तक लिये गये सबंधित विषयों के औसत अंक आंतरिक मूल्यांकन का आधार माना जायेगा। परीक्षा चार अप्रैल तक दोनो पालियों में होगी।उन्होंने कहा की परीक्षा समाप्ति के बाद एस ए-2 का मूल्यांकन कार्य सीआरसी स्तर पर किया जायेगा।उन्होंने कहा कि विभागीय निदेशों का पालन करते हुए आगामी 30 अप्रैल तक विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व अभिभावकों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा फल( रिपोर्ट कार्ड) का वितरण किया जायेगा।मौके पर प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह, शिक्षक राजीव कुमार,अरविंद कुमार गुप्ता,इंद्रमण प्रसाद यादव,राजेंद्र सिंह,मुनेश्वर राम,मंजूषा गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पत्रकार धीरज तिवारी के पुत्र के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन

**गढ़वा।** डीएवी मॉडल स्कूल में परीक्षा फल वितरण के उपरांत मंगलवार को एक शोकसभा का आयोजन पत्रकार धीरज तिवारी के पुत्र प्रत्यूष तिवारी के आकस्मिक निधन पर किया गया। उक्त अवसर पर निदेशक सुशील केसरी और उपस्थित सभी शिक्षक व अभिभावकों ने घटना की निंदा की। साथ ही पिकनिक पर ले जाने वाले शिक्षकों से भी बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और जिम्मेवारी निभाने की बात कही गई। उन्होंने कहा लापरवाही का परिणाम किसी माता-पिता के लिए कितना दुखद होगा सभी समझ सकते हैं। अंत में मृतक की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

# 45 किलो अफीम व 103 किलो डोडा बरामद, चार गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/कुंदा।** पुलिस को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता जिले के कुंदा व लावालौंग थाना क्षेत्र में मिली है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर कुंदा एवं लावालौंग थाना क्षेत्र में अलग-अलग इलाको में छापेमारी अभियान चलाकर अफीम और डोडा की बड़ी खेप पुलिस टीम ने बरामद की है। साथ ही तस्करी में संलिप्त चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि तसला, केन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में कुंदा थाना क्षेत्र के टिटही गांव निवासी ब्रह्मदेव गंझू, विरेंद्र गंझू, हरिद्वार गंझू एवं लावालौंग थाना क्षेत्र के पसागम गांव निवासी चंद्रदेव गंझू का नाम शामिल है। बरामद अफीम का वजन 41.500 किलोग्राम है। जबकि डोडा का वजन 103 किलो है। जिसकी अनुमानित मूल्य सवा दो करोड़ रुपये आंकी गई है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार की देर शाम प्रेस वार्ता कर दी। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा थाना क्षेत्र के टिटही व बड़गांव तथा लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर एवं पसागम गांव के कुछ लोग मादक पदार्थो की बिक्री करने के लिए अपने-अपने घरो में भारी मात्रा में अफीम व डोडा रखे हुए हैं। सूचना के आलोक में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने कुंदा के ब्रह्मदेव गंझू के घर से 10.300 किलोग्राम अफीम व नौ बोरा में कुल 103 किलो डोडा, विरेंद्र गंझू के घर से 2.230 किलोग्राम गिला अफीम तथा हरिद्वार गंझू के घर से 2.080 किलोग्राम तथा लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव निवासी रुपन गंझू के घर से 5.885 किलोग्राम अफीम तथा पसागम गांव निवासी चंद्रदेव गंझू के घर से 24.250 किलोग्राम गिला अफीम बरामद किया। एसपी ने बताया कि रुपन गंझू पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में सिमरिया एसडीपीओ के अलावा कुंदा थाना प्रभारी नितेश कुमार, लावालौंग थाना प्रभारी रुपेश कुमार, एसडीपीओ के अंगरक्षक एवं दोनों थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## एक नजर

### नर्सिंग कॉलेज में 59 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप में स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सत्र 20-24, 21-25, 22-26 के कुल 59 विधार्थियों ने अपने वार्षिक परीक्षा मे सभी विषयों में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है। उत्तीर्ण होने पर सभी विद्यार्थियों को कॉलेज के शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वही विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने संस्थान के सचिव इद्रजीत कुमार भारती और कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं की खूब सराहना भी की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के शिक्षकों का भी हमें पूरा सहयोग मिला है।

### झालो क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी ने की मां भद्रकाली की पूजा

**इटखोरी(चतरा)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के चतरा लोकसभा प्रत्याशी दीपक कुमार गुप्ता समर्थकों के साथ इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर मंगलवार को पहुंच कर पूजा अर्चना किया। इस दौरान श्री गुप्ता माता रानी के चरणों में शीश नवाकर अपनी जीत के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वे मंदिर परिसर के सभी धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए मन्नत मांगे। मौके पर सुनील कुमार, सूरज सिंह, सुबेंद् साहू, सिकेंद्र खेरवार, समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में अफीम के साथ एक गिरफ्तार

**गिद्धौर (चतरा) ।** पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में अफीम बरामद किया। साथ ही पुलिस इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। हालांकि इस संबंध में पुलिस औपचारिक तरीके से कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। बताया जाता है कि इस छापेमारी में एसडीपीओ अजय कुमार केशरी, इंस्पेक्टर पप्पू शर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता शामिल थे। वहीं एसपी विकास कुमार पांडेय दोपहर गिद्धौर थाना पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार बरामद अफीम की मात्रा 15 किलो के करीब बताई जा रही है।

### टंडवा में तेज रफ्तार कोयला वाहन पलटा

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा-सिमरिया मुख्य के सड़क किनारे स्थित टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़सू मोड़ में गुरुवार सुबह पांच बजे एक तेज रफ्तार कोलवाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। उक्त कोल वाहन प्रगति नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का बताया जा रहा है, जो केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टी-बारियातु से उत्पादित कोयले की ढुलाई कटकमसांडी रेलवे साइडिंग तक कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार के कारण असंतुलित हुई। गनीमत रही कि कई राहगीर चपेट में आने से बच गये। बताया गया कि चालक नशे की हालत में था। लोगों की मानें तो ट्रांसपोर्टिंग कंपनी बाहरी गाड़ियों व अकुशल चालकों के सहारे तमाम मानकों को दरकिनार कर संबंधित अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मैनेज कर अपना लक्ष्य हासिल करने में जुटी है।

## स्कूली बच्चों ने निकाली रैली, ग्रामीणों से जंगलों में आग नहीं लगाने की अपील

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ चुनने के लिए जंगलों में अज्ञानतावश लगाये जाने वाले आग से जीव-जन्तुओं व बड़े पैमाने पर वनस्पतियों के होने वाले नुकसान तथा उसके बचाव के लिए मंगलवार को हेसातु विद्यालय के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक बिनेश्वर महतो ने बताया कि ष्हमारा वन- हमारा दायित्वष के थीम पर सुदूरवर्ती इलाकों में एक माह तक सतत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आपको बता दें कि पिछले 15 वर्षों से ऐतिहासिक दासी पहाड़ के वनस्पतियों व जीव- जंतुओं संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति ग्रामीणों को सतत जागरूक करने का अथक प्रयास करते रहे हैं। जागरूकता रैली में बच्चे ष्जंगल बचाओ -जीवन बचाओ, हम सबने ठाना है आग से जंगल को बचाना है आदि नारे लगाते हुवे ग्रामीणों से जंगलों में आग नहीं लगाने की अपील कर रहे थे।

## सरकारी-गैर सरकारी क्लीनिक नर्सिंग होम की करें जांच : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 चेकलिस्ट के अनुसार जांच करने का दिया गया निर्देश**

लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत संचालित सरकारी /प्राइवेट क्लिनिक, नर्सिंग होम अस्पतालों के संचालकों को क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 के प्रावधानों/मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु बैठक आहूत की गई।बैठक में उपायुक्त के द्वारा सिविल सर्जन को जिला अंतर्गत संचालित सभी सरकारी/प्राईवेट क्लिनिक, नर्सिंग होम अस्पतालों का टीम बनाकर क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 चेकलिस्ट के अनुसार जांच करने का निर्देश दिया गया। जिन चिकित्सीय ईकाईयों के द्वारा बिना प्रमाण पत्र के क्लिनिक, नर्सिंग होम, अस्पताल आदि संचालित किये जा रहे हैं, उनके विरुद्ध एक्ट के प्रावधानों के अनुसार विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश डीसी ने दिया । साथ ही, जिन चिकित्सीय संस्थानों को प्रमाण पत्र निर्गत है, उनके द्वारा एक्ट के प्रावधानों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया एवं इसकी सतत निगरानी एवं अनुश्रवण करनें का निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में जिन चिकित्सीय ईकाईयों का औपबंधिक प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गई है, उन्हें चिन्हित करने एंव एक्ट के प्रावधानों के तहत चिकित्सीय संस्थानों का संचालन सुनिश्चित करानें का निर्देश दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन, लातेहार डॉ अवधेश सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## हत्यारी मोड़ के नाम से विख्यात होता जा रहा है बघमरी मोड़

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा) ।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ हत्यारी मोड़ के नाम से विख्यात होता जा रहा है। यह मोड़ गिद्धौर के बड़की नदी से करीब 200 मीटर हजारीबाग जाने वाले मार्ग में पड़ता है। तीखी मोड होने के कारण आए दिन छोटी-बड़ी वाहन नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जा रहे हैं। यहां तक कि उक्त मोड पर आधा दर्जन लोग अपनी जान गवां चुके हैं। जबकि दर्जनों छोटी बड़ी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीण उक्त मोड़ पर स्पीड ब्रेक व तीखी मोड होने की सूचना पट्ट लगाने की मांग पथ प्रमंडल विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग से कई बार कर चुके हैं। परंतु इस पर आज तक कोई पहल नहीं हुई। वैसे में आए दिन निरंतर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। मंगलवार की सुबह एक स्कॉर्पियो उक्त मोड पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें स्कॉर्पियो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि वाहन पर सवार यात्री बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो वाहन चतरा की ओर से हजारीबाग जा रही थी। इसी क्रम में उक्त मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर महुआ पेड़ में जा टकराई। वाहन जेएच 01सीजे 5275 जो ?ी के रवि रंजन कुमार का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लिया।

## हरैया पशु मेला की तैयारी अंतिम चरण में

**चंदवा।** वार्षिक हरैया पशु मेला के ठेकेदार रियाज खान उर्फ बाबर खान ने एक प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि चंदवा प्रखंड में लगने वाले प्रसिद्ध वार्षिक हरैया पशु मेला का आयोजन जल्द ही किया जाएगा। इसके लिये तैयारी अंतिम चरण में है। अधिकारियों से इसके लिए अनुमति मिल चुकी है। शांतिपूर्ण मेला संपन्न कराने को लेकर कमिटी अपना काम कर रही है। श्री खान ने बताया कि इस प्रसिद्ध मेले का हिस्सा बनने के लिए जिला ही नहीं राज्य के कोने कोने व गांव कस्बों से लोग यहां खरीददारी करने आते हैं, साथ ही इस मेले में लोग अपनी दुकानें भी लगाते हैं। इधर मेले को लेकर बच्चों,युवाओं,महिलाओं में काफी उत्साह है। बाबर खान ने बताया कि इस बार लोगों को मेले में एक से बढ़कर एक मनोरंजन के साधन उपलब्ध रहेंगे जैसे सर्कस,नाव,बिजली झूला,ब्रेक डांस,मौत का कुंआ समेत अन्य कई साधन देखने को मिलेंगे।

## बड़की नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त बड़ी दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बड़की नदी पर बने पुल की ऊपरी भाग काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। जगह-जगह पर पुल के ऊपर छड़ निकल आए हैं। वैसे में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि पुल के निर्माण होने के बाद से एक बार भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है। वैसे में पुल के ऊपरी भाग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि इस सड़क व पुल से भारी वाहनों का आवागमन लगातार जारी है। यहां तक की टंडवा कोल परियोजना से प्रत्येक दिन 200 से 300 कोल वाहन का परिचालन हो रहा है। जिसके कारण भी पुल के ऊपरी भाग काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। सबसे ज्यादा दिक्कत दो व चार पहिया वाहन के आवागमन में हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पुल को जल्द मरम्मत नहीं किया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। बताते चलें कि इस सड़क से हजारीबाग, रांची, धनबाद, बोकारो, कोडरमा, रामगढ़, गिरिडीह, गया, चतरा सहित अन्य बड़े शहरों के लिए यात्री वाहन का आवागमन होता है।



## डीटीओ ने चलाया औचक वाहन जांच अभियान

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार देर शाम टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित किसुनपुर में डीटीओ इंद्र कुमार द्वारा कोल वाहनों को रोककर कागजातों की जांच की गई। पूछे जाने पर जानकारी देते हुवे बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर नियमित जांच अभियान चलाया गया, जो आगे भी जारी रहेगा। जांच के दौरान ओवरलोडिंग, फिटनेस, इंस्योरेंस, ओवर स्पीड, चालकों की अनुज्ञप्ति समेत कई बिंदुओं की गहनता से जांच की गई। वहीं समाचार लिखे जाने तक 12 कोल वाहनों से प्राप्त कागजात मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने पर निर्धारित फाइन काटकर छोड़ दिया गया।

## भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए मंथन



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि फार्म में भाजपा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह व संचालन प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से चतरा लोकसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार कालीचरण सिंह को भारी मतों से जीत दिलाने पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। साथ ही पदाधिकारियों ने कहा कि सभी सम्मानित कार्यकताओं को घर-घर जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं को बताने की जरूरत है। फिर से तीसरी बार मोदी सरकार के नारे को सफल बनाने की अपील कार्यकताओं से की गई। मौके पर जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन सिंह, प्रीतम राय, राजेंद्र राम, सुनील सिंह, बसंत नारायण सिंह, सीताराम दांगी, रामकुमार सिंह, सुरेश शर्मा, कैलाश सिंह, गोपाल सिंह, संतोष साव, रंजय भारती, श्याम सिंह, रामाधार राम, काजल देवी, कुसुम देवी आदि मौजूद थे।

## रामनवमी पूजा समिति की बैठक में अध्यक्ष बने सुखसागर राणा

नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी चौक में रामनवमी महापर्व को लेकर बीते देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता तिलेश्वर दांगी व संचालन सुखसागर राणा के द्वारा किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी महापर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणों के बीच सिंघानी के छठ पूजा समितियों द्वारा पंचमुखी हनुमत रूद्र मंदिर सिंघानी में एक लाइट, मशीन और चोंगा रामनवमी पूजा से पहले देने की बात कही गई। जिस पर सभी उपस्थित ग्रामीणों ने ताली बजाते हुए छठ पूजा समितियों का आभार व्यक्त किया। वहीं सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन करते हुए अध्यक्ष सुखसागर राणा, उपाध्यक्ष प्रकाश केसरी, सचिव ओम प्रकाश दांगी, उपसचिव प्रकाश कुमार व कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार को मनोनीत किया गया। जबकि संचालक सदस्य पूर्व सेवानिवृत शिक्षक नारायण राम दांगी, कैलाश दांगी, प्रेम भुइयां, दीपक रजक, दीनदयाल राम और विजय भगत को बनाया गया। नव चयनित अध्यक्ष ने मौके पर कहा कि इस बार भी रामनवमी महापर्व हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में आदर्श आचार संहिता को देखते हुए मनाई जाएगी। बैठक में राजू ठाकुर, दीपक प्रसाद केसरी, राजेंद्र दांगी, शिवशंकर दांगी, संजय दांगी, प्रमोद केसरी, विजय रजक, इंद्रदेव दांगी, बजरंगी राम, बासुदेव दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।



## जामा मस्जिद में आयोजित खत्मे तरावीह में सैकड़ों रोजेदार हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** स्थित जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम जामा मस्जिद में सोमवार को खत्मे तरावीह किया गया।ये तरावीह 21 दिनों तक चला, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सभी दिन अकीदत के साथ तरावीह की नमाज अदा की। ज्ञात हो कि तरावीह की नमाज में पुरा कुरान ए पाक बिना देखे इमाम के द्वारा पढ़ाया जाता है। जिसके पीछे सभी लोग नमाज अदा करते हैं। तरावीह के यह नमाज सिर्फ रमजान के दिनों में पढ़ा या पढ़ाया जाता है। वहीं खत्मे तरावीह को लेकर सभी लोग ससमय मस्जिद पहुंचे।ईशा नमाज के फौरन बाद हाफिज नदीम साहब के द्वारा तरावीह की नमाज अदा कराई गई। नमाज के फौरन बाद फातिहा खानी शुरू किया गया।इस दौरान मुफ्ती शब्बर ज्या कादरी के द्वारा रमजान के पाक महीने में हमें क्या और कैसे करना,रहना चाहिए विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि रमजान पाक महीना है इस महीने में अल्लाह नेकियों में इजाफा कर देता है।समी मुस्लिम धर्मावलंबी को चाहिए कि रमजान का एहतराम करते हुए रोजा का एहतमाम करें, खुब कुरान पाक की तिलावत करें।सदका फितरा जकात बढ़ चढ़कर निकाले ये गरीब व मिसकीनो का हक है।जिसे निकालना निहायत ही जरूरी है। वहीं मौलाना रेयाज साहब के द्वारा बहुत खुबसूरत अंदाज में नात ख्वानी करते हुए आला हजरत इमाम अहमद रजा साहब के लिखे कलाम के माध्यम से नबी पाक मोहम्मद साहब की बढ़ाई ब्यान किया। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जमाने में लोगों ने कुरान को मिटाने की बहुत कोशिश की लेकिन कुरान कल भी नहीं मिटा आज भी वैसा ही है। आने वाले कल में भी कुरान में जर्रा बराबर भी कुछ नहीं हो सकता।क्योंकि कुरान अल्लाह की भेजी हुई किताब है और इसकी हिफाजत का जिम्मा खुद अल्लाह तबारक व ताआला ने लिया है। वहीं अन्य लोगों के द्वारा भी नात शरीफ पढ़ी गई।

**अमन-चैन के लिए मांगी गई दुआ :** अंत में हाफिज नदीम साहब व मौलाना रेयाज साहब के द्वारा देश दुनिया में अमन-चैन कायम रहने को लेकर दुआएं की गई।और सभी लोगों को भाईचारगी के साथ रहने को लेकर नसीहत किया गया। जिसके बाद फातिहा खानी किया गया, शिर्नी बांटी गई।और अंत में सभी लोग इमाम व आपस में हाथ मिलाकर गले मिल कर एक दूसरे को रमजान का मुबारक बाद दिया।



### हाफिज को तोहफे में मिला 51092 रुपये व अन्य सामग्री

यह शुरू से सिलसिला चला आ रहा है कि तरावीह पढ़ाने वाली हाफिज को तोहफा के तौर पर कुछ ना कुछ दिया जाए।यह कार्य तरावीह के अंतिम दिन किया जाता है। सोमवार को खत्मे तरावीह के दिन तरावीह पढा रहे जामा मस्जिद के स्टाफ हाफिज नदीम साहब को कमेटी व महुआडांड़ के आवाम की ओर से तोहफा में 51092 रूपए व अन्य सामग्री दिए गए।तोहफा देने वालों में भूतपूर्व सदर आजाद अहमद,नसीर खान,ह्यूम अंसारी, पूर्व सदर फहीम खान,हाजी नसीर साहब,हाजी मोहम्मद, वर्तमान कमेटी के सदर इमरान खान, सिक्रेट्री मजहर खान, खजांची शाहिद कमाल तसव्वर अंसारी व अन्य कमेटी के सदस्यों का नाम शामिल है। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## मामूली विवाद में महिला की पीट-पीट कर हत्या

**कुंदा/ चतरा ।** कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ककनातू गांव में मामूली विवाद में 43 वर्षीय विवाहिता अंजू देवी (पति सरजू चौधरी) की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। घटना के संबंध में बताया जा है कि घरेलू विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि पहले पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष की महिला की बुरी तरह से पिटाई कर दी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 23/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 02.03.2024 जिसे PR 321371 Rural Work Department (23-24).D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, को अपरिहार्य कारणवश निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है –

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.04.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.04.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.04.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 323504 Rural Development(23-24)D

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू
(कार्मिक कोषांग)
Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033
E-mail - electionpalamu1@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के सफल संचालन हेतु नियुक्त मतदान कर्मी का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20.03.2024 को निर्धारित की गयी थी, परन्तु 138 मतदान कर्मी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए, जो काफी खेदजनक है।

अतः अनुपस्थित सभी मतदान कर्मी, अनुपस्थित रहने के कारण सहित अपना स्पष्टीकरण अपने कार्यालय प्रधान/प्रभारी के मन्तव्य के साथ 24 घंटे के अन्दर कार्मिक कोषांग में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी।

प्रभारी पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू।
नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पलामू।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 323510 Palamu (24-25)_D

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा

आवश्यक सूचना

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा जिले के प्रभावित बल के सभी महिला/पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि अगामी लोक सभा चुनाव–2024 आपातकालीन ड़िियुटी के लिए जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा में आगमन कराया जा रहा है।

अतः आप सभी गृह रक्षको को निर्देशित किया जाता है कि अपना आगमन कार्यालय आकर करवा लें आपातकालीन ड़िियुटी नही करने वाले गृह रक्षको का बॉण्ड रद्ध करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा

PR 323521 Home (24-25)_D

## एक नजर

### स्काई बैलून का अधिष्ठापन आज

**लोहरदगा।** मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 03.04.2024 को पूर्वाह्न 10.45 बजे समाहरणालय परिसर लोहरदगा में स्काई बैलून का अधिष्ठापन किया जाएगा। पूर्व में यह कार्यक्रम आज दिनांक 02.04.2024 को निर्धारित था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था। उक्त जानकारी सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा दी गयी।

### हर घर जल नल योजना की खुली पोल

**चैनपुर :** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड अंतर्गत मेराल पंचायत के बारडीह गांव में तीन जलमीनार है लेकिन तीनो की स्थिति गंभीर है' बारडीह गांव में लगभग 80 से 85 परिवार रहते है जहा पिने योग्य पानी तक नसीब नही हर घर जल नल योजना के तहत काम तो हुवा पर वो किसी काम का नही कही पाइप जमीन से ऊपर निकले हुए है तो कही लगे जलमीनार के मोटर जली हुई है ऐसे इस्थिति में न वहाँ के जनप्रतिनिधियों को किसी बात की चिंता है और न किसी प्रसासनिक पदाधिकारी को किसी बात की चिंता है स्थानीय मुखिया चजरेन मिंज से बात करने पर वही रटा रटाया जवाब ₹जिला में सूचित कर दिया गया है लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है,, ग्रामीणों की शिकायत है कि ये मामला सिर्फ एक गांव का नही बल्कि पूरे पंचायत में इसी तरह के कार्य हुए है देखना यह है कि कबतक हालात सुधारते है। ग्रामीणों का कहना है की ग्राम में पानी की समस्या बहुत ज्यादा बनी हुई है। नल जल योजना ग्राम में है, पर वह लोगों के लिए पर्याप्त नहीं है। एक समय जो पर्याप्त ना होने से मवेशियों के लिए प्रत्येक घर में आफ त बनी हुई है। प्राकृतिक जलस्त्रोत भी अटने लगे हैं। वहीं हमारे घरों से तालाब बहुत दूर है।

# चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बीडीओ ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मंगलवार को लोकसभा चुनाव की तैयारी व विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिसंवेदनशील, संवेदनशील, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, बूथों पर पहुंचने के लिए रूट चार्ट बनाने, भेद मतदान केन्द्र का पहचान करने, मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने सहित कई बिदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान के दौरान उनके कार्य को भी समझाया गया। बैठक में मतदान केंद्र की वर्तमान स्थिति एवं रंग पेंट, शौचालय की साफ सफाई आदि पर भी चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सेक्टर पदाधिकारी को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया है। जिसमें अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथों को चिन्हित करने, धारा 107 के निरोधात्मक कार्रवाई शुरू किये जाने एवं बंधपत्र की प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व थानाध्यक्षों को बूथों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन भेजने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव से पहले शस्त्रों का सत्यापन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गांवों में मतदाता जागरूकता रैली एवं विभिन्न स्लोगन के साथ विद्यालयों में पेंटिग प्रतियोगिता आयोजन का निर्देश दिया गया है। साथ ही असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी नजर रखने एवं अपराधी प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया है।

## बीडीओ की अगुवाई में पंचायत कर्मियों की हुई बैठक

**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में तेजी लाने के उद्देश्य से मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में संचालित विकास योजनाओं को गति देते हुए पूरा करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि भंडरा प्रखंड में संचालित अबुआ आवास, बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप को अविलंब पूरा करें। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड में स्वीकृत सभी अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों के खाता में राशि स्थांतरित कर दिया गया है। इसके बाद भी प्रखंड में कई ऐसे लाभुक है। जो अबतक अबुआ आवास योजना का काम भी शुरू नहीं किया है। जिसे अविलंब कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चुनाव काम के साथ-साथ विकास योजनाओं को भी समय से पूरा करना है। विकास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी तरह से लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मनरेगा योजना के तहत लोगों को काम मुहैया कराने का निर्देश दिया है। मौके पर महिपाल उरांव, आलोक भगत, मोफिद अंसारी सहित कर्मी मौजूद थे।

## आंशिक विक्षिप्त ने गांव के ही एक परिवार के घर पर किया हमला

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला :** घाघरा मुख्यालय से 35 किलोमीटर सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र तेंदार गांव में एक आंशिक विक्षिप्त ने गांव के ही एक परिवार के घर पर किया हमला । मिली जानकारी के अनुसार तेन्दार ग्राम निवासी धीरज मुंडा व उनके परिवार मंगलवार को दोपहर में अपने घर में खाना खाकर आराम कर रहे थे तभी उसी गांव के आंशिक विक्षिप्त छोटेलाल उरांव उनके घर पहुंचा और घर का दरवाजा पीटते हुए दरवाजा खोलने को कहा ।इसके बाद धीरज ने दरवाजा खोला तो घर घुसा और मुझे डर लग रहा है मुझे कहीं छुपा दो या कहीं पहुंचा दो कहते हुए बगल में रखे टांगे उठाकर सभी पर अंधाधुंध वार करने लगा ।जिससे 42 वर्षीय धीरज मुंडा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । वही पत्नी बासमती देवी उम्र लगभग 40 वर्ष, बेटा दशरथ मुंडा उम्र लगभग 7 वर्ष एवं बेटी मुक्ति कुमारी उम्र लगभग 9 वर्ष पर भी तंगी से वार किया गया जिससे मृतक के पत्नी एवं दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए ।इसके बाद छोटेलाल टांगे लेकर गांव में घूमता रहा, डर से ग्रामीण काफी देर तक उसकी नजदीक नहीं सटे। अंत में चकमा देकर ग्रामीणों ने छोटे लाल को पकड़ा और एक कमरे में बंद कर दिया ।घटना की सूचना घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार को मिली इसके बाद दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।वहीं घटना की सूचना पाकर खबर संकलन करने के लिए पुलिस से पहले पहुंचे पत्रकार गौतम कुमार ने खून से लटपट जमीन पर पड़े तीनों घायलों को अपने निजी कार में उठाकर बिशनपुर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां तीनों का इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया ।इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा सूचना मिली कि तेंदार में एक विक्षिप्त ने धीरज मुंडा एवं उनके परिवार पर हमला कर दिया है जिससे धीरज की मौत हो गई है ।इसके बाद घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर लिया गया है । वहीं ग्रामीणों के द्वारा विक्षिप्त छोटेलाल को कमरे में बंद कर रखा गया था, जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है ।

# डीसी-एसपी ने लोहरदगा मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा :** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में मंगलवार को सरकारी अमला लोहरदगा मंडल कारा का निरीक्षण किया।बंदियों के एक-एक सामान की जांच की गई। हालांकि इस दौरान जेल के अंदर किसी भी तरह का कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नही किया गया है। वही जेल में बंद विचाराधीन कैदी की स्थिति व व्यवस्था का हाल जाना।दोनों अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को जेल की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मंडल कारा के औचक निरीक्षण के क्रम में डीसी-एसपी ने जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश देते हुए पूरी तरह से सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जेल प्रशासन को किसी भी हालत में चूक नहीं होने की बात कही। जेल निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा की सुरक्षा व्यवस्था, मंडल कारा से पेशी के लिए न्यायालय कैदियों को ले जाने और वापस लाने की व्यवस्था, जैमर, बैरक, बंदिया की संख्या, नक्सली बंदियों एवं साधारण बंदियों की स्थिति, जेल के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था आदि का बिंदुवार जायजा लिया। इस दौरान बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के बारे में जेल अधीक्षक से जानकारी ली गई। एसपी हारिस बिन जमां ने बताया कि यह निरीक्षण एक रूटीन निरीक्षण था। आगामी चुनाव को लेकर भी पुलिस प्रशासन सतर्कता बरत रही है। जेल में किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं किया गया है। इधर, अहले सुबह पदाधिकारियों के जेल पहुंचने पर जेल कर्मियों और कैदियों के बीच हड़कंप मच गया. मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी, जेलर सुबोध कुमार, सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

### मोहन ठाकुर समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे, सुरक्षा कारणों से जेल पर विशेष नजर

जानकारी के अनुसार यह रूटीन निरीक्षण था, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसकी अहमियत बढ़ गई है. सुरक्षा कारणों से जेल में भी विशेष नजर रखी जा रही है. कई संदिग्ध और आपराधिक छवि के लोग विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद हैं. जेल में बंद कैदी किसी भी रूप में चुनाव को प्रभावित न करें इसके लिए सतर्कता बरती जा रही है. सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट है।

## प्रकृति पूजा सरहुल को लेकर धुमकुड़िया भवन में हुई बैठक

**कैरो / लोहरदगा :** प्राकृतिक पूजा सरहूल को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय धुमकुड़िया भवन मे पहान बीरेंद्र उरांव के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में पुरानी सरहुल पूजा समिति को भंग करते हुए सर्व सम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। इस वर्ष के प्रकृतिक पूजा सरहुल समिति के दुसरी बार परमेश्वर भगत को अध्यक्ष चुना गया तो वही उपाध्यक्ष कृष्ण उरांव, सचिव विकास उरांव सहसचिव पवन उरांव, कोषाध्यक्ष कुमार अभिमन्यु उरांव को बनाया गया। इस मौके पर पहान बीरेंद्र उरांव ने कहा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहूल पूजा में भव्य रूप से सोभायात्रा निकाला जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### भविष्य के मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई गई



**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मंगलवार को भविष्य के मतदाताओं को समाहरणालय परिसर में मतदाता शपथ दिलायी गई। शपथ में स्वीप कोषांग की ओर से भविष्य के मतदाताओं को लोकतंत्र में आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, सामुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई। स्वीप कोषांग की ओर भविष्य के मतदाताओं को शपथ दिलाने में सुषमा नीलम सोरेंग, आईटीडीए परियोजना निदेशक-सह-वरीय पदाधिकारी, ईडीसी व पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग, सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो समेत स्वीप कोषांग के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कैरो शिशु मंदिर में हवन पूजन के साथ कक्षाएं शुरू



**कैरो / लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में सत्र 2024-25 का शुभारंभ आचार्य कौशल त्रिपाठी द्वारा हनुमान चालीसा ,गीता का पाठ, वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ से हुआ। इसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, उपाध्यक्ष डॉ भोला प्रसाद, सचिव संजय साहू एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से सरस्वती,ओम व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्या भारती के निदेर्शानुसार नए सत्र का आरंभ हवन यज्ञ से किया जाता है।उन्होंने हवन यज्ञ के महत्व को विस्तार से बताया और कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। देवी- देवता प्रसन्न होते हैं। इस हवन यज्ञ कार्यक्रम में भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### बजरंग दल गुमला नगर के तीन कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला :** झ्र सदर अस्पताल गुमला परिसर के ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला नगर के तीन कार्यकताओं ने किया रक्तदाने रक्तदान करने वालों ने सूरज सोनी, मनीष कुमार,दुर्गा महली है तीनों रक्तदाताओं ने आपातकालीन स्थिति में अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान कियो बजरंग दल विभाग संयोजक मुकेश सिंह ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल को भारतीय नव वर्ष भी है उसी के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान पर कामडरा प्रखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगो मौके पर यशराज सिंह, विकाश गोप लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार अंजू किंडो रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### सेन्हा में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**सेन्हा-लोहरदगा।** बुटी ग्राम पंचायत सीमावर्ती क्षेत्र के खुट गढ़ा में खेत के समीप पेड़ से युवक का मिला शव, गांव में छाया मातम। सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी गई.सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित खुट गढ़ा के समीप पेड़ से शव लटका देख ग्रामीणों के बीच सनसनी फैल गई.वही मृतक की पहचान छोटका बुटी टोली निवासी करमा उराँव का 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण उराँव के रूप में किया गया है.मृतक के पिता व परिजनों ने बताया कि प्रवीण मंगलवार सुबह नाश्ता करने के बाद घर से कटहल तोड़ने की बात बोल कर निकला था.साथ ही बताया कि रात में मानशिक स्थिति बिगड़ने के कारण काफी रात तक शोर गुल कर रहा था. बताते हुए करमा उराँव ने कहा कि प्रवीण का 4 वर्ष पूर्व से मानशिक स्थिति ठीक नही रहता था.जिसका इलाज चल रहा था. ठीक होने के बावजूद प्रदेश से कमा कर लौटा था.जिसे अचानक बीते रात से पुनः तबियत खराब हो गया.मंगलवार सुबह खेत में जा कर चाइना बिजली तार से फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया.घटना की सूचना पर ए एस आई अलबिना लकड़ा दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज घटना का जायजा लेने में पुलिस जुट गई.इस संदर्भ में ए एस आई अलबिना लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया फांसी से लगाने से मौत हुई है.फिलहाल पुलिस द्वारा सभी बिंदु पर जांच किया जा रहा है।

## सरकार के वोटर अवेयरनेस कंटेस्ट में भाग लेने एवं चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला :** राज्य सरकार द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ₹झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट₹ के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त थे।राज्य सरकार द्वारा प्रविष्टियों को प्राप्त करने की तिथि, जो पूर्व से 31.03.2024 निर्धारित है, को विस्तारित करते हुए दिनांक 10.04.2024 तक निर्धारित की गई है। उक्त से संबंधित जन जागरूकता हेतु आज जिला स्वीप कोषांग के द्वारा एसएस+2 महिला उच्च विद्यालय में वहां की विद्यार्थियों को उक्त कॉन्टेस्ट से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई साथ ही विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित भी किया गया। इससे पूर्व स्वीप की टीम के द्वारा कार्तिक उरावों कॉलेज का भी दौरा किया गया जहां विद्यार्थियों के बीच विभिन्न। प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन किए जाने से संबंधित परिचर्चा की गई। स्वीप सह मीडिया कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी एलीना दास ने छात्राओं को कॉन्टेस्ट में भाग लेने हेतु प्रेरित किया, उन्होंने छात्राओं को स्पीच , डांस, पेंटिंग जैसे विभिन्न एक्टिविटी में भाग लेते हुए किस प्रकार से रिल्स बनाया जा सकता है,साथ ही क्रिएटिव अंदाज क्या रहेगा, कौन से गानों का उपयोग किया जा सकता है आदि से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं इस दौरान स्वीप सेल के कर्मी सह शिक्षक राजेश कुमार एवं फिरदोस ने भी विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले स्वीप एक्टिविटी से संबंधित जानकारी विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को दिया। इस दौरान छात्राओं ने भी उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु रुचि दिखाई एवं उपस्थित सभी छात्राओं ने भी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपना सहयोग देने की बात कही।

## पुलिस ने अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध की कार्रवाई, 2 ट्रैक्टर किए गए जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू परिवहन मामला में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को किया गया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटो से अवैध बालू परिवहन चोरी छुपे जारी है.जिसकी सूचना लगतार अंचलाधिकारी व पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी को प्राप्त हो रही थी. उसी क्रम में सूचना सत्यापन के दौरान अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के नेतृत्व में सेन्हा थाना पुलिस के द्वारा अवैध बालू परिवहन पर कारवाई किया गया.जिसमे जे एच 08 एच 8882 तथा जे एच 08 एच 3437 नम्बर का दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया. एक ट्रैक्टर मेढो पुल के समीप केला बगान के पास पक्की सड़क पर परिवहन करते हुए जब्त किया गया.जबकि दूसरा ट्रैक्टर को सेन्हा बरवाटोली से जब्त कर दोनों ट्रैक्टर को सेन्हा थाना में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया है. वही बताया जाता है कि खनन विभाग का खनिज संपदा चोरी एवं राजस्व क्षति पर अंकुश लगाने की दिशा में राज्य सरकार के आदेशनुसार क्षेत्र में लगतार उन बालू माफिया के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है.उसके बाबजूद बालू माफिया अवैध बालू उत्खन एवं परिवहन कार्य को अंजाम देने में हावी हैं. इस संदर्भ में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने बताया कि उन बालू माफिया के विरुद्ध विभाग के निदेर्शानुसार कारवाई जारी रहेगा और पकड़े जाने पर खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कारवाई किया जाएगा।

### हवन पूजन एवं सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ सत्र आरंभ

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में हवन पूजन एवं रामचरितमानस के सुंदर कांड पाठ के साथ सत्र आरंभ किया गया। इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन काफी उत्साहित थे। शांति एवं आनंदमय में वातावरण में वंदना सभा कक्ष में सभी कार्यक्रम संपादित किए गए। इस अवसर पर हवन पूजन, सतनारायण कथा, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ सुंदरकांड का स्वर स्वर पाठ किया गया एवं आरती की गई। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने भैया बहनों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा सनातन संस्कृति से ओतप्रोत शिक्षा को ग्रहण करते हुए हमारे छात्र सदाचारी, परोपकारी, मातृ पितृ भक्त एवं राष्ट्रभक्त बनकर भारत माता की सेवा एवं रक्षा का व्रत ले रहे हैं। हम इनके निरंतर उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर विद्यालय के कार्यकारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद एवं भारी संख्या में अभिभावक बंधु भगिनी, आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# गुमला की महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक





नवीन मेल संवाददाता

**गुमला :** वोट करेगा गुमला₹, ₹वोट देगी बिमला, आई एम रेडी टू वोटर₹, ₹छोड़ सारे काम, सबसे पहले करें मतदान₹ जैसे नारे लगाते हुए आज जिले की सैंकड़ों महिलाएं स्कूटी लिए सड़क पर उतरी। महिलाओं का काफि लां चंदाली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज से निकलते हुए थाना चौक, टावर चौक, करमडीपा, के.ओ. कॉलेज से सीलम तक गया एवं नगर भवन में स्कूटी रैली का समापन किया गया।

**>>जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर रैली को किया रवाना**

जिले के मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक करने एवं शहरी क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से आज स्वीप एवं मीडिया कोषांग के संयुक्त पहल से इस प्रकार के स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता, पीडी आईटीडीए द्वारा हरी झंडी दिखा कर उक्त रैली को रवाना किया गया इस दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी जिला नजारत उप समाहर्ता सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

**>>उपायुक्त ने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जिले के मतदाताओं से की अपील**

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां उपस्थित सभी महिलाओं का मनोबल बढ़ाया एवं आम नागरिकों से जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। महिलाओं के द्वारा निकाली गई रैली ने पूरे शहर को घर से बाहर आकर देखने को मजबूर किया, वहीं कई मतदातों ने भी अपने घर के समीप खड़े होकर महिलाओं के सुर से सुर मिला कर मतदाता जागरूकता हेतु नारा लगाया। प्रातः 7 बजे से निकली यह रैली लगभग 9 बजे तक चली एवं जिले के नगर परिषद क्षेत्र का चक्कर लगाया।

**>>वोटर हेल्प लाइन ऐप को किया महिलाओं ने डाउनलोड**

रैली के उपरांत नगर भवन में सभी महिलाएं इकट्ठा हुई जहां सभी महिलाओं ने एक साथ वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया एवं महिलाओं को उक्त एप्लीकेशन के महत्वपूर्ण बिंदुओं से भी अवगत कराया गया। सभी महिलाओं ने एक सुर में कहा कि मतदान दिवस के दिन वे भी वोट करेंगी ।

## एक नजर

### बोलानी के साईं बाबा मंदिर की दानपेटी तोड़ हजारों रुपये की चोरी

किरीबुरु। झारखण्ड से सटा ओड़िसा के बोलानी थाना क्षेत्र मे चोरो का तांडव निरंतर जारी है। चोरो ने बीती रात बोलानी के शांतिनगर स्थित साई मंदिर की घंटी, दान पेटी को तोड़ पैसा, मंदिर मे रखे माईक मे लगने वाले मशीन एवं पेन ड्राइव चोरी कर ले गए। साई मंदिर के सेवक के अनुसार रात्रि 10 बजे साई बाबा की पूजा अर्चना कर अपने निवास स्थान गए। प्रातः काल आने के बाद देखा कि मंदिर के पीछे के दरबाजे मे लगा ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो दान पात्र के भी ताले टुटे है, और दान पात्र के सारे रुपए, पैसे गायब है। दान पेटी में लगभग तीस से चालिस हजार रुपए होगे। घटना की सूचना मिलने के बाद बोलानी पुलिस घटनास्थल पर आई। साई बाबा मंदिर के पुजारी बिपद दास ने चोरी की घटना की लिखित शिकायत बोलानी थाना मे दर्ज कराई है। घटना वाली रात चोरो ने शांतिनगर के हनुमान मंदिर मे भी चोरी करने के लिए प्रागंण मे प्रवेश किया था, लेकिन चोरी में कामयाब नही हो पाये। चोरों द्वारा लाया गया सब्बल मंदिर प्रागंण में था, जिसे बोलानी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### निरसा व आसपास के इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। पुलिस अपराधियों पर सख्त नजर रख रही है। निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की शाम पुलिस व सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकला. फ्लैग मार्च गोपालगंज, पीठाक्यारी, भलजोरिया रोड, वीरसिंहपुर, निरसा बाजार, जामताड़ा रोड होते हुए अन्य इलाकों में गया। थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। असमाजिक तत्वों व अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार

**धनबाद।** किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी टुंडी निवासी युवक सीताराम मुर्मू को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए तीन अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में नौ जुलाई 2023 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुर्मू ने किशोरी को शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। वर्ष 2020 में उसने एक बच्ची को जन्म दिया, इसके बाद आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। ग्राम प्रधान के घर में इसे लेकर बैठक हुई। जिसमें सीताराम ने अपना दोष स्वीकार किया और शादी करने की बात कही। बाद में वह अपने वादे से मुकर गया। छह जुलाई 2023 को आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस में चार सितंबर 2023 को आरोप पत्र दायर किया था।

### डीसी ने जमीन मालिक को तंग करने वाले को हिरासत में भेजा

**बोकारो।** बोकारो की डीसी विजया जाधव ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई की. उन्होंने जमीन मालिक रामनाराण मेहता को बेवजह परेशान करने और जमीन पर निर्माण कार्य रोकने के आरोपी अनिश कुमार पांडेय को हिरासत में लेकर थाने को सौंप दिया. डीसी ने एसपी पूज्य प्रकाश, डीडीसी संदीप कुमार व चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में पूरे मामले की सुनवाई की. उन्होंने आरोपी को दोषी पाते हुए सेक्टर 12 थाना प्रभारी को बुलाकर हिरासत में भेजवाया. ज्ञात हो कि सेक्टर 12 थाना अंतर्गत तेतुलिया खाता नंबर 40, पुराना प्लॉट संख्या 312 के मालिक राम नारायण मेहता ने शनिवार को डीसी से मिलकर शिकायत की थी कि अनिश कुमार पांडेय व अन्य उनके प्लॉट पर अपना झूठा दावा कर रहे हैं।

# होटल में छुपा कर रखा गया 25 पेटी से अधिक अवैध विदेशी शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

पचम्बा थाना के बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास स्थित सुमित होटल में छुपा कर रखा गया 25 पेटी से अधिक अवैध विदेशी शराब को गिरिडीह पुलिस ने जब्त किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा दो होटल स्टॉफ को भी हिरासत में लेने की बात सामने आई है। जबकि संचालक के फरार होने की सूचना है। हिरासत में लिए गए कर्मियों का नाम राजदेव दास और लखन कुमार बताया जा रहा है।

न्यू सुमित होटल में अवैध शराब को छिपाकर रखने की गुप्त सूचना गिरिडीह एसपी को प्राप्त हुई थी। सूचना के पश्चात सदर बीडीओ गणेश रजक, अंचल निरीक्षक पचम्बा अंचल पु०नि० मन्दु कुमार, नगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पचम्बा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में टीम के साथ उक्त होटल में तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में होटल के पीछे के रूम से पेटी एवं बोरा में छिपाकर रखी गई करीब 25 पेटी विदेशी शराब / बियर विभिन्न ब्रांडों के कुल 181 लीटर बरामद किया गया।

मौजूद कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह होटल सुमित साहु, पिता बिनोद प्रसाद साहु द्वारा संचालित किया जाता है। उपरोक्त के संबंध मे पचम्बा थाना में कांड अंकित किया गया। मौजूद दोनों कर्मचारी से वैध कागजात की मांग की गई। इनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद होटल में काम करने वाले दोनों कर्मियों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

## संजय सिंह को मिली जमानत, लोकतंत्र की हुई जीत : आप

**गिरिडीह।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत तय है। देर सबेर आम आदमी पार्टी के सभी नेता रिहा होंगे। आज तक चारों नेता के घर से एक रुपैया बरामद नहीं हुआ। कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन से उपजी हुई पार्टी है। लेकिन देश में अभी तानाशाही चलाने वाली सरकार चल रही है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतिहास में पहली बार विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के माध्यम से विपक्ष को जेल में डालकर चुनाव जीतने का उनका सपना सपना ही रह जाएगा। देश की जनता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क पर उतर चुकी है।

## शोभायात्रा के साथ मां मथुरासिनी की दो दिवसीय पूजा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के तुलाडीह भरकट्टा में माहुरी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माहुरी वैश्य मंडल भरकट्टा, माहुरी युवा मंच भरकट्टा, पुजा समिति भरकट्टा एवं माहुरी वैश्य महिला एवं बालिका समिति भरकट्टा के द्वारा काफी हर्षोउल्लास के साथ कुल देवी मां मथुरासिनी का दो दिवसीय पुजोत्सव शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान जय मां मथुरासिनी,जय श्री राम के नारों से पुरा भरकट्टा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुजा सच्चिदानंद पाण्डेय जी के द्वारा संपन्न कराया गया।

जिसमें मुख्य पुजारी नितिश सेठ एवं उनकी धर्म पत्नी सुषमा सेठ थी। पुजा संपन्न होने के साथ ही महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही संध्या आरती एवं रात्रि में भक्ति जागरण एवं झांकी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अजीत चरणपहाडी, कोषाध्यक्ष अरूण तर्वे, नवयुवक समिति अध्यक्ष राकेश तव समेत काफी संख्या में माहुरी के लोग उपस्थित थे।

## फर्जी बेलर बनकर अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पुलिस ने फर्जी बेलर बन अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिदगोड़ा 10 नंबर बस्ती निवासी अरविंद प्रसाद सिंह और आदित्यपुर 2 रोड नंबर 11 निवासी नवीन कुमार राय शामिल है.पुलिस ने इनके पास से 54 आधार कार्ड, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड, 25 सेट आधार कार्ड एवं वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर एवं वाहन का पॉलिसी पेपर का छाया प्रति, 57 पीस स्टांप पेपर, अलग- अलग व्यक्तियों का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 30 पीस और दो पीस छोटा स्टेपलर समेत तीन मोबाइल बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी आधार कार्ड एवं वाहनों का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाकर फर्जी व्यक्ति बनाकर जेल में बंद अपराधियों को जमानत लेने के लिए जमानदर बन रहे हैं। इस संबंध में सिविल कोर्ट सुरक्षा में लगाए गए पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को कोर्ट परिसर में आने- जाने वाले व्यक्तियों का सघन जांच करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को सिविल कोर्ट गेट नंबर 3 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया।

## लक्ष्मीपुर मंदिर में श्री रूद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण

**23 अप्रैल से 5 मई तक भक्ति से सराबोर रहेगा भंडारी पंचायत**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

तिसरी प्रखंड के भंडारी पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर शिव मंदिर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथों में ध्वज लेकर गाजे - बाजे के साथ हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, जय श्री राम आदि नारा लगाते हुए लक्ष्मीपुर, पुरनाडीह, मँझलाडीह, खुद्दी आदि गाँवों का भ्रमण किया। जिसके उपरांत मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। बताया गया कि लक्ष्मीपुर शिव मंदिर में 23 अप्रैल से 5 मई तक रूद्र महायज्ञ सह नंदी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 23 अप्रैल को कलश जल यात्रा एवं वेदी निर्माण के साथ बी महायज्ञ की शुरूआत हो जाएगी।

## बीडीओ ने की बूथों को ले समीक्षा बैठक, ली व्यवस्था की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

घाटशिला प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ युनिका शर्मा ने मंगलवार को कलस्टर में नियुक्ति पदाधिकारी और अन्य कर्मचारियों के साथ लोकसभा चुनाव सफलता पूवर्क संचालन को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान जिन पदाधिकारियों से संबंधित क्षेत्र में बूथ पर अभी तक पानी, शौचालय, बिजली, पंखा, रैंप आदि के कमी को पूरा नहीं किया गया है, उन्हें जमकर फटकार लगायी। साथ ही कहा कि मतदान के दिन किसी प्रकार की कमी बुथ पर पायी गई तो कारवाई के लिए भी तैयार रहें। बीडीओ ने बैठक के दौरान बुथवार समीक्षा कर एक एक पदाधिकारी से उनके बुथ पर व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया। बीडीओ ने कहा कि सभी लोग अपने अपने बूथ पर जाकर एक एक कमी को समय रहते पूरा करें। इस दौरान बुथ पर जो लोग पहले से कार्यरत है, उनसे जानकारी ले। जहां भी किसी प्रकार की दिक्कत आती है तत्काल हमलोगों से सम्पर्क करे।

### रामराज की बात करने वाली भाजपा रावणराज लाना चाहती है : संतोष सिंह

**धनबाद।** एग्यारकुंड व कलियासोल प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को कुमारधुबी स्थित मैरिज हाल में हुई। बैठक में कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। आपसी विचार-विमर्श के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रामराज की बात करने वाली भाजपा धनबाद जिले में रावणराज लाना चाहती है। भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है। भाजपा धनबाद लोकसभा सीट से रंगदारों को टिकट देकर सभ्य समाज और व्यापारियों के अंदर खौफ पैदा करना चाहती है।

## महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ाने में लगी रही मोदी सरकार : राजेश यादव

**जन संपर्क के दौरान कोडरमा लोकसभा से विनोद सिंह को जिताने की अपील**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर देश की गद्दी पर बैठी मोदी सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही। खासकर बेरोजगारी से देश के युवा परेशान हैं। झारखंड जैसे राज्य के युवा रोजगार के लिए प्रवासी बनने को मजबूर हुए। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने आज कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विस, गिरिडीह सदर प्रखंड के जगजगो-टुसकियो तथा बुढ़ियाटांड़ में जन संपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, घर-घर महंगाई तथा युवा वर्ग बेरोजगारी की तबाही झेल रहा है। किसान-मजदूर अपने अधिकार छीने जाने से बेचैन हैं, वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका मोदी सरकार ने हमेशा दमन किया। इन ज्वलंत समस्याओं से इतर मोदी सरकार चंदा घोटाला में व्यस्त रहकर कंपनियों की सेवादारी में लगी रही।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की आपत्तिजनक फोटो वारयल

**धनबाद।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एक आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बताया जाता है कि फेसबुक पर यह तस्वीर पोस्ट की गई है। वायरल फोटो में हेमंत सोरेन को हाथ में पिस्तौल लिये दिखाया गया है। उनके पीछे झारखंड के वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को खड़ा दिखाया गया। तस्वीर का टाइटल दिया गया है ''विश्वासघाती''।

### फर्जी चेक बना 36 लाख का चूना लगाने वाले पिता-पुत्र को 3 साल की कैद

**धनबाद।** मेसर्स कुमारधुबी इंटरप्राइजेज के नाम पर फर्जी चेक बनाकर राजस्थान सरकार को 36 लाख 70 हजार रुपए का चूना लगाने के एक मामले में धनबाद के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राकेश रोशन की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया. अदालत ने नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी मनी प्रसाद और उसके पुत्र राकेश कुमार को दोषी करार दिया है. अदालत ने सहायक लोक अभियोजक वर्षा द्विवेदी की दलील सुनने के बाद आरोपी पिता-पुत्र को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास व दस-दस हजार रुपए जुमार्ना की सजा सुनाई. प्राथमिकी बैंक ऑफ बडौदा के ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 25 सितंबर 2021 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक आरोपियों ने 9 सितंबर 2021 को भीलवाड़ा जिला अधिकारी के कार्यालय से निर्गत चेक का क्लोन चेक बनाया और उसे बैंक में यह दावा करते हुए जमा किया कि भीलवाड़ा जिला परिषद के कार्यालय ने उनके कुमारधुबी इंटरप्राइजेज के नाम से चेक निर्गत किया है।

# वीरांगना महिला ट्रस्ट की हुई बैठक, अंजू बनीं अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

गिरीडीह वीरांगना महिला किसान ट्रस्ट के द्वारा सरिया में प्रखंड विस्तार करते हुए मंजू देवी को सरिया प्रखंड अध्यक्ष, अनिता देवी को को सचिव, प्रतिमा देवी को कोषाध्यक्ष, लीलावती देवी को सलाहकार, यशोदा देवी महासचिव, जनक दुलारी देवी को संगठन में जोड़ते हुए मनोनीत किया गया।

इस दौरान ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अंजू सोनी ने बताया कि नारी सम्मान सुरक्षा समिति का आज सरिया प्रखंड में विस्तार किया गया हैं जिसका उद्देश्य हैं कि आये दिन घरेलू हिंसा, आपसी विवाद ओर लड़ाई-झगड़े को रोकथाम करते हुए बेहतर सबन्ध स्थापित करने का एक समिति गठन की गई हैं जिसमे सरिया थाना क्षेत्र के लिए अंजू देवी को प्रमुख बनाया गया हैं।

सोनी ने बताया कि नीति आयोग के द्वारा हमारा संगठन पिछले 10 वर्षों से संचालित हैं जिसमे अब तक 16 जिला का विस्तार किया जा चुका हैं जिसे हर प्रखंड से लेकर पंचायत तक लोगों को जागरूक करना हैं तथा घरेलू विवाद को ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा सुलझाया जा सकता हैं। सोनी ने बताया कि गिरीडीह में अब तक 100 से अधिक घरेलू विवाद को आपसी समझौता कराते हुए निष्पादन किया गया हैं।

## न्यूज बॉक्स

### आईटीआई पास विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप करना जरूरी : सीजीएम




**किरीबुरु।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन ने सीजीएम आरपी सेलबम के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. इसमें दो बैच के आइटीआई पास सारंडा के विभिन्न गांवों के 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बैग और फाईल दिया गया. इसके अलावे सारंडा के गांवों के 10 किसानों के बीच सब्जियों के बीज, खाद, झरना आदि वितरण किया. सभी 20 विद्यार्थियों को सीएसआर योजना के तहत मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपने खर्च से आइटीआई कराया है.सीजीएम आरपी सेलबम ने आइटीआई पास सभी छात्रों का बेहतर भविष्य की कामना करते हुये कहा कि ग्रामीण विद्यार्थियों का स्कील डेवलपमेंट व बेहतर भविष्य हेतु आइटीआई कराया जा रहा है. एचएएम का प्रशिक्षण भी जल्द प्रारम्भ करेंगे. उन्होंने कहा कि सिर्फ आइटीई कर लेने से नौकरी नहीं मिलेगी. इसके लिये कम से कम एक साल या उससे अधिक का अप्रेंटिसशिप व कार्य अनुभव जरुरी है. सेल प्रबंधन भी एक वर्ष का अप्रेंटिसशिप करा रहा है. इसके अलावे कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण भी सेल प्रबंधन दे रहा है. शिक्षा व अनुभव निरंतर प्राप्त करते रहने से सफलता अवश्य मिलेगी. उन्होंने कहा कि हम सारंडा के किसानों का आर्थिक उन्नति हेतु हमेशा सब्जियों की बीज आदि वितरण कर रहे हैं, आगे भी सहयोग करते रहेंगे.इस कार्यक्रम में बहदा, कुमडीह, बाईहातु, बालिबा, कोलायबुरु, छोटानागरा, होंजोरदिरी, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, नुईयागड़ा आदि के ग्रामीणों के अलावे महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, महाप्रबंधक एसके सिंह, महाप्रबंधक वीके सुमन, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक केबी थापा, महाप्रबंधक विकाश दयाल, उप महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, कल्याण माझी, जी के नायक, सहायक महाप्रबंधक अवधेश सिंह, आर स्वांय, राम बाबू डोराडला, अजीत कुमार, एन के विश्वास, डा मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आलोक वर्मा, संदीप भारद्वाज आदि अन्य उच्च अधिकारी शामिल थे.

### शहीद गंगाराम की शहादत दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर : संघ




**चाईबासा।** ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान और हो उम्बुल ट्रस्ट, पश्चिमी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में 4 अप्रैल 2024 को तांतनगर प्रखंड के कोकचो सामुदायिक भवन में शहीद गंगाराम कालुंडिया जी को शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी. रक्तदान के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बिरूली और ट्रस्ट के सचिव शांति सिद्दू ने संयुक्त रूप से साझा की। श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान शिविर के लिए सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है. मौके पर मुख्य रूप से रेयांस सामड, श्याम कुदादा,अभिराम हेमब्रोम और साथी उपस्थित थे।

### मतदाताओं को प्रपत्र 6 से जोड़ने के बारे में विस्तार से दी जानकारी




**चाईबासा।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स पश्चिम सिंहभूम, चैंबर ऑफ कॉमर्स चाईबासा और रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान से चेंबर पार्क में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन की उपस्थिति में सभी सदस्यों के द्वारा मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सदर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को मतदान के संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया और प्रपत्र 6 के बारे में भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गयी। साथ ही साथ नए मतदाताओं को प्रपत्र 6 के माध्यम से जोड़ने के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें और अपने साथ-साथ आस- पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने हेतु अपील करें तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों को मतदान देने हेतु शपथ भी दिलाया गया।

### दामोदर को बचाने लातेहार से हल्दिया तक 790 किमी निकलेगी साइकिल यात्रा




**बोकारो।** झारखंड की जीवन रेखा दामोदर नदी को बचाने के लिए दामोदर नदी के उद्गम स्थल लातेहार जिले के चूल्हापानी से संगम स्थल पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक 790 किमी साइकिल यात्रा निकाली जाएगी. 6 जून से 17 जून तक चलने वाली यह साइकिल यात्रा जाने-माने पर्यावरणप्रेमी दीपक कुमार के नेतृत्व में निकाली जाएगी. दीपक कुमार ने बताया कि साइकिल यात्रा अप्रैल में ही निकालने की योजना थी, लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए तिथि में परिवर्तन किया गया. उन्होंने बताया कि यात्रा से एक दिन पहले 5 जून को बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, रामगढ़ समेत अन्य जिले में मानव श्रृंखला बनाकर एक लाख पौधरोपण करने का भी लक्ष्य रखा गया है.दीपक कुमार ने बताया कि पर्यावरण व दामोदर को बचाने के लिए साइकिल यात्रा की शुरूआत 6 जून को दामोदर का उद्गम स्थल लातेहार जिले के चूल्हापानी से होगी. यात्रा उरिमारू, पतरातू, भुरकुंडा, रामगढ़, रजरप्पा, ललपनिया, जारंगडीह, हथियापत्थर, भंडारीदह, चन्द्रपुरा, दुग्धा, महुदा, भाटडीह, भटिंडा, भौंरा, सिंदरी, कुमारधुबी होते हुए पश्चिम बंगाल के डिसरगढ़, बर्नपुर, रानीगंज, दुगार्पुर, बर्दमान, शक्तिगढ़, गोपालपुर, कृष्णागढ़, मायापुर, कोलकाता, गोड़िया होकर दामोदर के संगम स्थल हल्दिया में जाकर समाप्त होगी।

# विकास के लिए ऑनलाइन सुरक्षा की चुनौती

देश के नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करने के लिए आई4सी कार्यक्रम यानी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र केंद्रीय गृह मंत्रालय की निगरानी में बना है। वर्ष 2020 में अपनी स्थापना के बाद से इस केंद्र ने देश भर में 4.7 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा कर के 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। इन आंकड़ों से यह तो पता चलता ही है कि भारत साइबर अपराधों को रोकने में कितना सफल हुआ है, यह भी स्पष्ट होता है कि 2020 के बाद से दर्ज मामलों की संख्या में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बचाई गई धनराशि में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र अब गति पकड़ चुका है। जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है, मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली का काफी महत्व है। जब तक देश खुद को साइबर-अनुकूल राष्ट्र के रूप में स्थापित नहीं कर लेता, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक भाषण में कहा भी था-'साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का विषय है।' रांची और झारखंड के विभिन्न शहरों तक से देश विदेश तक ठगी के जो मामले चर्चित हुए वे भारत के सामने साइबर सुरक्षा की बड़ी चुनौती हैं। जब भारत ने जी-20 की वेबसाइट लॉन्च किया था, तो हैकरों द्वारा प्रति मिनट 16 लाख हमले हुए थे और भारत इनसे बचाव करने में सफल रहा था। जी-20 शिखर सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा भी था- 'हालांकि, प्रौद्योगिकी मनुष्यों, समुदायों और देशों को करीब लाने की दिशा में एक सकारात्मक विकास है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें प्रौद्योगिकी का उपयोग नागरिकों और सरकारों को आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही हैं। इसलिए यह सम्मेलन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह डिजिटल दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की समन्वित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल हो सकता है।' गृहमंत्री अक्सर कहते रहे हैं कि, आतंकवाद, आतंक के वित्तपोषण, कट्टरपंथ, सहित नई और उभरती, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है। केंद्र सरकार ने एक समान साइबर रणनीति की रूपरेखा तैयार करने, साइबर अपराधों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग करने, एलईए क्षमता का निर्माण करने, विश्लेषणात्मक उपकरण बनाने, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित करने, साइबर स्वच्छता सुनिश्चित करने और हर नागरिक तक साइबर जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया है। देश में शुरू की गई सेफ सिटी परियोजना ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक कमांड सेंटर प्रदान करती है। देश में जो तीन नए आपराधिक कानून बने हैं, उनमें भी साइबर अपराधियों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले कानूनों की खामियों को लगभग समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। अपराधी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए गए डिजिटल उपकरणों को अब सबूत के रूप में मान्यता दे दी गई है। जांच एजेंसियों को सशक्त बनाते हुए देश के सभी पुलिस स्टेशनों में क्राइम ऐंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क ऐंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) लागू किया गया है। भारतीय साइबर-अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के जरिये साइबर अपराध के खिलाफ एक समन्वित और व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित हो सकती है। आई4सी साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके कारण प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में न सिर्फ सुधार हुआ है, बल्कि साइबर अपराध से निपटने के लिए जरूरी क्षमता भी हासिल हो गई है। इससे नागरिक संतुष्टि के स्तर में सुधार करना संभव हो गया है। सरकार ने 'साइट्रेन' पोर्टल नाम से एक विशाल ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम मंच भी तैयार किया है। यह साइबर सुरक्षा में दुनिया का सबसे व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम माना जा सकता है।

उच्च शिक्षा

# पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

**पीएचडी** करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी खबर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी। नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं। तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाणपत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा।



**नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी।**

यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन-एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है, छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है। जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का। आत्मविश्वास से लबरेज यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार कहते हैं, यह बदलाव निःसंदेह देश में शैक्षणिक खोज और विद्वतापूर्ण उन्नति के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में अनमोल योगदान देगा। प्रो. कुमार कहते हैं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए अगले सप्ताह से मूर्त रूप देने जा रही है। इससे न केवल छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से राहत मिलेगी, बल्कि इससे परीक्षा संसाधन और खर्चों का बोझ कम होगा। शिक्षाविद् मानते हैं, यूजीसी नेट परीक्षा से न केवल आपके अंकों के आधार पर प्रतिष्ठि विश्वविद्यालयों के द्वार खुलेंगे, बल्कि आपको आकर्षक छात्रवृत्ति मिलने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। अब आईआईटी, आईआईएम या दीगर किसी यूनिवर्सिटी में पीएचडी के एडमिशन के लिए अगल से इंट्रेंस एग्जाम देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश में अब वन पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम फॉर्मूला लागू हो गया है। भारत दुनिया में सबसे तेजी बढ़ते अनुसंधान देशों में से एक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 2017-2022 के बीच भारत के अनुसंधान उत्पादन में लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक औसत के दो गुने से भी अधिक है, जबकि वैश्विक औसत 22 प्रतिशत है। इसमें भारत के 66 विश्वविद्यालयों को शुमार किया गया था। चीन, अमेरिका और यूके के बाद दुनिया में भारत का रिसर्च चौथे पायदान पर है। क्यूएस के मुताबिक भारत ने 2017-2022 के बीच 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर्स तैयार किए हैं। इस अवधि में करीब 15 प्रतिशत रिसर्च पेपर शीर्ष जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह खुलासा क्यूएस ने अपनी रैंकिंग में किया है। अकादमिक पेपर्स में यूनाइटेड किंगडम का आंकडा 1.4 मिलियन है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, भारत निकट भविष्य में यूके को पीछे छोड़ देगा। यह बात दीगर है, साइटेशंस में 8.9 मिलियन उद्धरणों के साथ भारत की नौवीं रैंक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने यह रैंकिंग निर्धारित करने के लिए भारत समेत दुनिया के 93 देशों के 1300 से अधिक विश्वविद्यालयों के डेटा का विश्लेषण किया। रैंकिंग निर्धारण में अनुसंधान आउटपुट, शिक्षण गुणवत्ता और नियोक्ता प्रतिष्ठा जैसे कारक शामिल थे। भारत में अनुसंधान का सबसे प्रचुर क्षेत्र इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी है। इसके बाद प्राकृतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और चिकित्सा का स्थान आता है। भारत दो या अधिक मुल्कों के साथ अपने अनुसंधान उत्पादन का 19 प्रतिशत उत्पादन करता है। यह वैश्विक औसत पर 21 प्रतिशत है। इसमें कोई शक नहीं है, भारत दुनिया में सबसे तेज ग्रो करने वाला रिसर्च हब है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### चिकित्सा : थोड़ा और आगे सोचिए



राकेश दुबे

**भारत** सरकार देर आये, दुरुस्त आये की कहावत पर चल दी है। उसने दवा कंपनियों द्वारा चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों या उनके परिवारों को व्यक्तिगत लाभ मुहैया कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए संहिता जारी की है। इस संहिता- यूनिफॉर्म कोड ऑफ फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (यूसीपीएमपी) 2024- के अंतर्गत इस नियमन को लागू करने की जिम्मेदारी कंपनियों की होगी। अपने उत्पादों को बेचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार, यात्रा सुविधा, हॉस्पिटैलिटी, नगदी आदि देने की शिकायतों के निपटारे के लिए फार्मा कंपनियों को एक एथिक्स कमेटी बनानी होगी, जिसमें तीन से पांच सदस्य होंगे। इस समिति के प्रमुख बोर्ड के सीइओ होंगे। इस कमेटी की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करानी होगी। कोड में स्पष्ट कहा गया है कि नियमन के पालन के लिए कंपनी के सीइओ जिम्मेदार होंगे। उन्हें हर वित्त वर्ष की समाप्ति के दो माह के भीतर यह घोषणा करना होगी कि उनकी कंपनी नियमों का पालन कर रही है और उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को किसी भी तरह का व्यक्तिगत लाभ नहीं दिया जा रहा है। कोड में ऐसे किसी व्यक्ति को मुफ्त सैंपल दवा देने की भी मनाही है, जो ऐसे किसी उत्पाद को मरीजों को देने के लिए योग्य नहीं है। जो सैंपल दवा डॉक्टरों को दिये जाते हैं, उनका मूल्य कंपनी के कुल घरेलू बिक्री के दो प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। पिछली बार फार्मास्यूटिकल डिपार्टमेंट ने ऐसा नियमन 2014 में लाया था। ऐसा नियमन इसलिए बनाना पड़ा, क्योंकि ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें बड़ी बड़ी कंपनियां डॉक्टरों को विदेश यात्रा पर ले जाती हैं। ऐसा भी होता है कि कंपनियां स्वास्थ्यकर्मियों के निजी उत्सवों, मसलन जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि, का खर्च उठाती हैं। महंगे उपहार भी दिये जाते हैं। इसके बदले में वे कंपनियां अपना कारोबार बढ़ाना चाहती हैं। यह एक तरह का लेन-देन है कि हम आप पर खर्च कर रहे हैं और आप हमारे उत्पाद की बिक्री बढ़ाने में मदद करें। कोई भी कंपनी अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम और उपाय करती है। वैसा ही माहौल पवित्र कहे जाने वाले पेशे में भी आ गया।

(भोपाल)

नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने का हो रहा प्रयास

# नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश की मोहन सरकार का ठोस प्रहार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश की मोहन सरकार शांति से मतदान सम्पन्न हों, इसके लिए अपने अथक प्रयास करती हुए नजर आ रही है, जिसमें कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों से लगे सीमावर्ती जिलों में नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई शुरू है। इसी का यह परिणाम है कि मध्य प्रदेश में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर उन्हें राज्य छोड़कर भागना पड़ रहा है। ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेर सिंह भी मारा गया है। रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को

**ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेर सिंह भी मारा गया है।**

एक और बड़ी सफलता मिली थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए थे। इस मुठभेड़ में कुछ नक्सली बुरी तरह से घायल हुए थे। जो सामान कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम के हाथ लगा, सूचनाओं के नजरिए से फोर्स के लिए वह बहुत काम का साबित हुआ है। इसी प्रकार से डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार के गठन के वक्त भी एक बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान भी नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाने में फोर्स को सफलता मिली थी। मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 लाख रुपये के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (32) को मार गिराया था। हिड़मा, एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था। हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

**बोधगया में अशोक का हीरा सिंहासन :** इस सिंहासन को अतीत में कई बार इधर-उधर किया गया, पुनर्स्थापित किया गया और बदला गया और आज यह महाबोधि मंदिर के पीछे स्थित है। सबसे ऊपरी मौर्य सिंहासन के नीचे राहत में चित्रित स्क्वाट , एटलस जैसी आकृतियाँ संभवतः गुप्त राजवंश (चौथी-छठी शताब्दी सीई) के समय की हैं, यदि एक शताब्दी या उससे भी पहले नहीं। बोधि वृक्ष के चारों ओर हीरा सिंहासन और महाबोधि मंदिर के साथ भरहुत राहत (सर अलेक्जेंडर कनिंघम, महाबोधि, या बुद्ध-गया में बोधि वृक्ष के नीचे महान बौद्ध मंदिर से, प्रकाशन तिथि 1892) बोधि वृक्ष के चारों ओर हीरे के सिंहासन और महाबोधि मंदिर के साथ भरहुत राहत (सर अलेक्जेंडर कनिंघम, महाबोधि, या बुद्ध-गया में बोधि वृक्ष के नीचे महान बौद्ध मंदिर से , 1892) इस सिंहासन और बोधि वृक्ष की संयुक्त छवि प्रारंभिक बौद्ध कला में एक लोकप्रिय छवि थी, जो स्वयं बुद्ध के चित्रण से हटकर प्रतीत होती है। पेड़ के नीचे खाली सिंहासन अक्सर बुद्ध की अनुपस्थित उपस्थिति और एक पवित्र स्थल के रूप में बोधगया दोनों के लिए एक संकेत के रूप में काम करता था। बौद्ध कला के इतिहास में सिंहासन और वृक्ष बुद्ध और ज्ञानोदय के क्षण के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत बने हुए हैं, जैसा कि एक मंदिर के साथ बोधि वृक्ष की प्रारंभिक राहत में देखा जा सकता है (इस पृष्ठ के शीर्ष पर) और में बुद्ध की सामान्य छवि पृथ्वी पर गवाही देने के लिए बुला रही है।



(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X- से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मैं 'फिक्स्ड' लेखक हूं



डॉ. सुरेश कुमार. मिश्रा उरतृप्त

**लड़कियाँ** यहाँ भी परेशान हैं। लड़कियां वहाँ भी परेशान हैं। गौर से देखिए तो लड़का होकर मैं भी परेशान हूँ। अब किस-किसकी चिंता करूँ यह समझ नहीं पा रहा हूँ। चिंता करने वाले एक जगह रुक जाते हैं। मैं चिंता नहीं करता इसीलिए यहाँ तक पहुँचा हूँ। दुनिया जानती है कि न मैं घुप्प अंधेरे में लड़की के जलाने पर लिखता हूँ और न ही दिन दहाड़े नंगा करके घुमाने पर। लड़के के पसंद के कपड़े न पहनने पर जिस लड़की को सरे राह मारा गया न उसके बारे में लिखता हूँ और न ही खुले चेहरे पर फेंके गए एसिड अटैक के बारे में। जर्सी पहन फुटबाल खेलने पर जिस लड़की को सताया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही अकेले देश बाहर जाने के जुर्म में जो लड़की फलाने जेल में कैद हो गई उस पर। प्रेम करने के अपराध में जिस लड़की को संगसार किया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही पति ने पीटकर जिस लड़की की हत्या कर दी उस पर। शादी के लिए राजी न होने पर जिस लड़की का गला रेंत दिया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही शांति स्थापना के प्रयास में रास्ते पर उतरी जो लड़की मारी गई, उस पर। मैं तो पत्नी को खुश करने वाले पतियों के लिए नुस्खे लिखता हूँ। दांपत्य जीवन की खट्टी-मीठी नोक-झोंक पर चुटकी लेता हूँ। जीजा-साली के चुटकुले लिखता हूँ। कहने वालों ने तो इसी लेखन को सराहनीय और उम्दा लेखन कहा है। न इस समाचार पत्र को शिकायत न उस पत्रिका को। न जिंदों को शिकायत न मुर्दों को। देखिए चिंता करने से कोई लाभ नहीं है। हम तो दुनिया में चमगादड़ की तरह जीते हैं। इसलिए हम वह सब नहीं लिखते जिससे जनता जागरूक हो। जनता जागरूक हो जाए तो भीड़ बन जाती है। और भीड़ बनने के खतरे तो हम जानते ही हैं। लोग हमें गुदगुदी करने वाला लेखक कहते हैं तो कहा करें। यह बात अपने अपने मन में रखे रहिए। हम हमारी जैसी लेखनी के अलावा किसी को नहीं बख्शते। लिखते रहिए। जो हमारे गुट का नहीं उसे 'चल बे फुट' कहने में देर नहीं लगाते। हम तो इनकी ऐसी क्लास लगायेंगे कि लिखना तो छोड़ो कलम की ओर देखने में इनकी रूह कांप उठेगी। हाँ अगर कोई अपना नजर आ जाए तो उसे चने के झाड़ पर चढ़ा देते हैं। खैर हम तो फलां-फलां पत्र-पत्रिकाओं के फिक्स्ड लेखक हैं। इधर से हम रचना भेजते हैं, उधर से छपकर आ जाती है। इधर छपना उधर भजनमंडली का वाह-वाह करना शुरू हो जाता है। दल हमारा। प्रशंसा हमारी। किस पर कहना है किस पर नहीं इसकी मर्जी भी हमारी है। हम विरोधी की गाड़ी ही नहीं बढ़ने देंगे। वहीं खड़े घुर्र घुर्र करते रह जायेंगे। हम पहले से तय करते हैं कि इस बार इसको ताज पहनाना है। उस बार उसकी लाज ले लेनी है। हाँ, यह तय नहीं रहता कि कब मृदंग बजाना है कब तबला। इसलिए मैं किसी की चिंता नहीं करता हूँ। करूँ भी क्यों? खुद गुरु हमारे जीते जी अपने नाम का तमगा बांटकर खुश हो लेते हैं तो क्या मैं ऐसी रचनाएँ लिखकर उनकी वाह-वाही नहीं पा सकता? वैसे भी आज की वाह-वाही कल का इन्वेस्टमेंट है। कुछ समझेङ्क? नहीं समझे... ? अभी आप बच्चे हैं, समझने में टाइम लगेगा।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# मोबाइल चार्जर शॉर्ट-सर्किट से बचें

हालांकि, कुछ बुनियादी सुरक्षा टिप्स का पालन करने से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता है।

**सस्ते मोबाइल चार्जर के चक्कर में न पड़ें**
ऐसे चार्जर में निवेश करें जो किसी प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा प्रमाणित हो। सस्ते, अप्रमाणित चार्जर में ओवरहीटिंग को रोकने के लिए सुरक्षा सुविधाएं नहीं हो सकती हैं। अपने फोन के साथ आए चार्जर या फोन के निर्माता द्वारा बनाए गए चार्जर का ही उपयोग करें। वे सुरक्षित और कुशलतापूर्वक एक साथ काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। **किस जगह पर फोन चार्ज करें, बिस्तर जैसी जगहों से बचें :** अपने फोन को अपने बिस्तर, सोफे या तकिये के नीचे चार्ज करने से बचें। ये सतहें गर्मी को रोक लेती हैं, जिससे आपका फोन ज्यादा गरम हो जाता है। नाइटस्टैंड या डेस्क जैसी सपाट, सख्त सतह चुनें। **अपने फोन को कभी भी सूरज की रोशनी में चार्ज न करें :** अत्यधिक तापमान इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए बुरी खबर है। अपने फोन को सीधी धूप या गर्म कार में चार्ज करने से बचें। **अपने चार्जर की नियमित जांच करें :** किसी भी क्षति के लिए नियमित रूप से अपने चार्जर का निरीक्षण करें। चार्जर के क्षतिग्रस्त होने के किसी भी लक्षण पर ध्यान दें, जैसे कि जर्जर तार, टूटे हुए प्लग या ढीले कनेक्शन। यदि आपको कोई क्षति दिखे, तो चार्जर को फेंक दें और नया ले लें।



(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया पीएमएलए केस

**कोलकाता।** घूस लेकर सवाल पूछने के मामले में संसद से निष्कासित तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को उनके खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। ईडी की टीम ने मोइत्रा पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह एफआईआर मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज की गई है। आरोप है कि मोइत्रा ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल, ईडी फेमा के प्रावधानों के तहत महुआ मोइत्रा का बयान दर्ज करना चाहती है। उनके खिलाफ एनआरआई खाते से जुड़े लेनदेन की जांच की जा रही है। इसके अलावा विदेश में पैसे भेजने के कुछ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

### अरुण गोविल ने मेरठ से भरा पर्चा, कहा- जनता मुझे देगी पूरा प्यार


**मेरठ।** अभिनेता से नेता बने अरूण गोविल ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा, ह्लआज परम आदरणीय केशव प्रसाद मौर्य जी की मौजूदगी में मैंने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिस तरह का उत्साह अभी लोगों के बीच है, उसे देखते हुए मुझे पूरी उम्मीद है कि जितना प्यार मुझे मिलता रहा है, उतना इस बार भी मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं बीजेपी का धन्यवाद करना चाहूंगा। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी 400 का आंकड़ा पार करेगी। प्रधानमंत्री ने जो कहा है, उसे पूरा किया है। अरूण गोविल के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अरूण गोविल जी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जनता में जबरदस्त उत्साह है और मुझे पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में 80 में से 80 और देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा पूरा कर लेगी और जो हमारे प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी हैं, वो फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।

### मेघालय सीएम ने कहा एनडीए के साथ एनपीपी का रिश्ता मजबूत

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा का कहना है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच संबंध कई चुनौतियों के बावजूद पिछले दशक में मजबूत हुए हैं। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने शिलांग लोकसभा सीट पर पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने के दौरान कहा, एनडीए और एनपीपी के बीच दस साल का मजबूत गठबंधन है। अनेक बाधाओं का सामना करने के बावजूद, हमने हमेशा अपने सभी निर्णयों में नागरिकों की जरूरतों को पहले स्थान पर रखा है।" सीएम ने कहा, "आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए और उसके सहयोगी एकजुट रहेंगे। दरअसल, एनडीए में शामिल सभी दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करेगा। सीएम ने कहा कि 2028 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे स्थान पर होगी और 2047 तक यह एक विकसित देश होगा।

# भ्रामक विज्ञापनों को लेकर रामदेव ने एससी में मांगी माफी

## ■ कोर्ट ने कहा - मान्य नहीं ■ केंद्र से भी पूछा- आपने अब तक इस पर क्यों आंखें मूंदे रखीं?



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस हिमा कोहली व जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में योग गुरु बाबा रामदेव व उनसे जुड़े पतंजलि के उत्पादों में तमाम तरह की बीमारियों को ठीक करने के दावे के विरूद्ध आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर केस चल रहा है।

### दो अप्रैल को हुई सुनवाई में जो हुआ, उसका कुछ विवरण

- जस्टिस हिमा कोहली : हम दस्तावेज देख रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि जवाब ना देने पर कंपनी और मैनेजमेंट के खिलाफ कंटेम्प्ट का केस क्यों ना चलाया जाए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : आप हमें बताएं कि आपने पहले दो जवाब कब दिए हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : फरवरी 27 का ऑर्डर भी देख रहे हैं, यहां भी जवाब ना दाखिल करने की बात है।
- जस्टिस हिमा कोहली : बाबा रामदेव और दूसरे आरोपी का एफिडेविट कहां है।
- बलवीर सिंह (रामदेव की तरफ से) : रामदेव कोर्ट में हैं, हम भीड़ की वजह से उन्हें कोर्ट में नहीं ला सके.
- जस्टिस अमानतुल्लाह : ठीक है, कोई बात नहीं उन्हें कॉल कीजिए, हम पूछ लेंगे।
- जस्टिस हिमा कोहली : रामदेव के जवाब का क्या हुआ?
- जस्टिस हिमा कोहली : पहली बात यह कोर्ट की कार्यवाही है। हमने निर्देश दिए हैं और फिर यह किसकी जिम्मेदारी बनती है कि इसे नीचे तक पहुंचाएं। अगर यह बचाव करने लायक नहीं है तो आपकी माफी काम नहीं करेगी।
- टॉप कोर्ट ने जो निर्देश दिए हैं, ये उसका उल्लंघन है। हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि मीडिया डिपार्टमेंट को यह नहीं पता है कि कोर्ट में क्या चल रहा है, मानो ये कोई आईलैंड है। यह केवल जुबानी बातें हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : आपकी माफी स्वीकार करने का क्या कारण है? आपको मंत्रालय को सूचित करना था, क्या आपने किया? आपको सारी बातें सरकार को बतानी थीं।
- एडवोकेट सांघी(पतंजलि आयुर्वेद) : यह कमर्शियल नहीं है।
- जस्टिस कोहली : यह एक कमर्शियल संस्थान है।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : आप यह नहीं कह सकते हैं कि आप समाज सेवा कर रहे हैं या लोगों के भले के लिए काम कर रहे हैं।
- एडवोकेट सांघी : यहां कुछ गड़बड़ी है।
- जस्टिस कोहली : तब बात खत्म होती है। अगर गड़बड़ी आपकी ओर से है तो बात खत्म। हम इसे देखेंगे। हम इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : हम बिना शर्त माफी मांग रहे हैं। वो यहां खुद माफी मांगने के लिए मौजूद हैं।
- जस्टिस कोहली : हम एफिडेविट चाहते हैं। इस कंटेम्प्ट को गंभीरता से लीजिए। आप यहां से जाएंगे और 24 घंटे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। यह दिखाता है कि आप को कोर्ट की कार्यवाही के बारे में पता है और आप उसका उल्लंघन कर रहे हैं।
- जस्टिस कोहली : 24 घंटे के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी क्या आपको इस बारे में जानकारी है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह: यह एक गलती है। कोर्ट के जस्टिस का असम्मान नहीं किया जा सकता है। यह सबक सीखना होगा।
- जस्टिस कोहली : तो इस सबक को एक तर्कसंगत अंत तक पहुंचना चाहिए था। ये जो है, वो पूरी तरह अनादर है।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : यह सब पाखंड है। आप कह रहे हैं कि अगर अदालत को लगता है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : कृपया भाषा को मत देखिए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम आपके दिल में नहीं झांक सकते हैं। इस तरह से कंटेम्प्ट का केस नहीं लड़ा जाता है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : वो खुद माफी मांगना चाहते हैं और हम बेहतर एफिडेविट फाइल कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट : हम यह सुनना नहीं चाहते हैं। हम पहले कंटेम्प्ट का मामला खत्म करेंगे। आप अदालत में थोड़ा समझदार हो जाएंगे। आपके पहले मिस्टर रोहतगी थे और वो दोनों पार्टियों के लिए पेश हुए थे। उन्हें भी यह स्पष्ट कर दिया गया था कि हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं।

- जस्टिस अमानतुल्लाहः आप अपने ही जाल में फंस गए हैं। पहले किसी वकील को नहीं आना चाहिए था। पहला आदमी वो होना चाहिए था, जिसकी जुबान पर माफी हो।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : ये मेरा फैसला था कि वो यहां ना आएं और मैं माफीनामा दाखिल करूं।
- सुप्रीम कोर्ट : जब मानहानि करने वाले को बुलाया गया हो तो वकील की जरूरत नहीं। यह बेसिक है और हम आपको यह बेसिक नहीं सिखाएंगे।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम यहां एडवोकेट बलवीर सिंह का माफीनामा सुनने के लिए नहीं हैं।
- जस्टिस कोहली : धन्यवाद हमने आपको सुन लिया है। सरकार की तरफ से कौन है?
- सॉलिसिटर जनरल मेहता : जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। मैं वकीलों के साथ बैठूंगा और देखूंगा कि क्या किया जाना चाहिए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : लंबे समय बाद सरकार यहां वादी नहीं है। यह देखकर खुशी हो रही है कि आप ऐसी बात कह रहे हैं, सरकार के ज्यादातर वकील यह बात भूल चुके हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : हम एफिडेविट फाइल करने के लिए और मौका नहीं देंगे। पहले उन्हें जवाब नहीं दिया, दोबारा ऐसा किया। अब उनके पास एफिडेविट है और उन्होंने हमारे सामने सबमिट नहीं किया। हम क्या करें
- सॉलिसिटर जनरल : कई बार वादी के पास ऐसा करने का विकल्प नहीं होता।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हमने उन्हें 3 मौके दिए हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : हमारे पास आयुष स्कीम के लिए सवाल हैं। आपने पतंजलि को नोटिस भेजा और उन्हें जवाब दाखिल किया। यह जवाब हमारे सामने नहीं आया। हमें आश्चर्य है कि ऐसा क्यों हुआ। कोविड 2022 में आया था और आपने खुद कहा था कि यह मुख्य दवा का बेस्ट सप्लीमेंट है। इसकी घोषणा नहीं की गई।
- कोविड के दौरान कुछ भी केंद्र की मर्जी के बिना नहीं हो रहा था। आपने इसे बताने के लिए कुछ नहीं किया। यह मुश्किल समय था और उत्तराखंड ने भी पतंजलि को वॉर्निंग लेटर भेजा था, वो भी तब जब हमने मामला उठाया। आयुष की तारीफ करने के लिए काफी कुछ है। लेकिन एक सीमा होती है कि वो क्या कर सकते हैं। जिस तरह से दूसरों की निंदा की गई, वो चौंकाने वाला है। उन्होंने दूसरों का मजाक उड़ाया। आपने ट्रांस्क्रिप्ट देखी है?
- जस्टिस अमानतुल्लाह : रामदेव ने योग के लिए काफी कुछ किया है। लेकिन वो हर किसी में कमियां नहीं निकाल सकते।
- सुप्रीम कोर्ट : हमें आश्चर्य है कि केंद्र सरकार ने अपनी आंखें बंद क्यों रखी?
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम दोनों के खिलाफ झूठी गवाही देने का केस भी कर रहे हैं। हम रजिस्ट्रार को निर्देश देते हैं। मिस्टर बलबीर सिंह तैयार रहिएगा। आपने कहा था कि एयर टिकट अटैच्ड हैं, लेकिन यहां कुछ नहीं है। आप कह रहे हैं कि दस्तावेज हैं, वो भी नहीं हैं। हम पीठ पीछे वार नहीं कर रहे हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : आप कह रहे हैं कि दस्तावेज अटैच किए गए हैं, लेकिन दस्तावेज बाद में तैयार किए गए। ये साफतौर पर झूठी गवाही का मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमने जो देखा वो आपको बता रहे हैं।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : मिस्टर मेहता कृपया हमें मानहानि के मामले में असिस्ट कीजिए।
- मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।
- जस्टिस हिमा कोहली : आपके पास जो कुछ भी है, उसे फाइल कीजिए। हम आपको एक हफ्ते का आखिरी मौका देते हैं। सभी लोग अगली सुनवाई पर मौजूद रहें।

## एनएच पर 3.5 किमी लंबी आपातकालीन लैंडिंग पट्टी का परीक्षण सफल



**एजेंसी। अनंतनाग।**

भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का मंगलवार को तड़के परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को भोर होने से पहले हवाई पट्टी पर कम से कम नौ ट्रायल परीक्षण किए। यह परीक्षण लगभग 03:45 बजे शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ। परीक्षण के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ दिया गया था, जबकि पट्टी के दोनों किनारों पर तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के इन परीक्षणों का उद्देश्य आपातकालीन लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाना था, जिसके लिए चिनूक हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर सैन्य परिवहन, आपदा राहत और रसद सहायता सहित विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश में विकास की राजनीति की शुरुआत की : जेपी नड्डा

**एजेंसी। भोपाल।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान विपक्षी दलों के गठबंधन पर जमकर हमला बोला और आरोप लगाया कि उनका गठबंधन परिवारवाद और भ्रष्टाचार के लिए है। विपक्षी परिवारवाद और तुष्टीकरण करते हैं। मगर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की राजनीति की शुरूआत की है। भाजपा अध्यक्ष ने जबलपुर और शहडोल के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने इन कार्यक्रमों में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। कांग्रेस सरकार समाज को जाति के आधार पर बांटकर तुष्टिकरण की राजनीति करती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जातिवाद को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में बांधकर ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्?वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र को लेकर विकास की राजनीति की शुरूआत की। राजनीति की इस नई संस्कृति में विकास को अहम दर्जा मिला है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के दौर में महिलाओं, आदिवासियों, युवाओं, किसानों की उपेक्षा हुई।

भाजपा सरकार में महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ, किसानों को ताकत मिली, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगे और गांव-गरीब के विकास में योगदान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के विकास के लिए बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने ऐसी मानसिकता बना दी थी, जहां लोगों को एहसास होने लगा कि अब कुछ नहीं होने वाला, देश ऐसे ही चलता रहेगा और कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जन-जन के मन में ये विश्?वास आया है कि देश में बदलाव हो सकता है, बदलाव हुआ है और आगे भी बदलाव होगा।

पीएम मोदी ने राजनीति की संस्कृति में परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि कोविड शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी थी और कोई अंदाजा नहीं लगा सकता था कि आगे क्या होने वाला है। सभी पश्चिमी देश अपनी अर्थव्यवस्था और मानवता के बीच एक को चुनने के लिए दुविधा में थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 'जान है तो जहान है' का नारा देते हुए संपूर्ण देश में लॉकडाउन लगाने का कठोर निर्णय लिया।

## चित्रकूट सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या आठ हुई



**एजेंसी। चित्रकूट।**

कर्वी कोतवाली क्षेत्र झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है। मृतकों की शिनाख्त कर पुलिस शवों का पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई है। वाहनों की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हुई थी और तीन लोग गंभीर रूप से घायल थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान चित्रकूट के नारायणपुर निवासी निर्भय (20) की भी मौत हो गई। निर्भय के अलावा मरने वालों में कन्नौज जिले के निवासी अनिरुद्ध (30), अखिलेश (28), अतर सिंह और हमीरपुर के रहने वाली निधि सोनी (19) एवं धर्मेंद्र हैं।

## कांग्रेस ने बिहार से तीन प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की, दो मुस्लिम चेहरे

**एजेंसी। पटना।**



कांग्रेस ने मंगलवार को बिहार की तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। कांग्रेस ने मुस्लिम चेहरों पर विश्वास जताते हुए तीन में से दो मुस्लिम चेहरे को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भागलपुर लोकसभा सीट से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और सीमांचल के दिग्गज नेता तारिक अनवर को कटिहार से उम्मीदवार बनाया है। अजीत शर्मा भागलपुर के विधायक हैं। तारिक अनवर पर पार्टी ने एक बार फिर विश्वास जताया है। पिछले चुनाव में जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने तारिक अनवर को 57 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। हालांकि, 2014 में कटिहार से एनसीपी के उम्मीदवार के तौर पर तारिक अनवर भाजपा के निखिल कुमार चौधरी को हराकर लोकसभा पहुंचे थे।

## भाजपा का उम्मीदवार कोई भी हो, मोदी के नाम पर ही डाला जाएगा वोट : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी। पटना।**

बिहार के पूर्व मंत्री और भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा का उम्मीदवार कोई भी हो, वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ही डाला जाएगा। यह चुनाव मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बिहार में एक सीट को लेकर कसक रह गई थी। लेकिन, इस चुनाव में किशनगंज सहित सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकार मुद्दे और वादों पर शत-प्रतिशत खरी उतरी है। आज भले ही विपक्ष साथ आ रहे हों, लेकिन टिकने वाले नहीं हैं। जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल ने कभी गाली दी थी, आज उन्हें ही वह इकट्ठा कर रहे हैं।

## भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। पीलीभीत।**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहा कि भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में वोट की अपील की। सीएम ने कहा कि याद करिए सपा हो या कांग्रेस उनकी पार्टी का अध्यक्ष केवल एक खानदान का ही व्यक्ति हो सकता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सामान्य गरीब परिवार से निकलकर पूरा जीवन देश के लिए समर्पित करने वाले हैं। उनके लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है।

उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल को आपने देखा है, जब युवाओं के हाथों में रोजगार की जगह तमंचे लहराते थे। हमने युवाओं को टैबलेट देने का काम किया है। प्रदेश में सपा, कांग्रेस और बसपा के लोग आएंगे तो माफिया राज साथ लेकर आएंगे। वहीं, भाजपा कानून के राज में विश्वास करती है। यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल होनी चाहिए, यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए, यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही हो सकता है। हमारी पीढ़ी खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि क्योंकि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था।

## डिंपल यादव ने कहा जनता को बरगला रही है सरकार

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव गांव-गांव घूमकर लोगों से वोट मांग रही हैं। इस दौरान वह राजनीतिक सवालों को जवाब भी दे रहीं हैं। अपने प्रचार अभियान के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री के बयान कि विकास का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम लोग गांवों में जाएंगे, तो हमे विकास के ट्रेलर की हकीकत का पता चल जाएगा।

## भाजपा से इस्तीफा देने के बाद सांसद अजय निषाद कांग्रेस में हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर से सांसद रहे अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया। निषाद ने आज सुबह ही भाजपा से इस्तीफा दिया था और दोपहर को कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

इस मौके पर कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रकाश मोहन और बिहार के औरंगाबाद से विधायक आनंद शंकर सिंह और करहगर से विधायक संतोष मौजूद रहे। अजय निषाद को इस बार मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने टिकट नहीं दिया, जिससे वह नाराज चल रहे थे। अभी महा-गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के पास ही है। अजय निषाद कांग्रेस के टिकट पर महा-गठबंधन से मुजफ्फरपुर से प्रत्याशी हो सकते हैं। अजय निषाद 2014 से लगातार मुजफ्फरपुर के सांसद बने हुए हैं।

# विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में युवा बढ़-चढ़कर लें हिस्सा : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी। चेन्नई।**



'विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम' का आयोजन चेन्नई के पल्लावरम के वेल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत कार्यक्रम देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ बढ़ाया गया एक कदम है। युवाओं को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कर रहा है, सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था में तेजी और मजबूती आई है।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्वदेशी वैक्सीन से ना सिर्फ कोरोना महामारी से हम बाहर आ सके, बल्कि विदेशों को भी हमने मदद पहुंचाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की इस उपलब्धि से कई विकसित देश भी आश्चर्यचकित हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति से छात्रों को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

उन्होंने संगीत सीखने वाले एक विज्ञान विषय के छात्र का उदाहरण दिया, जो विज्ञान वर्ग के प्रमाणपत्र के साथ-साथ संगीत में भी प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश के युवा इस भावना के कारण बड़ी संख्या में विदेश जा रहे हैं कि वे भारत में रह रहे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विकसित भारत आंदोलन से ऐसे छात्र भारत में उतना ही पैसा कमा सकेंगे, जितना उन्हें विकसित देशों में मिलता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष :** व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कन्या :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**धनु :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर :** आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कुंभ :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

# पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भारतीय पुरुष हॉकी टीम



## भारत 6 अप्रैल को सीरीज के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली** भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार रात यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 6 अप्रैल को खेला जाएगा, जिसके बाद 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को बाकी चार मैच खेले जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने, अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ देने और मैदान पर हर पल को यादगार बनाने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जैसा कि हम ऑस्ट्रेलिया के इस महत्वपूर्ण दौरे पर जा रहे हैं, हम दृढ़ संकल्प और उत्साह से भरे हुए हैं। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के लिए हमारी ताकत और क्षेत्रों का आकलन करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने और हर पल को महत्वपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, यह दौरा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में कठिन विरोधियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा ध्यान मजबूत प्रदर्शन करने और अपने देश को गौरवान्वित करने पर है।

## खबरें व्यापार जगत की

### आरबीआई वित्त वर्ष 2025 में ही कर सकता है रेपो रेट में कटौती : एसबीआई अर्थशास्त्री




**चेन्नई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ही रेपो रेट में कटौती कर सकता है। एक शोध रिपोर्ट में ग्रुप की मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष ने भी कहा था कि आरबीआई फिलहाल अपना रुख नहीं बदलेगा। इस वित्त वर्ष के लिए मॉनिट्री पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की पहली बैठक इसी सप्ताह होगी। रेपो रेट वह रेट है जिस पर आरबीआई बैंकों को ऋण देता है। यह दर फिलहाल 6.5 प्रतिशत है। घोष के अनुसार, इंफ्लेशन खाद्य मूल्य से है। आगे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति का प्रभाव फूड इंफ्लेशन पर रहेगा।

### देश में नौकरियों में तीन व गिग जॉब्स में 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में फरवरी और मार्च में नियुक्तियों में ती प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सफेदपोश गिग जॉब्स में पिछले साल के मुकाबले 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) की रिपोर्ट के अनुसार आईटी सेक्टर गिग बूम में सबसे आगे है। गिग इकॉनमी में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है। मार्च 2023 में 22 प्रतिशत के मुकाबले इस साल मार्च में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है। फाउंडिट के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा, दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई जैसे मेट्रो शहर छोटी नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कुछ महीनों में गिग इकॉनमी और भी बढ़ेगी। विज्ञापन और विपणन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, पिछले वर्ष में गिग जॉब्स की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई। आईटी क्षेत्र में फरवरी में सात प्रतिशत की वृद्धि के बाद मार्च में यह दो प्रतिशत रह गई।

# शुरू हो सकती है चैंपियंस लीग

## भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड के बीच बातचीत जारी



**एजेंसी। मुंबई**
भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड 10 साल पहले बंद हो चुकी चैंपियंस लीग क्लब टी20 चैंपियनशिप को फिर शुरू करने के लिए आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैंपियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से 2-2 और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।

चैम्पियंस लीग में 2009-10 और 2014-15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता।

क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है।' उन्होंने कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। इसके लिए आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।'

## कोलकाता बनाम राजस्थान और गुजरात बनाम दिल्ली मैच का शेड्यूल बदला



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दो मैचों के रीशेड्यूल की घोषणा की है। बीसीसीआई के अनुसार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मैचों को रीशेड्यूल किया गया है। पहले 17 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाला मैच अब एक दिन पहले 16 अप्रैल को खेला जाएगा, जबकि गुजरात टाइटंस (जीटी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाने वाला मैच अब 17 अप्रैल को खेला जाएगा। इससे पहले सोमवार को एक रिपोर्ट में राम नवमी उत्सव और आम चुनाव के कारण उपरोक्त मैचों को पुनर्निर्धारित किए जाने की जानकारी सामने आई थ। केकेआर दो मैचों में दो मैचों में जीत के साथ वर्तमान में विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 3 अप्रैल को भिड़ेगा। तीन मैचों में तीन जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है और उसका अगला मुकाबला 6 अप्रैल को जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा।


# टी20 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचीं चार्ली डीन

### टी20 रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान किया हासिल



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही बाजी मर ली है। डीन, जो पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, मंगलवार को जारी टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन के बाद नौ स्थान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। उनकी टीम की साथी और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल छह पायदान ऊपर चढ़कर करियर का सर्वश्रेष्ठ 12वां स्थान हासिल करने में सफल रहीं। स्टार इंग्लिश ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट (आठ पायदान ऊपर 47वें स्थान पर) ने भी लंबी छलांग लगाई, जबकि अमेलिया केर न्यूजीलैंड के नजरिए से बड़ी प्रगति करने वाली खिलाड़ी रहीं क्योंकि वह दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। टी20 श्रृंखला के दौरान 55.75 की औसत से 223 रन के साथ अग्रणी रन-स्कोरर, इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचर को टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग में 28 स्थान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गईं। श्रृंखला में अपने 185 रनों के बाद हीथर नाइट 23वें स्थान पर रहीं, जबकि युवा एलिस कैप्सी ऑस्ट्रेलिया की नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज बेथ मूनी से पीछे आठ स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गईं। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में नाबाद 65 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच, उसी श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाने वाली बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना तीन पायदान ऊपर 16वें स्थान पर हैं। नई वनडे रैंकिंग में भी कुछ हलचल हुई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी एलिस पेरी बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए 64 रनों की बदौलत बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं।

# 11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20 से




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल कर रहा है। स्कूल की ओर से प्रतियोगिता की सारी तैयारी शुरू कर दी गई है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। बताया कि इस प्रतियोगिता की अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 9835165518 पर ली जा सकती है।

## हार्दिक पांड्या की सपोर्ट में आईं पूनम पांडे



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन में अब तक अपने जीत का खाता नहीं खोल पाई है। यहाँ तक कि उन्हें अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी अच्छी खास परफॉर्मेंस नहीं दिखाई और अपने बल्लेबाजों ने फैंस को मायूस कर दिया। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 125 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान रॉयल्स ने सिर्फ 4 विकेट खोकर आसानी से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स ने प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर अपनी जगह बना ली। हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान चुने जाने के बाद से ही फैंस खुश नजर नहीं आ रहे थे। उन्हें लगातार ट्रोलर्स के निशाने पर भी रहना पड़ रहा है।

## रिदमिक जिम्नास्टिक विश्वकप शृंखला के दूसरे चरण की मेजबानी करेगा बुल्गारिया

**सोफिया।** इस साल की एफआईजी रिदमिक जिम्नास्टिक विश्व कप श्रृंखला का दूसरा चरण अगले सप्ताह एरेना सोफिया हॉल में आयोजित किया जाएगा, अधिकारियों ने सोमवार को यहां उक्त जानकारी दी। बल्गेरियाई रिदमिक जिम्नास्टिक फेडरेशन के अनुसार, 42 देशों और क्षेत्रों के साथ-साथ 13 समूहों के 55 व्यक्तिगत जिमनास्ट 12 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीआरजीएफ के उपाध्यक्ष नेवियाना व्लादिनोवा ने एक बयान में कहा, सोफिया में लयबद्ध जिमनास्टिक के विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों को इकट्ठा करने का अवसर पाकर हम बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ओलंपिक वर्ष है। व्यक्तिगत स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ जिमनास्टों में, हम केवल वर्तमान विश्व चैंपियन दार्जा वफोलोमीव को नहीं देखेंगे, और समूह स्पर्धा में केवल चीन नहीं आएगा। उन्होंने कहा, अन्य लोग अपने सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट के साथ आएंगे इसलिए यह बहुत, बहुत दिलचस्प प्रतियोगिता होगी।

# वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरूआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने सोमवार को फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी। बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए।



## विश्व रिकॉर्ड के साथ होउ झिहुई ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**फुकेत।** चीन की होउ झिहुई ने अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) विश्व कप में स्नैच में अपने ही विश्व रिकॉर्ड को बेहतर बनाते हुए दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता होउ ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 97 किग्रा भार उठाकर अपने विश्व रिकॉर्ड को बेहतर किया। डीपीआर कोरिया के री सोंग गम ने भी स्नैच में 97 किग्रा का बार उठाया और होउ की बराबरी की, लेकिन क्लीन एंड जर्क में 124 किग्रा का भार उठाकर उन्होंने होउ को पीछे छोड़ते हुए खिताब जीत लिया, लेकिन वह पेरिस 2024 के लिए पात्र नहीं थीं, क्योंकि उनके देश ने क्वालीफाइंग कार्यक्रम में बहुत देर से प्रवेश किया था।

## कोपा डेल रे के फाइनल में नहीं खेलेंगे येरे अल्वारेज

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज अगले शनिवार को मल्लोर्का के खिलाफ होने वाले कोपा डेल रे फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। अल्वारेज को रविवार को रियल मैड्रिड के खिलाफ मैच के दौरान कमर में चोट लगी थी, एथलेटिक बिलबाओ यह मैच 2-0 से हार गया था। क्लब ने सोमवार को एक मेडिकल रिपोर्ट जारी की जिसमें उनके चोट की पुष्टि की गई। हालांकि एथलेटिक ने कहा कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं है, लेकिन 29 वर्षीय डिफेंडर के लिए शनिवार के मैच के लिए समय पर ठीक होना लगभग असंभव लगता है। येरे, इस सीजन में चोटों से जूझ रहे हैं, अक्टूबर में उनकी कमर का ऑपरेशन हुआ था, जिसके कारण उन्हें लगभग चार महीने मैदान से दूर थे, हालाँकि पिछले दो महीनों में वह अच्छी फॉर्म में थे।


## टी20 विश्व कप नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन।** बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप नहीं खेलेंगे। उन्होंने आगामी टी20 विश्व कप से अपना नाम वापस ले लिया है और इस संबंध में उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भी यह सूचना दे दी है कि टीम के चयन के लिए उनके नाम पर विचार ना किया जाए। पिछले टी20 विश्व कप में जब इंग्लैंड विश्व विजेता बनी थी तब विजयी रन स्टोक्स के ही बल्ले से आए थे। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के लिए स्टोक्स ने वनडे से अपना रिटायरमेंट भी वापस लिया था। हालांकि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में वह कुल चार ओवर की गेंदबाजी ही कर पाए। स्टोक्स ने पिछले टी20 विश्व कप के बाद से सिर्फ.दो ही टी20 मैच खेले हैं और यह दोनों ही मैच उन्होंने पिछले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। हालांकि स्टोक्स ने इस साल आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। ईसीबी ने स्टोक्स के हवाले से उनका एक बयान जारी किया है, जिसमें स्टोक्स ने कहा है, मैं हर प्रारूप में खुद को ऑलराउंडर के तौर पर तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। आईपीएल और टी20 विश्व कप से बाहर होना इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेरी मदद करेगा।



# रांची की लगातार तीसरी जीत

### रायन ने शानदार 110 रन बनाए — आर्यन राज ने 65 रन की पारी खेली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेएससीए द्वारा आयोजित अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को रांची ने देवघर को 55 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची की टीम ने 40.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 220 रन बनाए। रायन ने शानदार 110 रन बनाए। आर्यन राज ने 65 रन की पारी खेली। रिशाव और राजवीर ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में देवघर 45.2 ओवर मे 165 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जुनैद ने 46 और देवदत ने 33 रन बनाए। टियर्स ने 3 तथा आर्यन और विवेक ने 2-2 विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच रायन सपकोटा को दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का जलवा बरकरार है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय थ्रोबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग महिला एवं पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा बरकरार रखे हुए हैं। भारतीय टीम मे झारखंड के 07 खिलाड़ी थे, जिनका प्रदर्शन लाजवाब रहा तथा मुकेश कंचन को बेस्ट प्लेयर चुने गए। पारा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार अल्बर्ट ने भारतीय टीम को जीत की हार्दिक बधाई दी और उम्मीद जताया की आने वाले दिनों में यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ट टीम बनेगी। सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने नेपाल को 25-15, 23-25 , 25-19 से हराया। वहीं महिला वर्ग में 25-18, 25-20, 25-23 से जीत हसिल की। टीम के सदस्य दिव्यांग सनोज महतो ने बताया कि हमने बचपन में दिव्यांगता के नाम पर भेदभाव का सामना करते हुए कभी गाँव के बाहर जाने का स्वपन भी नहीं देखा था। लोग बोलते थे ये क्या कर लेगा। अब अच्छा लगता है। नेपाल की टीम छोटी सही लेकिन एक अंतर्राष्ट्रीय टीम है। अब लगता है कि दिव्यांगजन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते हैं, बस हम जैसे दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। जिस प्रकार से हमारे कोच मुकेश कंचन अच्छे मार्गदर्शन करने वाले लीडर है उसी तरह समाज के हर वर्ग को आगे आने की जरुरत हैं। हम दिव्यांग जन अपने समाज अपने राज्य और देश का नाम ऐसे ही रोशन करते जायेंगे। टीम में मुकेश कंचन, (कोकर), सनोज महतो,(कांके चारी) मुकेश कुमार, (टाटीसिलवे) महिमा ऊराव, (नामकुम सोहदाग) तारामानी लकड़ा (चान्हो चमरांगा), पुष्पा मिंज(बेडो नरकोपी) एवं निक्की कुमारी (बलालोंग धुर्वा) शामिल थे।

## ऐसा लगता है कि कोहली ने फिर खुद को निखार लिया है : डेविड हसी



**मुंबई ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। कोहली अभी राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन मैच में 141.4 के स्ट्राइक रेट से दो अर्द्धशतक के साथ 181 रन बनाए हैं। टी20 विश्व कप नजदीक होने के कारण टीम में कोहली की जगह भी चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने पिछले टूर्नामेंट में मेलबर्न में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सबसे यादगार पारियों में से एक खेली थी।

# वाम दल और ओवैसी के मैदान में उतरने से इंडी गठबंधन को लग सकता है झटका

**उपेंद्र गुप्ता रांची । झारखंड इंडी गठबंधन में दरार पड़ चुका है। वाम दलों में सीपीआई और सीपीएम ने अपना अलग रास्ता चुन लिया है और 6 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। सीपीएम राजमहल और चतरा सीट से चुनाव लड़ेगी, तो सीपीआई चार लोकसभा क्षेत्र पलामू, लोहरदगा, चतरा और दुमका से चुनाव लडेगी, वाम दलों का राज्य के कम से कम दस सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना है। वहीं इंडी गठबंधन के तहत भाकपा माले कोडरमा सीट से मैदान में उतरेगी।**

## राष्ट्रीय दल की मान्यता बरकरार रखने के लिए चुनाव लड़ना वाम दलों की मजबूरी



इंडी गठबंधन में सभी वाम दल शामिल जरूर हैं, लेकिन झारखंड में झामुमो-कांग्रेस ने सिर्फ भाकपा माले को कोडरमा की एक सीट दी, जिससे सीपीआई और सीपीएम को अपना प्रत्याशी उतारना पड़ा। दोनों राष्ट्रीय पार्टी हैं, जिसकी मान्यता बरकरार रखने के लिए उन्हें वोट प्रतिशत भी बढ़ाना जरूरी है। इसलिए दोनों पार्टियां दस सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। लेकिन वाम दलों के इस फैसले से झामुमो-कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कई सीटों पर वाम दलों का अच्छा प्रभाव है और उन क्षेत्रों में मुकाबला बेहद नजदीकी हुआ तो इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हार का सामना भी करना पड़ सकता है। हजारीबाग, चतरा, पलामू, राजमहल, खूंटी जैसे सीटों पर वाम दलों को कम आंकना महंगा पड़ सकता है।

### सिर्फ एक सीट मांगा, वह भी नहीं दिया : वाम दल

सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव कहना है कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद हमने तो सिर्फ एक लोकसभा सीट मांगी थी, लेकिन राज्य की प्रमुख पार्टी झामुमो-कांग्रेस ने हमें तवज्जों नहीं दी। हमारी राष्ट्रीय पार्टी है और आगे भी यह दर्जा बरकरार रखना है, इसके लिए उम्मीदवार तो उतारना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बाकी के 12 सीट जहां से हमारा उम्मीदवार नहीं होगा, वहां हम उस प्रत्याशी की मदद और समर्थन करेंगे। सीपीआई के नेता अजय सिंह ने कहा कि वाम दलों को कम करके आंकने की भूल झामुमो-कांग्रेस के नेताओं ने की है।

## ओवैसी और राजद भी ठोक रहे ताल




इंडी गठबंधन के लिए सिर्फ वाम दल ही परेशानी का कारण नहीं है, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एइएमइएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य के दस सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है, ओवैसी की पार्टी को लेकर इंडी गठबंधन के नेता जो कहते हो, लेकिन युवा मुस्लिम वर्ग में ओवैसी की अच्छी पकड़ है। तो राजद सिर्फ पलामू सीट पर राजी होने को तैयार नहीं है और चतरा सीट की भी मांग कर रहा है। राजद 2019 की तरह चतरा में अपना उम्मीदवार उतार सकता है। उस समय राजद प्रत्याशी को 85 हजार वोट मिला था और कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। इस तरह देखे तो वाम दल ,राजद और ओवैसी दोनों इंडी गठबंधन के वोट बैंक में ही सेंधमारी करेंगे, जिससे नुकसान इंडी गठबंधन को ही उठाना पड़ेगा।

## वाम दलों के मैदान में उतरने से इंडी गठबंधन को नुकसान की संभावना



सीपीएम ने राजमहल से गोपीन सोरेन और चतरा से जैनेंद्र कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि सीपीआई ने चार लोकसभा क्षेत्र पलामू, लोहरदगा, चतरा और दुमका से अभय भुइंया, महेंद्र उरांव, अर्जुन कुमार और राजेश कुमार किस्कू के नाम की घोषणा कर दी है। वाम दलों के इस फैसले से इंडी गठबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2004 से अबतक प्रायः हर चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट पर सीपीएम के प्रत्याशी अच्छा खासा वोट लाते रहे हैं। इसी तरह हजारीबाग में तो सीपीआई के दो दो बार सांसद भी रहे हैं। 2019 में राजमहल लोकसभा सीट से गोपीन सोरेन को 35 हजार से अधिक मत मिला था, तो चतरा से सीपीआई प्रत्याशी अर्जुन कुमार को 22,577 वोट मिले थे। दुमका में वामदलों को 16 हजार से अधिक वोट मिला था।

## केरल और बंगाल में भी यही हालात




**वाम दलों के अलग चुनाव लड़ने पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी पार्टियों के नेता एकजुट हैं। रामलीला मैदान में वामदलों के शीर्षस्थ नेता मंच पर थे। इंडिया ब्लॉक में कई राज्यों जैसे केरल में सीपीएम और कांग्रेस के बीच मुकाबला है, प. बंगाल में टीएमसी और वाम दल आमने सामने हैं। ऐसे में अगर यहां पर सीपीआई, सीपीएम अलग चुनाव लड़ते हैं तब भी कोई परेशानी नहीं है।**

## न्यूज बॉक्स

### तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है : कल्पना सोरेन

**रांची।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को जमानत मिलने पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही, केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है, 'तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह इंडिया की जीत है। संजय सिंह, उनकी धर्मपत्नी अनिता सिंह तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार।'


Post
Hemant Soren
@HemantSorenJMM
तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह INDIA की जीत है।

श्री संजय सिंह जी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता सिंह जी तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार।

~ कल्पना मुर्मू सोरेन
@SanjayAzadSln
Translate post
3:10 pm · 02 Apr 24 · 93.1K Views
902 Reposts 19 Quotes 3,832 Likes
14 Bookmarks

### हाई कोर्ट ने शिवेंद्र की सेवा छह सप्ताह के अंदर संपुष्ट करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी के द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा दाखिल रिट याचिका दायर पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि शिवेंद्र की सेवा छह सप्ताह के अंदर संपुष्ट करते हुए उन्हें सभी तरह का लाभ प्रदान करें। शिवेंद्र ने अपनी याचिका में गुहार लगाई थी कि जेपीएससी द्वितीय बैच के सभी अधिकारियों की सेवा संपुष्ट हो गई है। लेकिन, उनकी सेवा संपुष्ट नहीं की गई है। शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी। शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वर्ष 2008 में द्वितीय जेपीएससी परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे। बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति को सीबीआई द्वारा जांच की गई थी।

### भाजपा को बड़ा झटका, गिरिनाथ की घर वापसी

**रांची।** पूर्व विधायक और मंत्री गिरिनाथ सिंह भाजपा को छोड़ कर फिर से राजद में शामिल हो गए हैं। पटना में राजद कार्यालय में गिरिनाथ सिंह ने सदस्यता ग्रहण की है । साल 2019 से पहले तक वे राजद में ही थे, गिरिनाथ सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लेकिन 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। सूत्रों की मानें तो पार्टी उन्हें चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना सकती है।

### 14 सीटों पर जीत के लिए एनडीए ने बनाई रणनीति

# भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना ही हमारा लक्ष्य : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक हुई। जो लगभग डेढ़ घंटे तक चली । बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ,प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शामिल हुए, जबकि भाजपा के कई नेता मौजूद नहीं रहे। इसमें घटक दलों के सभी नेताओं ने आपस में समन्वय बना कर राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतने रणनीति बनाई । पिछली बार एनडीए ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार सभी 14 सीटों पर जीत की तैयारी है। बैठक में नाराज नेताओं और कार्यकताओं को भी मनाने का प्रयास किया गया।

**भाजपा के कई नेता नहीं हुए शामिल :** एनडीए की बैठक में सभी प्रत्याशी के साथ उन्हें भी बुलाया गया था जिन्हें टिकट कटा था। लेकिन जयंत सिंहा और सुनील सोरेन इस बैठक में शामिल नहीं हुए । जबकि सुनील सिंह, पीएन सिंह, अमर बाउरी और सुदर्शन भगत इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा गोड्डा प्रत्याशी निशिकांत दूबे और हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

**चतरा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी :** एनडीए की बैठक के दौरान ही भाजपा प्रदेश कार्यालय सामने चतरा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। चतरा सीट के दावेदार रहे राजधानी यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और जमकर हंगामा किया, इस दौरान राजधानी यादव भाजपा के नेताओं से काफी नाराज दिखें। इसी बीच प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संगठन महामंत्री के कक्ष में राजधानी यादव के साथ करीब 45 मिनट तक बातचीत की।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा उम्मीदवार, लोकसभा प्रभारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सहित आजसू पार्टी के प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




### पीएम नरेंद्र मोदी 14 सीट का देंगे तोहफा : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 14 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि भविष्य का रोड मैप तय करने के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बैठक लोकसभा चुनाव में जिला और प्रखंड स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए बुलाई गई थी। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने 14 में से 12 सीटें जीती थी। लेकिन इस बार एनडीए गठबंधन ने 14 की 14 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में हम उन्हें राज्य की सभी 14 सीट जीतकर तोहफा देंगे। वहीं, कई वरिष्ठ सांसदों के टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी पार्टी के साथ हैं। किसी की कोई नाराजगी नहीं है।

### देश और राज्य के प्रति जवाबदेह नहीं है विरोधी पार्टी : सुदेश

एनडीए की बैठक के बाद मीडिया से सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए के संकल्पों को सामने रखकर काम करता है। यही वजह है कि एनडीए को बड़ा समर्थन हासिल है। जबकि विरोधियों के पास राज्य अथवा राष्ट्र के प्रति जवाबदेही नहीं है। लोकसभा चुनाव में एनडीए का एक- एक कार्यकर्ता झारखंड में बड़ा जनसमर्थन जुटाने की भूमिका अदा करेगा। इस बार एनडीए अपना वोट शेयर भी बढ़ायेगा। साथ ही झारखंड में एनडीए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान देगा। की बैठक में आजसू पर्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और विधायक डॉ लंबोदर महतो समेत जिलों के अध्यक्ष भी शामिल थे।

### राष्ट्रीय मुद्दे पर लड़ रहे लोकसभा चुनाव : लक्ष्मीकांत बाजपेयी

भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव हम स्थानीय मुद्दे पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय मुद्दे पर लड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार हमारा मुद्दा है और हमेशा रहेगा। देश को भ्रष्टाचारियों से बचाना और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना ही हमारा लक्ष्य है। जब विधानसभा का चुनाव आएगा तब हम स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे। लेकिन हम विकसित भारत के संकल्प के साथ चल रहे हैं। हमारा लक्ष्य है अबकी बार 400 पार का है।

# भारत रत्न देने में प्रटोकॉल का किसी तरह से नहीं हुआ है उल्लंघन : प्रतुल शाहदेव

### झामुमो प्रवक्ता के बयान पर भाजपा का पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आज गठबंधन में उसी कांग्रेस के साथ है, जिसने देश के राष्ट्रपति पद पर पहली बार आसीन होने जा रही एक आदिवासी बेटी को शैतानी सोच का प्रतिनिधित्व करने वाली बताया था। प्रतुल ने कहा कि कुछ दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति भवन पर भी समय नहीं देने को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। प्रतुल ने कहा कि आडवाणी को भारत रत्न देते समय किसी प्रकार का प्रोटोकॉल नहीं तोड़ा गया। उल्टे वयोवृद्ध हो चुके 96 वर्ष के आडवाणी को व्हीलचेयर से



राष्ट्रपति भवन ले जाने की बात कर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी ओछी मानसिकता दिखा दी है।

**सोनिया के सामने पीएम मनमोहन सिंह खड़े रहते थे :** प्रतुल ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला को देश की राष्ट्रपति बनाने का श्रेय श्री नरेंद्र मोदी को जाता है। आदर्श और मयार्दा के ऊपर झामुमो हमें लेक्चर ना दें। यह वही कांग्रेस पार्टी के साथ है, जिसके शासन काल में देश का प्रधानमंत्री खड़ा रहता थे और सोनिया गांधी बैठी हुई रहती थी। जिनके समय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा लाया गए कानून को राहुल गांधी ने फाड़कर फेंक देते थे झामुमो की सहयोगी कांग्रेस पार्टी में कई बार यह देखा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोनिया और राहुल के सामने बैठने का अधिकार भी नहीं है।

**हेमंत पार्ट 1 व 2 में सिर्फ भ्रष्टाचार :** प्रतुल ने कहा कि इसके उलट हेमंत सरकार पार्ट वन और पार्ट 2 सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार के कारण देश में जानी गई। 70,000 करोड़ का घपला, घोटाले का आरोप लगा। देश के इतिहास में पहली बार एक मुख्यमंत्री 40 घंटे तक फरार रहा। आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार सिर्फ

### भाजपा ने विधानसभा प्रभारी किया नियुक्त

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने लोकसभा अनुसार विधान सभा प्रभारियों की जारी किए सूची कर दिया है। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने सूची जारी की है। निर्वतमान सांसद सुनील सोरेन को राजमहल, चतरा के सांसद सुनील सिंह को गिरिडीह का,राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा को हटिया , पूर्व सांसद रवींद्र राय को खूंटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनके आलावा की पूर्व विधायक और जिला अध्यक्षों को भी विभिन्न विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

# भाजपा ही भ्रष्टाचार की जननी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को एनडीए की बैठक हुई।



बैठक के बाद कुछ बातें सामने आई हैं। बैठक में भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी का यह कहना कि इस बार का लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचारियों के खिलाफ होगा। यह अपने आप में एक बहुत बड़ा झूठ है। उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेयी को शायद नहीं पता कि भाजपा ही भ्रष्टाचार की जननी है।

उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायरल फोटो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से आदिवासी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और आडवाणी के सामने खड़े दिख रहे हैं, यह उनके पद का और लोकतंत्र का अपमान है। भारत रत्न का सम्मान लेने के लिए जब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव एवं कपूरी ठाकुर के बेटे आ सकते हैं, तो फिर लालकृष्ण आडवाणी के घर से भी किसी को क्यों नहीं बुला कर भारत रत्न का सम्मान दिया गया। उनके घर पर राष्ट्रपति को क्यों भेजा गया। इस पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेने की जरूरत है।भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक भ्रष्टाचार है। लोकतंत्र पर इतना बड़ा राजनीतिक भ्रष्टाचार आज तक नहीं हुआ था। उन्होंने रघुवर दास का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी पार्टी के नेता को बचाने को लिए एक गरिमामय पद दे कर उन्हें राज्य से बाहर भेज दिया, ताकि उन पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग हाथ ना डाल सके।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी हैं, इसलिए आज जेल में बंद है। इसका मतलब यह है कि जिसके खिलाफ सबूत नहीं है, वह (हेमंत सोरेन) जेल में बंद है और जिसके खिलाफ पर्याप्त सबूत है, वह राजभवन में बैठे हुए हैं।

# निर्वाचन अवधि में अवैध शराब और मादक पदार्थों के मामलों में बरतें सख्ती : रवि कुमार

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए जरूरी है कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के मामलों पर पूरी सख्ती से त्वरित कार्रवाई की जाए। इससे शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने में सहूलियत होगी। वे मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित विषयों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उत्पाद अधीक्षक द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाई की जिलावार समीक्षा कर रहे थे। रवि कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर सख्ती बरतें और इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी



कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कहा कि शराब एवं मादक पदार्थों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर्स एवं अन्य आरोपितों का प्रोफाइल के साथ डाटाबेस तैयार करते हुए इसके तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शराब एवं मादक पदार्थ चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न करें। इसके लिए सभी चिह्नित एवं संभावित स्थानों पर छापेमारी तेज कर दें और आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने रिटेलर के पास अधिक मात्रा में प्रारंभिक स्टॉक, खरीद-बिक्री एवं अंतिम स्टॉक की जांच करने, चेक पोस्टों द्वारा अधिक मात्रा में जब्त की गई, अवैध शराब की मात्रा व मूल्य आदि का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने पदाधिकारियों को अवैध शराब की मात्रा एवं उसके मूल्य का आकलन आवश्यक रूप से करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद दर्ज किए गए मामलों एवं गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में विषाक्त शराब से हुई मौतों के मामलों को रेखांकित करते हुए पूरी संजीदगी से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण एवं बिक्री के नियंत्रण के दौरान दायर किए गए मामलों एवं आरोपितों के विरुद्ध चल रही कार्रवाइयों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतते हुए शराब एवं मादक पदार्थों के भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए हरेक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ नेहा अरोड़ा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**भारत को अराजकता में झोंकना चाहती है...**

गिरफ्तार कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के सीमावर्ती गांवों को भी देश का आखिरी गांव मानकर वहां विकास करना बंद कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सीमा किनारे बसे गांवों को देश का प्रथम गांव माना है, वहां तेज गति से विकास किया है।

**कांग्रेस की सरकार रहती तो पूर्व सैनिकों को नहीं मिल पाती वन रैंक-वन पेंशन :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार रहती तो आज पूर्व सैनिकों को वन रैंक-वन पेंशन नहीं मिल पाती, लेकिन मोदी ने सैनिक परिवारों को गारंटी दी थी और इसे पूरा करके दिखाया। आज देशभर के सैनिक परिवारों को ओआरओपी के एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिल चुके हैं।

**भाजपा कार्यकर्ता 6 अप्रैल को बूथ...**

मोदी ने कहा कि बिहार ने वो भी दौर देखा है जब महिलाओं को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल होता था, लेकिन एनडीए की शासन में बिहार में कानून व्यवस्था का राज कायम हुआ और विकास योजनाओं का प्रभाव दिखने लगा। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों से देश में एक ऐसी सरकार है, जो नारीशक्ति की शक्ति बढ़ाने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिए बिना मोदी ने कहा कि मैं तो शक्ति की पूजा करता हूं, दूसरी ओर इंडी अलायंस के लोग कहते हैं कि वो शक्ति का विनाश करेंगे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर हमलावर मोदी ने कहा कि पहले एक प्रधानमंत्री कहते थे कि दिल्ली से एक रुपये भेजते हैं तो गांव-गांव जाते-जाते सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते हैं, बीच में 85 पैसे गायब हो जाते थे। अब हमारी सरकार डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजती है, जिससे पूरा का पूरा पैसा लाभार्थी के खाते में पहुंच जाते हैं, अब एक पैसे का घपला नहीं होता।

**कोर्ट ने निगम के जवाब पर...**

में ट्रैफिक सिस्टम बेहतर हुआ है और ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की रकम भी बढ़ाई गई है। शहर में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस वजह से जाम की समस्या रहती है। दिसंबर 2024 तक फ्लाईओवर का काम पूरा होने के बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। कोर्ट ने नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जाहिर की और ट्रैफिक एसपी को इन सवालों पर जवाब बुधवार को देने को कहा है।

**राहुल गांधी आ वायनाड से...**

में कुछ भी काम नहीं करने का आरोप लगाया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी इंडिया ब्लॉक की पार्टी सीपीआई की एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी पर तंज किया है। गौरतलब है कि 2019 के चुनावों में, राहुल गांधी ने 4.31 लाख वोटों के अंतर के साथ जीत हासिल की थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com








## एक नजर

### स्थानों के नाम बदलने के प्रयास निरर्थक, भारत ने चीन से स्पष्ट कहा अरुणाचल अभिन्न अंग

**नई दिल्ली।** भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर दावे के एक और चीन के प्रयास का सिरे से खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के चीनी नाम रखने को भारत ने निरर्थक प्रयास बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के अपने निरर्थक प्रयासों को जारी रखा है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। मनगढ़ंत नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है, था और हमेशा रहेगा।

### भाजपा ने ओडिशा विस चुनाव के लिए जारी की 112 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ओडिशा विस चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में 112 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। ओडिशा में विधानसभा की 147 सीटें हैं। पिछले चुनावों में भाजपा को 23 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा राज्य में अकेले विस और लोस चुनाव लड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पहले भाजपा और बीजू जनता दल के गठबंधन की चर्चा थी लेकिन आखिरी समय में मामला अटक गया। मंगलवार को भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी ओडिशा विस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें 112 उम्मीदवारों के नाम शामिल है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया। इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने आरक्षित सीटों पर निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर प्रांतीय सरकार के साथ गतिरोध के कारण चुनाव स्थगित करने की याचिका दायर की गई। इसके बाद आयोग ने यह घोषणा की। फिलहाल नेशनल असेंबली और दो प्रांतीय विधानसभाओं में सीनेट की रिक्त सीटों के लिए मतदान चल रहा है। नेशनल असेंबली, पंजाब असेंबली और सिंध असेंबली में मतदान सुबह 9 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे खत्म हो गया। बलूचिस्तान में सभी 11 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।

### इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत

**तेल अवीव।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में कथित तौर पर इजरायली हवाई हमले में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत हो गई। मृतक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के एक वरिष्ठ जनरल थे।

### पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा ने छोड़ी कांग्रेस, होंगे बीजेडी में शामिल

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। केंद्रपाड़ा जिले के कांग्रेस के दिग्गज नेता ने ओडिशा कांग्रेस प्रमुख शरत पटनायक को अपना इस्तीफा भेज दिया है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बेहरा ने कहा, मेरा लक्ष्य चुनाव जीतकर राज्य विस में जाना है ताकि मैं केंद्रपाड़ा के हित के लिए लड़ सकूं। मैंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि मैं पार्टी में रहकर काम नहीं कर पा रहा था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्हें बीजेडी और भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों से शामिल होने के प्रस्ताव मिल रहे हैं।

# कार्गो प्रबंधन के मामले में पारादीप बंदरगाह देश के प्रमुख बंदरगाहों में शीर्ष पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (पीपीए) 145.38 एमएमटी कार्गो प्रबंधन की रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। यह दीनदयाल पोर्ट, कांडला को पीछे छोड़ सबसे अधिक कार्गो हैंडलिंग करने वाले देश के प्रमुख बंदरगाह के रूप में उभरा है। पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (पीपीए) ने अपने परिचालन के 56 वर्षों के इतिहास में पहली बार दीनदयाल बंदरगाह द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पारादीप बंदरगाह ने साल-दर-साल के आधार पर 10.02 मिलियन मीट्रिक टन (7.4 प्रतिशत) यातायात की वृद्धि दर्ज की है। पारादीप बंदरगाह का ग्रीन अमोनिया और ग्रीन हाइड्रोजन को संभालने के लिए एक विशेष बर्थ विकसित करने का भी लक्ष्य है, जिससे यह देश का हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन जाएगा।



पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने 0.76 मिलियन मीट्रिक टन वृद्धि के साथ 59.19 मिलियन मीट्रिक टन का अब तक का अधिकतम तटीय नौ-वहन यातायात हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.30 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से थर्मल कोयला तटीय नौवहन 43.97 मिलियन मीट्रिक टन यानी पिछले वर्ष की कार्गो हैंडलिंग की तुलना में 4.02 प्रतिशत अधिक तक पहुंच गया है। इस प्रकार से पारादीप बंदरगाह देश में तटीय नौ-वहन के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि पारादीप बंदरगाह अपनी बर्थ उत्पादकता को पिछले वित्तीय वर्ष के 31050 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 33014 मीट्रिक टन करने में सक्षम रहा है। इस प्रकार इस दिशा में 6.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पारादीप बंदरगाह द्वारा हासिल की गई बर्थ उत्पादकता देश के सभी बंदरगाहों में सबसे अधिक है। वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 21,665 रेक को संभाला है। बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2710 जहाजों को संभाला है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि आज तक 80 प्रतिशत बर्थ को मशीनीकृत कर चुके पारादीप बंदरगाह की मौजूदा 4 अर्ध-मशीनीकृत बर्थों के मशीनीकरण के साथ 2030 तक शत प्रतिशत मशीनीकृत बन जाने की योजना है। बंदरगाह ने अन्य 4 बर्थ जोड़ने की भी योजना बनाई है, जिसके लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ही अपेक्षित मंजूरी ले ली जाएगी।

गौरतलब है कि पारादीप बंदरगाह रेल और सड़क यातायात की सर्फेस क्रॉसिंग से बचने के लिए अपने परिसर के भीतर 150 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़क फ्लाईओवर चालू करके कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बना रहा है। इससे बंदरगाह सड़क यातायात को निर्बाध रूप से संभालने में सक्षम हो जाएगा।

बंदरगाह के नेतृत्व में औद्योगीकरण की पहल के अंतर्गत इस बंदरगाह ने विभिन्न उद्योगों को 769 एकड़ भूमि आवंटित की है, जिससे 8700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्राप्त होगा और इस प्रकार बंदरगाह पर 50 मिलियन मीट्रिक टन यातायात आएगा। पारादीप बंदरगाह ने हरियाली के लिए पिछले वर्ष 2 लाख पौधे लगाए हैं और वर्ष 2025 तक 1 मिलियन पौधरोपण तक पहुंचने की उम्मीद है।

इसके अलावा बंदरगाह ने अपने परिचालन को पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित करने के लिए 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित करने की भी योजना बनाई है। यह बंदरगाह अपने यहां एलएनजी और सीएनजी डिपो स्थापित करके हरित ईंधन स्टेशन बनाने की भी योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि पारादीप बंदरगाह का ग्रीन अमोनिया और ग्रीन हाइड्रोजन को संभालने के लिए एक विशेष बर्थ विकसित करने का भी लक्ष्य है, जिससे यह देश का हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन जाएगा। यह बंदरगाह आईआईटी, चेन्नई के सहयोग से नवीनतम पोत यातायात प्रबंधन सूचना प्रणाली के साथ एक अत्याधुनिक सिग्नल स्टेशन विकसित कर रहा है। इससे सुरक्षा में सुधार के अलावा, जहाज प्रबंधन और समुद्री परिचालन में काफी सुधार आएगा।

### बंगाल में चुनाव के लिए विशेष पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त हुए सेवानिवृत्त आईपीएस अनिल शर्मा

# पश्चिम बंगाल समेत 6 राज्यों में विशेष और पुलिस पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्त

**एजेंसी। कोलकाता**

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव पर नजर रखने के लिए पश्चिम बंगाल समेत छह राज्यों में दो तरह के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है- विशेष पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षक। आयोग ने मंगलवार को सर्कुलर प्रकाशित कर इसकी घोषणा की। पश्चिम बंगाल के अलावा, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है।




आयोग ने सेवानिवृत्त आईपीएस अनिलकुमार शर्मा को बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आयोग आमतौर पर चुनावों के दौरान राज्यों में विशेष पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है। वह 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान एक विशेष पुलिस पर्यवेक्षक थे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के एक वर्ग का मानना है कि इस पूर्व आईपीएस के अनुभव को देखते हुए लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय चुनाव आयोग बंगाल के विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, गिरफ्तारी या धन बरामदगी के बारे में जानकारी एकत्र कर रहा है। विशेष पुलिस पर्यवेक्षक का मुख्य कार्य इसका विश्लेषण कर आवश्यक कदमों की सिफारिश करना है। इसके अलावा सेवानिवृत्त आईएएस आलोक सिन्हा को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### तिहाड़ में मुख्यमंत्री केजरीवाल की गुजरी बेचैनी भरी रात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम केजरीवाल जेल में हैं। दिल्ली की तिहाड़ जेल नंबर-2 में बंद सीएम केजरीवाल की सेल में बेचैनी भरी पहली रात गुजरी। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेल नंबर-2 पर सुरक्षाकर्मियों का लगातार कड़ा पहरा रहता है। जरूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) हस्तक्षेप करने के लिए तैयार रहते हैं। कैदियों पर नजर रखने के लिए 650 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सीएम केजरीवाल ने सीमेंट के एक प्लेटफॉर्म पर आराम करते हुए कुछ समय बिताया और देर रात उन्हें अपने सेल में टहलते हुए देखा गया।

## मुरैना में रेलवे का अनुपयोगी पुल ढहा, पांच मजदूर घायल

**एजेंसी। मुरैना**


मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में नेरोगेज रेलवे लाइन का क्वांरी नदी पर बना अनुपयोगी पुल मंगलवार की सुबह ढह गया। मलबे के नीचे पांच मजदूर दब गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुरैना जिले के जौरा के पास नेरोगेज रेल लाइन का पुल है। यह पुल क्वांरी नदी पर बना हुआ है। लंबे अरसे से अनुपयोगी है और इसे ध्वस्त करने का काम एक ठेकेदार को दिया गया है। मंगलवार की सुबह इस पुल को ध्वस्त किए जाने के काम में मजदूर लगे हुए थे। तभी यह अचानक ढह गया जिसके मलबे के नीचे मजदूर दब गए। इस हादसे में पांच मजदूर घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने आईएएनएस को बताया कि इस हादसे में जो भी मजदूर घायल हुए हैं उन्हें रेलवे प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।



# सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह को जमानत

**चुनाव प्रचार भी कर सकेंगे**

**जमानत की शर्तें लोअर कोर्ट तय करेगा**



**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस पीबी वारले की पीठ ने ईडी के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि ईडी हमें यह बताइए कि क्या संजय सिंह (आम आदमी पार्टी - राज्य सभा सांसद) को अभी भी कस्टडी में रखे जाने की जरूरत है? वो 6 महीने से जेल में हैं। संजय सिंह के पास से अभी तक को पैसा बरामद नहीं किया गया है। 2 करोड़ की घूस लेने के मामले में भी ट्रायल के दौरान उनसे पूछताछ हुई है। हम दो बजे फैसला देंगे। इधर संजय सिंह के वकील ने कहा कि ईडी की कस्टडी में लंबा समय गुजर गया है और इस मामले में मेरा कोई रोल नहीं निकला है।

इसके बाद 2 बजे दोबारा सुनवाई शुरू हुई तो ईडी ने कहा कि हमें बेल पर कोई ऐतराज नहीं है। जिसके बाद सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने संजय सिंह को जमानत दे दी। मालूम हो कि ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसी को लेकर 4 अक्टूबर को ईडी उनके आवास पर गयी थी और उनसे 10 घंटे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर ली थी। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई को जारी की गई थी। जिसमें आप सांसद राघव चड्ढा का भी आया था। लेकिन चड्ढा को आरोपी नहीं बनाया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि जमानत की शर्तें लोअर कोर्ट तय करेंगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'जब तक मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता तब तक संजय सिंह बाहर रहकर राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।' ऐसे में अब यदि लोअर कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद यदि संजय सिंह को दोषी ठहराया, तभी उनकी गिरफ्तारी होगी।

### कोर कमेटी की बैठक में विस और संसदीय क्षेत्रों के स्तर पर समन्वय समिति बनाने का निर्देश

# बीजेपी-जेडीएस एकजुट होकर करें काम : अमित शाह

**एजेंसी। बेंगलुरु**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां भाजपा और जद(एस) नेताओं की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। सूत्रों ने बताया कि अमित शाह ने भाजपा और जद(एस) नेताओं से राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए एकजुट होकर काम करने को कहा। उन्होंने नेताओं से कांग्रेस को हराने के लिए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाने का आह्वान किया। बैठक में भजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा, पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और जद (एस) के प्रमुख नेता शामिल हुए। एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि बैठक में उन्होंने रणनीतियों को लेकर जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा, अमित शाह से मुलाकात से राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश आया है। केंद्रीय मंत्री ने कुमारस्वामी के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। हाल ही में उनकी हृदय की सर्जरी हुई थी। बैठक के बाद जद (एस) कोर कमेटी के प्रमुख जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा कि अमित शाह ने जद (एस) नेताओं द्वारा उठाए गए हर मुद्दे को सुना। राज्य की हर लोकसभा सीट पर चर्चा की गई है और अमित शाह ने हर मुद्दे का समाधान सुझाया। अमित शाह ने बैठक में कहा कि सभी 28 संसदीय सीटों पर जद (एस) और भाजपा कार्यकर्ता एक समान हैं। हमारा मकसद कांग्रेस पार्टी को हराना है।



गौड़ा ने कहा, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों के स्तर पर समन्वय समिति बनाने का निर्देश दिया गया है। मांड्या की मौजूदा निर्दलीय सांसद की ओर से पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी की यहां से उम्मीदवारी का कोई विरोध नहीं है। वह बुधवार को मांड्या में इस संबंध में घोषणा करेंगी। हासन में भी कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा और जद(एस) कार्यकर्ता हर दरवाजे तक पहुंचेंगे। पूर्व मंत्री और जद (एस) के वरिष्ठ नेता एस.आर. महेश ने कहा कि बैठक में अमित शाह ने सुझाव दिया कि दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने रोड शो और सार्वजनिक रैलियां आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

# सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में देश की सुरक्षा स्थिति व चुनौतियों पर हुआ मंथन

### रक्षा मंत्री ने आतंकवाद से लड़ने में सेना की शानदार भूमिका पर चर्चा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में आखिरी दिन मंगलवार को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी की। उन्होंने हर जरूरत के समय नागरिक प्रशासन को सहायता देने के अलावा देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना की शानदार भूमिका पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सेना सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में मौजूद है। सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू हुआ था। उसके बाद 01-02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में हुए सम्मेलन में सैन्य कमांडरों ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन किया। सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया गया। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत भी की गई। सम्मेलन में शीर्ष नेतृत्व ने सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया।



कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं पर स्थिति, भीतरी इलाकों और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। इसके अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, लॉजिस्टिक्स, प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को शामिल करने और विभिन्न मौजूदा वैश्विक स्थितियों के प्रभाव के आकलन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल किये गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन में उपस्थित होने पर अपनी खुशी दोहराई और राष्ट्र की 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टि को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सैन्य नेतृत्व को सराहा। उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने पर भारतीय सेना के दृष्टिकोण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना की राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समग्र राष्ट्रीय विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। इसलिए सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

# 19 अप्रैल के चुनाव के लिए वोट मांगने को शहर भर में बैनर-पोस्टर नहीं चिपकाएंगे : गडकरी

**प्रचार की राजनीति से नफरत है**

**अपना डमरू खुद नहीं बजाते**

**नितिन गडकरी के इस कहे की हो रही चर्चा**

**वोट मांगने के लिए अपने क्षेत्र में पोस्टर बैनर नहीं लगवाएंगे**

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का एक साक्षात्कार फिर चर्चा में आ गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनको प्रचार की राजनीति से नफरत है। वह अपना डमरू खुद नहीं बजाते। जो मोदी से डरते हैं, मेरे कंधे पर बंदूक रखकर चलाते हैं। इसके अलावा उन्होंने नागपुर में रोड शो करके चुनाव अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि शहर को साफ सुथरा व प्रदूषण मुक्त बनाएंगे। गडकरी ने यह भी कहा कि इस बार जनता की प्यार के बदौलत नागपुर लोकसभा सीट से कम से कम पांच लाख वोट के अंतर से जीत दर्ज करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह 19 अप्रैल के चुनाव के लिए वोट मांगने के लिए शहर भर में बैनर और पोस्टर नहीं चिपकाएंगे। मतदाताओं के साथ दिल से दिल और घर-घर बातचीत का रास्ता अपनाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मैं प्रचार के सिद्धांतों का पालन करूंगा और लोगों तक पहुंच बनाकर उनका आशीर्वाद मांगूंगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं से उनके घर पर जाकर मुलाकात की और उनके पैरों को छूकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि लोग मेरे पिछले 10 साल के काम से काफी परिचित हैं और जानते हैं कि पिछले 10 साल में मेरा कार्यकाल कैसा रहा है। गडकरी ने 2014 के चुनाव में सात बार के लोकसभा सदस्य और कांग्रेस नेता विलास मुत्तेमवार को लगभग 2.85 लाख वोटों के अंतर से हराया था। 2019 के लोकसभा इलेक्शन में गडकरी को कुल वोटों का 55.67 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन तब महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के विरूद्ध उनकी जीत का अंतर 2.15 लाख वोट था। इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी कड़ी टक्कर नागपुर शहर कांग्रेस प्रमुख और शहर के पूर्व मेयर विकास ठाकरे से होगा।

